फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 76 संख्याः 251 प्रभात जयपुर, बुधवार 15 अप्रैल, 2026 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



**'Raat Ki Rani' Is Lost But Her Fragrance...**

Nayyar gave Asha her first major break, helping her overcome the 'Lata phobia' by utilizing her strong low register in hits like "Leke Pehla Pehla Pyaar"

**Asha Ji's Connect To Jaipur**

Jaipur saw a rare occasion, when Ashaji came down for a wedding

# महिला आरक्षण विधेयक पारित कराने के लिए भाजपा को भारी विभाजन करना होगा विपक्ष में

## चंद्रबाबू नायडू की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हो गई है

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 14 अप्रैल। मोदी सरकार को महिलाओं के आरक्षण बिल को पारित कराने के लिए विपक्ष में बड़ी दरार डालने की आवश्यकता होगी, क्योंकि उनके पास बिल पारित करने के लिए आवश्यक दो-तिहाई बहुमत नहीं है।

- **जैसा प्रचारित है कि भारत के राज्य बहुत विचलित हैं, परिसीमन की प्रस्तावित प्रक्रिया से, क्योंकि, उत्तर भारत की सीटों की संख्या बहुत बढ़ जाएगी तथा दक्षिण भारत के राज्यों का राजनीतिक महत्व घट जाएगा, क्योंकि इन राज्यों की सीटें वर्तमान संख्या से कम हो जाएंगी।**
- **चंद्रबाबू नायडू दक्षिण भारत की जनभावना से जुड़ेंगे, पर, एनडीए का हिस्सा होने के कारण भाजपा का साथ देंगे, परिसीमन प्रक्रिया का समर्थन करेंगे।**

बिल पारित करने के लिये 364 मत चाहिये, जबकि सत्तारुढ़ गठबंधन का संख्या बल 293 तथा विपक्षी सदस्य 240 है। अन्य सदस्य 11 है तता एक सीट खाली है।

विपक्ष के नेताओं की एक बैठक कल दोपहर 3 बजे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के निवास, 10 राजाजी मार्ग पर बुलाई गई है।

विपक्ष इस बैठक में तीन दिवसीय विशेष सत्र (16 से 18 अप्रैल) के दौरान सरकार के खिलाफ महिलाओं के आरक्षण बिल पर विचार -मंथन एवं रणनीति तय करेगा।

विपक्ष यह तर्क दे रहा है कि सरकार द्वारा प्रस्तावित सीटों में वृद्धि अवैज्ञानिक और मनमानी भरा प्रयास है।

इसके साथ ही, वे आरोप लगा रहे हैं कि सरकार ओबीसी महिलाओं को उनके अधिकार से वंचित करने की कोशिश कर रही है, क्योंकि कोई जाति जनगणना नहीं हुई है और सरकार वास्तविक और उचित जाति डेटा के बिना परिसीमन (डीलिमिटेशन) करने का प्रस्ताव रख रही है।

मीटिंग में सभी विपक्षी दलों को आमंत्रित किया गया है, और अधिकांश के आने की उम्मीद है, विशेष रूप से दक्षिण भारत की पार्टियों से।

यहाँ एक बड़ा सवाल चंद्रबाबू नायडू की भूमिका को लेकर है, जो एनडीए में भाजपा के गठबंधन सहयोगी हैं।

देखना यह है कि क्या नायडू विपक्ष का साथ देंगे, खासकर इस स्थिति में, जब दक्षिण भारत में सरकार द्वारा दक्षिण को हाशिए पर रखने के तरीके से काफी गुस्सा है।

चंद्रबाबू को अपने और अपने दल के राजनीतिक भविष्य के बारे में भी सोचना होगा।

विपक्ष के नेताओं में इस बात को लेकर गहरी नाराजगी है कि सरकार ने महिलाओं के आरक्षण बिल को आज सदस्यों को भेजा है, जिससे उन्हें बिल का विस्तार से अध्ययन करने का समय नहीं मिला।

विपक्ष इसे अनुचित (मैलाफाइड) बता रहा है और कह रहा है कि इसका उद्देश्य लोकसभा को रबर स्टाम्प में बदलना है, बजाय इसके कि सांसद अपने विचारों को उचित अध्ययन के बाद व्यक्त करें।

विपक्ष संभवतः राज्यसभा में उपाध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार पर भी चर्चा करेगा।

आरजेडी सांसद मनोज झा का नाम इस पद के लिए चल रहा है, क्योंकि उनके पास काम को संभालने का ज्ञान और सम्मान, दोनों हैं।

लोकसभा में पिछले कई वर्षों से उपसभापति नहीं है, और इससे सदन में समस्याएँ पैदा हुई हैं, जैसा कि तब सामने आया, जब सभापति ओम बिड़ला अविश्वास प्रस्ताव के परिणाम का इंतजार करते हुए, सदन की अध्यक्षता नहीं कर रहे थे।

# ट्रंप ने मोदी को फोन किया

नई दिल्ली, 14 अप्रैल। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के बीच आज मंगलवार की शाम को लगभग 40 मिनट तक फोन पर बातचीत हुई। इस दौरान पश्चिम एशिया संकट, स्ट्रेट ऑफ होर्मुज समेत, कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई है। सीजफायर और अमेरिका-ईरान के बीच वार्ता विफल होने के बाद, यह दोनों नेताओं की पहली बातचीत है।

पीएम मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के साथ हुई बातचीत के बारे में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी शेयर की है। पीएम मोदी ने लिखा, मेरे मित्र, राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप का फोन आया। हमने विभिन्न क्षेत्रों में अपने द्विपक्षीय सहयोग में हुई उल्लेखनीय प्रगति की समीक्षा की।

- **पश्चिम एशिया, होर्मुज़ आदि विषयों पर 40 मिनट बात की।**

पीएम मोदी और डॉनल्ड ट्रंप के बीच हुई बातचीत पर भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने कहा कि भारत और अमेरिका के संबंध मजबूत आधार पर टिके हैं।

इस बातचीत की जानकारी देते हुए गोर ने बताया कि ट्रंप ने पीएम मोदी से कहा, मैं बस आपको यह बताना चाहता हूं कि हम सभी आपसे बहुत प्यार करते हैं। अमेरिका और ईरान के बीच सीजफायर के बाद पहली बार ट्रंप और

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अमेरिका-ईरान "फेल्ड" वार्ता पुनः शुरु होगी गुरुवार को?

## सूत्रों के अनुसार, पर, अभी यह तय नहीं हुआ है कि वार्ता कहाँ होगी, इस्लामाबाद में या जिनेवा में

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 14 अप्रेल। संयुक्त राज्य अमेरिका और ईरान के बीच रविवार को इस्लामाबाद में 21 घंटे की आमने-सामने की वार्ता हुई, जो कोई समझौता हुए बिना ही खत्म हो गई, जिससे दो सप्ताह की नाज़ुक युद्धविराम की स्थिति अभी भी अनिश्चित बनी हुई है।

- **ट्रंप ने मीडिया को बताया कि दूसरी पार्टी (ईरान) ने उनसे सम्पर्क किया है कि वे एक "डील" (सौदा) करना चाहते हैं, हमसे।**
- **अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वैंस ने कहा, ईरान उनके दिशा में मुड़ा है, पर, पूरी तरह से नहीं, अतः वार्ता टूटी थी।**
- **वैंस के अनुसार, जब वार्ता टूटी थी उससे पहले पूरी आशा बनी थी कि दोनों पार्टियों के बीच समझौता हो जाने वाला है, पर, अचानक कुछ बदल गया और वार्ता "फेल" हो गई।**

इस्लामाबाद वार्ता विफल होने के बाद, अमेरिका और ईरान के बीच नई वार्ता का दौर गुरुवार को हो सकता है, इससे पहले कि दोनों युद्धरत देशों के बीच दो सप्ताह का युद्धविराम समाप्त हो। अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प ने जल्द ही व्यक्तिगत वार्ता फिर से शुरू करने की इच्छा जताई है, बशर्ते उन्हें लगे कि तेहरान उनकी मांगों के अनुसार तैयार है।

अमेरिकन अफसर व एक राजनयिक ने कहा, यह स्पष्ट नहीं है कि नई वार्ता में उसी स्तर के प्रतिनिधि उपस्थित होंगे या नहीं। रिपोर्ट के अनुसार, नई वार्ता के लिए इस्लामाबाद और जिनेवा संभावित स्थल हैं।

एसोसिएटेड प्रैस ने कहा, वॉशिंगटन और तेहरान आमने-सामने वार्ता में नए व्यक्तियों को लाने पर विचार कर रहे हैं, ताकि छह सप्ताह के युद्ध को समाप्त करने का समझौता किया जा सके, इससे पहले कि युद्धिविराम 21 अप्रैल को समाप्त हो।

तीन स्रोतों ने अमेरिकी एजेंसी को बताया कि नई वार्ता के बारे में अभी भी मंत्रणा चल रही है, जबकि एक मध्यस्थ देश के राजनयिक ने आगे आकर कहा कि तेहरान और वॉशिंगटन इस पर सहमत हो गए हैं।

एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि जगह और समय अभी तय नहीं हुआ है, लेकिन वार्ता गुरुवार को हो सकती है।

जब ट्रम्प ने सोमवार को पत्रकारों से कहा कि "हमें दूसरी तरफ से बुलाया गया है और वे एक समझौते पर काम करना चाहते हैं," इसके बाद यह बयान आया।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# आरजी कर पीड़िता की माँ को जिताने के लिए पूरी ताकत झोंकी भाजपा ने

## भाजपा ने कोलकाता की समीपवर्ती पनिहाटी सीट से आरजी कर अस्पताल में दुष्कर्म व हत्या की शिकार पीड़िता की माँ रत्ना देबनाथ को टिकट दिया है

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 14 अप्रैल। पनिहाटी विधानसभा क्षेत्र, जो उत्तर 24 परगना जिले का हिस्सा है, कोलकाता से थोड़ी दूरी पर स्थित है। यहीं से भाजपा ने उस महिला डॉक्टर की माँ रत्ना देबनाथ को मैदान में उतारा है, जिनके साथ लगभग दो साल पहले आरजी कर अस्पताल में बलात्कार हुआ और उनकी जघन्य हत्या कर दी गई थी। जिसने राज्य को गुस्से से भर दिया था और ममता बनर्जी सरकार के खिलाफ व्यापक आक्रोश पैदा हो गया था।

- **रत्ना देबनाथ का कहना है, उन्होंने भाजपा को चिट्ठी लिखकर चुनाव लड़ने की इच्छा जताई थी और उनकी यह जीत उनकी मृत बेटी व राज्य की सभी महिलाओं की जीत होगी।**
- **भाजपा इस चुनाव को बहुत महत्व दे रही है, यहाँ से भाजपा नेता स्मृति ईरानी ने मोर्चा संभाल रखा है, वे नामांकन भरने के समय भी रत्ना देबनाथ के साथ थीं।**

रत्ना देबनाथ एक सामान्य महिला हैं, जिनका राजनीति से कोई पूर्व संबंध नहीं है। फिर भी अब वे चुनाव मैदान में हैं। भाजपा ने उनके पीछे पूरी ताकत लगा दी है, जिसका संकेत अप्रैल 9 को नामांकन दाखिल करने के समय पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की मौजूदगी से भी मिलता है।

स्मृति ईरानी के माध्यम से, भाजपा महिला मतदाताओं को एकजुट करने का काम जोर-शोर से कर रही है। पूर्व मंत्री बंगाली भाषा में निपुण हैं और बंगाल में अपने चुनावी भाषण केवल इसी भाषा में दे रही हैं।

जब उनसे पूछा गया कि क्या भाजपा ने उन्हें टिकट देने के लिए संपर्क

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सम्राट चौधरी आज मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे

पटना, 14 अप्रैल। बिहार में राजनीतिक बदलाव के बीच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और एनडीए ने नई सरकार गठन का दावा राज्यपाल के समक्ष पेश कर दिया है। भाजपा विधायक दल और राजग विधानमंडल दल के नेता चुने जाने के बाद उपमुख्यमंत्री सम्राट

- **बुधवार 15 अप्रेल को सुबह 11 बजे शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया है।**

चौधरी को राज्य का अगला मुख्यमंत्री बनाए जाने की प्रक्रिया औपचारिक रूप से आगे बढ़ गई है।

मंगलवार शाम एनडीए के शीर्ष नेतृत्व के साथ सम्राट चौधरी ने राजभवन पहुंचकर राज्यपाल सैयद अता हसनैन से मुलाकात की और सरकार गठन का दावा प्रस्तुत किया। राज्यपाल ने इस दावे को स्वीकार कर लिया है। 15 अप्रैल (बुधवार) सुबह

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# नीतीश के बाद बिहार में क्या कोई भारी बदलाव होगा?

## इस सवाल के मूल में है कि जेडी (यू) की सीटें भाजपा से 4 ही कम है और फिलहाल जेडी (यू) नीतीश के पक्ष में एकजुट है

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 14 अप्रैल।

पचास साल से ज्यादा के इंतजार के बाद, बिहार के राजनीतिक इतिहास में पहली बार भाजपा का उम्मीदवार बिहार में मुख्यमंत्री बनेगा, जब सम्राट चौधरी बुधवार को इस सर्वोच्च पद की शपथ लेंगे। जनसंघ, जो भाजपा का पुराना स्वरूप था, ने 1962 में पहली बार तीन विधानसभा सीटें जीती थीं।

लगभग दो दशक तक सत्ता में रहने के बाद, नीतीश कुमार ने आज अपना इस्तीफा सौंप दिया। नई सरकार अभी भी गठबंधन सरकार होगी, लेकिन इस बार इसका नेतृत्व भाजपा के उम्मीदवार के हाथ में होगा। सवाल यह है कि बिहार की राजनीति में क्या बदलाव आएंगे?

नीतीश कुमार ने, अपनी अवसरवादी राजनीति के बावजूद, अच्छे शासन का एक मॉडल स्थापित किया और ऐसा भी देखा गया कि उन्होंने भाजपा को कठोर हिन्दुत्व राजनीति अपनाने से रोका। अब, एनडीए गठबंधन के मुख्य साझेदार के रूप में,

- **इसलिए जानकारों की माने तो फिलहाल तो भाजपा नीतीश स्टाइल की ही "सोशल वैलफेयर" नीति पर ही चलेगी। हालांकि अपना जनाधार बढ़ाने की कोशिश अवश्य करेगी।**
- **इसके अलावा बिहार में समाजवादी सोच की जड़ें बहुत गहरी है, जिससे एकाएक हटाना संभव नहीं है।**
- **तीसरी महत्वपूर्ण बात यह है कि नीतीश कुमार का "एक्स्ट्रीमली बैकवर्ड क्लास" (ईबीसी) और महिलाओं में बड़ा भारी प्रभाव है और भाजपा इसे कदापि खोना नहीं चाहेगी।**
- **भाजपा के सम्राट चौधरी भले ही बिहार के मुख्यमंत्री बन रहे हैं, पर, जनता में प्रभाव व राजनैतिक अनुभव की बात करें तो सम्राट चौधरी का नीतीश से कोई मेल नहीं है, नीतीश का कद बहुत ऊंचा है।**

क्या भगवा पार्टी 'बुलडोजर राजनीति', 'एंटी-रोमियो अभियान' या 'लव जिहाद' जैसे कदमों के जरिए हिन्दुत्व अभियान को तेज़ करेगी?

क्या भाजपा के जातिगत समीकरणों और हिन्दुत्व एजेंडे के कारण नीतीश कुमार की सामाजिक कल्याण नीति पीछे हट जाएगी?

बिहार के राजनीतिक पर्यवेक्षकों का कहना है कि भाजपा इस अवसर का उपयोग राज्य में अपने प्रभाव को बढ़ाने के लिए करेगी, लेकिन अपेक्षाकृत इस छोटे कार्यकाल में नीतीश कुमार की राजनीतिक विचारधारा से भटकने की संभावना कम है। इसके कई कारण हैं। पहला, राज्य विधानसभा में जेडीयू की सदस्य संख्या भाजपा से केवल 4 कम है, इसलिए कुमार की पार्टी तुरंत समाप्त नहीं होने वाली।

दूसरे, समाजवादी विचारधारा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# एसआई पेपर लीक के आरोपी को हाई कोर्ट से जमानत मिली

जयपुर, 14 अप्रैल। राजस्थान हाईकोर्ट ने एसआई भर्ती-2021 पेपर लीक मामले में न्यायिक अभिरक्षा में चल रहे आरोपी को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं। जस्टिस चन्द्र प्रकाश श्रीमाली की एकलपीठ ने यह

- **हाई कोर्ट ने आदेश में कहा कि समान आरोप वाले व्यक्ति को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल चुकी है।**

आदेश आरोपी अशोक कुमार की द्वितीय जमानत याचिका को स्वीकार करते हुए दिए। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि पेपर लीक प्रकरण में जो आरोप याचिकाकर्ता पर है, वह समान आरोप उस आरोपी पर भी है, जिसे सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल चुकी है। ऐसे में याचिकाकर्ता को जमानत देना उचित है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अमेरिका, ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम को 20 साल का "फ्रीज़" करवाना चाहता है, तेहरान पाँच साल का "फ्रीज़" पर अड़ा है

## अमेरिका ने शुरु में ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम यूरेनियम को कतई बंद करवाने की शर्त रखी थी, पर, फिर बदलाव आया अमेरिका की सोच में और अमेरिका ने बीस साल तक ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम को "फ्रीज़" करने का प्रस्ताव दिया

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 14 अप्रैल। रिपोर्टों के अनुसार, तेहरान ने यूरेनियम संवर्धन को पांच साल तक निलंबित करने का प्रस्ताव रखा, इस प्रस्ताव को ट्रम्प प्रशासन ने अस्वीकार कर दिया और 20 साल के विराम की मांग कर रहा है।

- **जैसा कि विदित ही है, न्यूक्लियर प्रोग्राम एक सैन्ट्रल मुद्दा था, जिस पर अमेरिका-ईरान वार्ता टूटी थी।**
- **वार्ता टूटने के बाद भी छुटपुट विचारों का आदान-प्रदान जारी रहा तथा ईरान ने अपने न्यूक्लियर प्रोग्राम को पाँच साल तक "फ्रीज़" करने का प्रस्ताव दिया, पर, अमेरिका बीस साल तक "फ्रीज़" रखने पर जोर देता रहा।**
- **पोलिटिकल साइंटिस्ट इयान ब्रेमर का मानना है कि अमेरिका व ईरान संभवतया बारह साल छः महीने की "फ्रीज़" पर एग्रीमैंट करने को रज़ामंद हो जाएंगे। चाहे अमेरिका ने ईरान के बंदरगाहों पर पूर्ण "ब्लॉकेड" करने की घोषणा भी कर दी हो।**

ईरान की परमाणु गतिविधियों को लेकर पाकिस्तान में अमेरिका और ईरान की सप्ताहांत वार्ता का केन्द्रीय मुद्दा थी। वॉशिंगटन ने अपने प्रस्ताव में ईरान के यूरेनियम सवंर्धन पर 20 साल के विराम का प्रस्ताव रखा, लेकिन तेहरान ने कहा कि वह केवल पांच साल तक ही ऐसा कर सकता है, यह जानकारी "द न्यूयॉर्क टाइम्स" और "वाल स्ट्रीट जर्नल" ने दी है।

रिपोर्टों के अनुसार, अमेरिका और ईरान ने इस्लामाबाद वार्ता के दौरान ईरानी परमाणु गतिविधियों के निलंबन पर प्रस्तावों का आदान-प्रदान किया, लेकिन किसी भी समझौते की अवधि पर दोनों पक्ष अभी भी दूर हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स ने दो वरिष्ठ ईरानी अधिकारियों और एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से बताया, तेहरान ने पांच साल तक यूरेनियम संवर्धन निलंबित करने का प्रस्ताव रखा, जिसे ट्रंप प्रशासन ने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के आधार पर याचिकाकर्ता की सुनवाई करे

जयपुर, 14 अप्रैल। राजस्थान हाईकोर्ट ने तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती-2012 के संशोधित परिणाम में अधिक अंक लाने के बावजूद, अभ्यर्थी का चयन नहीं करने के मामले में राज्य सरकार को कहा है कि वह सुप्रीम कोर्ट की ओर से मामले में दिए निर्णय के आधार पर याचिकाकर्ता का अभ्यावेदन

- **शिक्षक भर्ती 2012 के संशोधित परिणाम में अधिक अंक लाने के बाद भी याचिकाकर्ता का चयन नहीं हुआ था।**

तय करे। जस्टिस आनंद शर्मा की एकलपीठ ने ये आदेश सोनम शर्मा की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता विजय

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

CMYK

विचार बिन्दु

जब पैसा बोलता है तब सत्य मौन रहता है। –कहावत

# पोरबंदर में शराब की दुकान : भारत बदल रहा है

भारत बदल रहा है। यह बदलाव हर तरफ नजर आता है। भारत की विशाल आबादी एक बड़ा बाज़ार बन गई है। यह देश दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह सब श्वेत-श्याम सिनेमा से निकल कर रंगीन सिनेमा के युग में जाने की तरह है जिसमें सिर्फ खूबसूरत और रंगीन मनोरंजन दिखाना होता है। अब सरकारें डिजिटल इंफ्लुएंसरों से मनभावन रीलें बनवा कर यह काम करवा रही हे हैं। यह प्रचार पर्यटकों को लुभाने के लिये बनाये जाने वाले रंगीन ब्रोशरों जैसा है, जो जमीनी हक़ीकत से दूर होते हैं। सरकारी दफ्तरों की हम पांच-तारा होटलों जैसी इमारतें बनती पाते हैं जिनमें बाबुओं को अनेक छुट्टियों के बीच के थोड़े से कार्यदिवसों में सिर्फ फ़ाइलें निबटाने के लिये दिन में 10 से पांच बजे तक बैठना होता है, वह भी उनकी मर्जी हो तब। सरकारी स्कूलों का ऐसा भाग्य नहीं है कि उनकी जर्जर इमारतें सुधरे। प्रगति और विकास की ऐसी आभासी दौड़ में यह सवाल पूछे जाने का यही सही वक़्त है कि भारत की सभ्यतागत पहचान का क्या हो रहा है? मौजूदा सरकार जिस विचारधारा से पोषित होकर आई है वह भारतीय सभ्यता और संस्कृति की बड़ी-बड़ी बातें करते नहीं अघाती। किन्तु उसके स्वयंसेवक भी इस आभासी विकास के प्रपंच में ही अपने को चमकाने का प्रयास करते नजर आते हैं। उस विचारधारा के पुरोधा महात्मा गांधी से हमेशा असहमत रहे लेकिन शासन में आने के बाद उन्हें समझ में आया कि भारत को कितना भी बदलने की कोशिश हो यहां गांधी का सत्य हमेशा उपस्थित रहेगा। ऐसे बौद्धिक विचारक जो गांधी को राष्ट्रिपता मानने से इनकार करते रहे हैं, अब दिखावे के लिये उन्हें देश के महापुरुषों की पांत में रखने को तैयार हो रहे हैं। सरकार की प्रचार तस्वीरों में गांधी का चश्मा, और लाठी लिये जा रहे महात्मा की पीठ की आकृति की उपस्थिति यही कुछ कहती है। किन्तु यह सब आभासी है। नया शासन तंत्र वे सारे उपाय कर रहा है जिससे महात्मा गांधी की सत्य की सनातन विरासत ध्वस्त की जा सके। इसका सबसे नया प्रयास गुजरात के पोरबंदर में शराब की दुकान खोलना है। पोरबंदर महात्मा गांधी का जन्म स्थान है जिसके प्रति करोड़ों भारतीय तीर्थ स्थल का सा भाव रखते हैं। इस शहर में पहली बार एक शराब की दुकान खुल रही है, जहां सरकारी परमिट-धारक शराब ख़रीद सकेंगे। पोरबंदर के एक होटल की शराब की दुकान के लिये एक अर्ज़ी को गुजरात सरकार ने मंज़ूरी दे दी है। गुजरात में शराबबंदी का 1949 ककक क़ानून लागू है, जिसके मुताबिक राज्य में शराब का उत्पादन, बिक्री, ख़रीद, भंडारण, परिवहन और सेवन प्रतिबंधित है। गुजरात मध्यनिषेध कानून की धारा 11 और 12 के अनुसार शराब की बिक्री या सेवन केवल क़ानूनी अनुमति के आधार पर ही की जा सकती है। इस मंज़ूरी के बाद पोरबंदर ज़िले में रहने वाले और शराब का परमिट रखने वाले लोग वहां होटल की दूकान से दारू ख़रीद सकेंगे। कुछ लोग इसे रूटीन प्रक्रिया बता रहे हैं। मगर ऐसा है नहीं। इसके निहितार्थ है। गुजरात के कुछ शहरों में शराब की परमिट क़ानूनी दुकानें पहले से हैं, जो आमतौर पर किसी होटल में होती है, जहां सिर्फ़ वैध परमिट रखने वाले लोगों को ही शराब बेची जा सकती है। बताते हैं कि पोरबंदर ज़िले में करीब 1500 परमिट-धारक हैं। ये सभी लोग अब तक जूनागढ़, जामनगर और मोरबी जैसे शहरों में जाते थे। अब उन्हें अपने परमिट के आधार पर क़ानूनी शराब लेने के लिए इतनी दूर नहीं जाना पड़ेगा, उन्हें यहीं उपलब्ध हो जाएगी। सरकार ने यह जनहित का काम किया है ताकि लोगों को दारू लेने के लिये दूर न जाना पड़े।

एक सरकारी अधिकारी का कहना है कि–"हमारे पास सिर्फ़ दो अर्ज़ियां आई हैं, जिनमें से एक को मंज़ूरी मिल चुकी है और दूसरी अभी कलेक्टर कार्यालय में विचाराधीन है। अर्थात अब पोरबंदर में शराब की दूसरी दूकान खोलने की राह प्रशस्त हो गई है। राजनीति को पवित्र बनाने और भारतीय सभ्यता के सनातन मूल्यों को बचाने की अथक मुहिम चलाने वाले उस महापुरुष की, जिसे आज दुनिया नमन करती है, जन्मभूमि पर शराब बेचने की इजाजत मिलना चौकाता है। सवाल यह भी उठता है कि पोरबंदर में इतने लोगों को परमिट को क्यों जारी किए गए। परमिट इस आधार पर दिए जाते हैं कि परमिट मांगने वाले को दारू की इतनी लत लग गई है कि वह उसके बिना मर जाएगा। इस सवाल में यह सवाल भी उठता है कि जब पोरबंदर में शराब उपलब्ध ही नहीं है तो उसने कहां से शराब पीकर लत लगाई और अब डाक्टरी सर्टिफिकेट लेकर आया है। यह दलील कि विदेशी पर्यटकों के आतिथ्य के लिये इस दुकान की आवश्यकता है इसलिये अनुचित है कि विदेशी पर्यटक ऐसे लोग नहीं होते जो गांधी के जन्मस्थान पर शराब पीने आना चाहें। वे भारत के उस सभ्यतागत जीवन को देखने आते हैं जिसे बचाने का बापू ने प्रयास किया।"

**शराब से मिलने वाला राजस्व शिक्षा और जनहित में खर्च होता है, के तर्क पर गांधी ने इसे पाप की कमाई बताया था। उनका कहना था कि शराब से होने वाली आय गरीब के घर को उजाड़कर आती है। ऐसी शिक्षा या विकास का कोई मूल्य नहीं जो लोगों के नैतिक पतन की नींव पर खड़ा हो। उनका मानना था कि शराब का सबसे बुरा प्रभाव घर की महिलाओं और बच्चों पर पड़ता है।**

इसीलिए कहा जा रहा है कि शासन को कम से कम पोरबंदर को तो छोड़ देना चाहिए था। गांधी विचारधारा के प्रति दुनिया भर में सम्मान है, और भारत की पहचान है। ऐसे में उनके जन्मस्थान को तो अलग रखा जा सकता था। महात्मा गांधी की जन्मस्थली में शराब की दुकान खोलने का विचार न केवल कानूनी रूप से जटिल है, बल्कि यह गहरे नैतिक और सांस्कृतिक द्वंद्व भी पैदा करता है। चूंकि गुजरात एक ड्राई स्टेट (शुष्क राज्य) है, इसलिए इस मुद्दे के नैतिक आयाम जुड़ जाते हैं। यह गांधी के विचारों का अपमान है। वे शराब और नशीले पदार्थों के कट्टर विरोधी थे। उनके लिए शराब केवल एक बुराई नहीं थी, बल्कि आत्मा और शरीर का विनाश करने वाला तत्व थी। उनके जन्मस्थान पर शराब की अनुमति देना उनके अहिंसा और आत्म-शुद्धि के दर्शन के सीधे विरोधाभास के रूप में देखा जा सकता है। सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पवित्रता की भी बात है। पोरबंदर को गांधी जी की स्मृति के कारण एक पवित्र स्थान माना जाता है। यहां शराब की मौजूदगी उस आध्यात्मिक वातावरण को प्रभावित करती है जो दुनिया भर से आने वाले पर्यटकों और अनुयायियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। यह स्थानीय निवासियों की धार्मिक और सांस्कृतिक भावनाओं को भी ठेस पहुंचाती है। सामाजिक उत्तरदायित्व बनाम राजस्व की बात भी अनेक लोग सामने लाते हैं। शराब से होने वाले राजस्व की सबसे बड़ी हिमायती भाजपा की मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे भी रही हैं जो पूर्ण शराबबंदी के विरोध में राजस्व का ही तर्क देती थी। यहां एक बड़ा नैतिक प्रश्न यह उठता है कि क्या राज्य का आर्थिक लाभ (राजस्व) सामाजिक कल्याण से ऊपर है? कहा जाता है कि शराब से मिलने वाला टैक्स विकास कार्यों में मदद करता है। मगर नैतिक समस्या यह है कि जैसा गांधी का मानना था कि–"शराब की कमाई से मिलने वाला राजस्व पाप की कमाई है," क्योंकि यह गरीब परिवारों को और अधिक गरीबी और घरेलू हिंसा की ओर धकेलता है। यदि सरकार एक तरफ गांधी जयंती पर नशामुक्ति की कसमें खाती है और दूसरी तरफ उनके जन्मस्थान पर ही शराब को बढ़ावा देती है, तो यह नैतिक पाखंड ही माना जाएगा। इससे प्रशासन की विश्वसनीयता और मूल्यों के प्रति उसकी प्रतिबद्धता पर सवाल उठता है। पोरबंदर में शराब की दुकान खोलना केवल एक प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि मूल्यों का चुनाव है। यह आर्थिक लाभ और विरासत के संरक्षण के बीच एक सीधा संघर्ष है।

बापू के लिए नशामुक्ति केवल एक सामाजिक सुधार नहीं, बल्कि स्वराज्य की नींव थी। उनका मानना था कि जब तक व्यक्ति अपनी इंद्रियों और व्यसनों पर विजय प्राप्त नहीं करता, वह वास्तविक स्वतंत्रता का आनंद नहीं ले सकता। गांधी ने स्पष्ट रूप से कहा था कि यदि उन्हें एक दिन के लिए भारत का तानाशाह बना दिया जाए, तो वह सबसे पहले बिना मुआवजे के शराब की सभी दुकानें बंद कर देंगे। वे शराब को चोरी या व्यभिचार से भी बुरा मानते थे, क्योंकि यह मनुष्य को पशु बना देती है।" शराब से मिलने वाला राजस्व शिक्षा और जनहित में खर्च होता है, के तर्क पर गांधी ने इसे पाप की कमाई बताया था। उनका कहना था कि शराब से होने वाली आय गरीब के घर को उजाड़कर आती है। ऐसी शिक्षा या विकास का कोई मूल्य नहीं जो लोगों के नैतिक पतन की नींव पर खड़ा हो। उनका मानना था कि शराब का सबसे बुरा प्रभाव घर की महिलाओं और बच्चों पर पड़ता है। उन्होंने पोरबंदर और पूरे देश की महिलाओं से शराब की दुकानों के बाहर शांतिपूर्ण धरना देने का आव्हान किया था। भारतीय संविधान में भी मद्यनिषेध का उल्लेख राज्य के नीति निदेशक तत्वों में किया गया है। यह विशेष रूप से अनुच्छेद 47 में वर्णित है जो कहता है कि राज्य का कर्तव्य है कि वह लोगों के पोषण स्तर और जन-स्वास्थ्य को सुधारने का प्रयास करे। साथ ही, राज्य को यह भी प्रयास करना चाहिए कि स्वास्थ्य के लिए हानिकारक नशीले पदार्थों (जैसे शराब) के सेवन को प्रतिबंधित (मद्यिनषेध) किया जाए। सरल भाषा में कहें तो संविधान यह निर्देशित करता है कि सरकार का लक्ष्य होना चाहिए कि लोगों की सेहत बेहतर हो, जिसके लिये शराब और अन्य हानिकारक नशे को कम या बंद किया जाए। हालांकि संविधान का यह निर्देश कानूनी रूप से बाध्यकारी नहीं है, लेकिन यह राज्य के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत है।

**–अतिथि संपादक,**
**राजेन्द्र बोड़ा**
**( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )**

# नए भारत की निर्णायक : नारी शक्ति



राखी राठौड़

भारतीय परंपरा में नारी को सदैव शक्ति का स्वरूप माना गया है - यज्ञवेदी की शोभा, संस्कारों की संरक्षिका और समाज की धुरी। 21वीं सदी का भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक ऐसे परिवर्तन काल से गुजर रहा है, जहाँ नारी केवल प्रतीक नहीं, बल्कि निर्णय लेने वाली सशक्त भागीदार बन रही है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम इसी परिवर्तन का संवैधानिक रूप है। यह केवल संसद और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान नहीं, बल्कि भारत की आधी आबादी को नीति-निर्माण की पहली पंक्ति में स्थापित करने का ऐतिहासिक प्रयास है।

आज भारत में महिलाओं की स्थिति एक स्पष्ट विरोधाभास प्रस्तुत करती है। एक ओर महिलाएं शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं और कौशल के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं, वहीं दूसरी ओर नेतृत्व के शीर्ष पदों पर उनकी उपस्थिति अभी भी सीमित है। देश में महिला श्रम भागीदारी दर हाल के वर्षों में बढ़कर लगभग 40 प्रतिशत के आसपास पहुंची है, परंतु संगठित क्षेत्र में महिलाओं की हिस्सेदारी लगभग एक-चौथाई के आसपास ही सिमटी हुई है। शीर्ष प्रबंधन स्तर पर यह संख्या और घट जाती है। कंपनियों के उच्चतम निर्णयकारी पदों - जैसे मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मुख्य वित्त अधिकारी, मुख्य परिचालन अधिकारी आदि - को सामूहिक रूप से सी-सूट कहा जाता है। हिंदी में इसे उच्चतम कार्यकारी नेतृत्व स्तर कहा जा सकता है। इस स्तर पर महिलाओं की भागीदारी लगभग 10-13 प्रतिशत के बीच सिमटी हुई है।

कंपनी बोर्डों में महिलाओं की हिस्सेदारी भी सीमित है, और बैंकिंग तथा वित्तीय संस्थानों में कार्यबल में उनकी उपस्थिति अपेक्षाकृत बेहतर होने के बावजूद नेतृत्व में उनका प्रतिशत काफी कम रह जाता है। ये आंकड़े स्पष्ट करते हैं कि समस्या महिलाओं की क्षमता में नहीं, बल्कि नेतृत्व तक पहुँचने के अवसरों और संरचनात्मक बाधाओं में है। महिलाओं के करियर में एक प्रमुख चुनौती वह स्थिति है, जिसे अक्सर टूटी हुई सीढ़ी कहा जाता है। इसका अर्थ है कि जैसे-जैसे पद ऊँचा होता है, महिलाओं की संख्या तेजी से घटती जाती है।

प्रारंभिक स्तर पर उनकी भागीदारी अपेक्षाकृत अधिक होती है, लेकिन मध्य और शीर्ष प्रबंधन तक पहुँचते-पहुँचते यह संख्या काफी कम हो जाती है। परिणामस्वरूप, निर्णय लेने वाली भूमिकाओं में उनकी उपस्थिति सीमित रह जाती है। यह केवल रोजगार का प्रश्न नहीं, बल्कि निर्णय प्रक्रिया में संतुलन और विविधता का प्रश्न है। जब निर्णय लेने वाले पदों पर महिलाओं की भागीदारी कम होती है, तो नीतियों और संस्थागत दृष्टिकोण में उनका अनुभव और संवेदनशीलता भी पर्याप्त रूप से परिलक्षित नहीं हो पाती।

ऐसे परिदृश्य में महिला आरक्षण एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा सकता है। यह केवल राजनीतिक प्रतिनिधित्व बढ़ाने का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक और मानसिक परिवर्तन की दिशा में एक निर्णायक कदम है। जब संसद और विधानसभाओं में बड़ी संख्या में महिलाएं सक्रिय भूमिका निभाएंगी, तो यह समाज के सामने नए नेतृत्व के उदाहरण प्रस्तुत करेगा। इससे महिलाओं के प्रति विश्वास बढ़ेगा और उनके भीतर नेतृत्व के प्रति आत्मविश्वास विकसित होगा। यह बदलाव केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि सामाजिक संरचना में परिवर्तन का आधार बनेगा। राजस्थान की धरती नारी शक्ति के अद्भुत उदाहरणों से समृद्ध रही है- पन्ना धाय का त्याग, मीराबाई की भक्ति और कालीबाई का साहस आज भी प्रेरणा देते हैं।

फिर भी वर्तमान में राजस्थान विधानसभा में महिलाओं की भागीदारी लगभग 10-11 प्रतिशत के आसपास है। महिला आरक्षण लागू होने के बाद यह संख्या कई गुना तक बढ़ सकती है।

यह परिवर्तन केवल संख्या का नहीं, बल्कि दृष्टिकोण का होगा। जब गांव और शहरों की बेटियां अपने आसपास महिलाओं को नीति-निर्माण करते हुए देखेंगी, तो उनके भीतर भी नेतृत्व का आत्मविश्वास विकसित होगा। महिला आरक्षण का प्रभाव केवल संसद और विधानसभा तक सीमित नहीं रहेगा। इसका प्रभाव समाज के प्रत्येक क्षेत्र में दिखाई देगा। कॉर्पोरेट संस्थानों, प्रशासनिक सेवाओं, उद्योग, शिक्षा और शोध संस्थानों में महिलाओं की भागीदारी और नेतृत्व दोनों में वृद्धि होगी। जब शीर्ष स्तर पर महिलाएं अधिक संख्या में दिखाई देंगी, तो यह संदेश स्पष्ट होगा कि नेतृत्व केवल पुरुषों का क्षेत्र नहीं है। इससे संस्थागत संस्कृति में भी परिवर्तन आएगा और निर्णय अधिक समावेशी एवं संवेदनशील होंगे।

अध्ययनों से यह भी स्पष्ट हुआ है कि महिला नेतृत्व वाले संस्थानों में पारदर्शिता, जवाबदेही और दीर्घकालिक स्थिरता बेहतर होती है। महिलाओं की बढ़ती भागीदारी केवल सामाजिक न्याय का विषय नहीं, बल्कि आर्थिक प्रगति का भी प्रमुख आधार है। यदि देश की महिला कार्यशक्ति को पूर्ण रूप से अवसर मिले, तो आर्थिक विकास की गति तेज हो सकती है, परिवारों की आय में वृद्धि हो सकती है और सामाजिक असमानताएं कम हो सकती हैं। वर्तमान में बड़ी संख्या में महिलाएं कार्यबल से बाहर हैं, जो इस बात का संकेत है कि देश की विशाल क्षमता अभी भी पूरी तरह उपयोग में नहीं आई है। महिला आरक्षण के माध्यम से भारत एक ऐसे युग में प्रवेश कर रहा है, जहाँ महिलाएं केवल भागीदारी नहीं करेंगी, बल्कि निर्णय प्रक्रिया का केंद्र बनेंगी। वे नीतियां बनाएंगी, संसाधनों का वितरण निर्धारित करेंगी, बजट तय करेंगी और समाज की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। यह परिवर्तन आने वाली पीढ़ियों के लिए एक नई सामान्य स्थिति स्थापित करेगा, जहाँ नेतृत्व में महिलाओं की भागीदारी स्वाभाविक मानी जाएगी। महिला आरक्षण एक कानून मात्र नहीं, बल्कि एक युग परिवर्तन का प्रतीक है। यह उस यात्रा का संकेत है, जहाँ यज्ञवेदी पर प्रतिष्ठित नारी शक्ति अब संसद और विधानसभा की प्रथम पंक्ति में बैठकर राष्ट्र का मार्गदर्शन करेगी। जब नई पीढ़ी की बेटियां इस परिवर्तन को देखेंगी, तो उनके भीतर यह विश्वास जागेगा – **मैं भी निर्णय ले सकती हूँ, मैं भी नेतृत्व कर सकती हूँ।** यही इस अधिनियम की सबसे बड़ी सफलता होगी। यह केवल महिलाओं का उत्थान नहीं, बल्कि भारत के भविष्य को सशक्त बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम है।

**–राखी राठौड़,**
**प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा महिला मोर्चा**

# जीवन की धूल फांकने से बनता है लेखक – ममता कालिया

## हिन्दू कॉलेज में लेखक से भेंट का आयोजन

**दिल्ली।** जीवन में जो जितने अधिक धक्के खाता है, उतना ही अधिक और बेहतर लिख सकता है। जिसका जीवन गमले के पौधे के समान व्यतीत होता है, उसके पास लिखने को बहुत कम होता है तथा ऐसा व्यक्ति केवल अपने अंतर्मन की बातें ही लिख पाता है। साहित्य अकादेमी से सम्मानित प्रसिद्ध कथाकार ममता कालिया ने हिन्दू कालेज में हिंदी विभाग के वार्षिकोत्सव अभिधा 2026 में कहा कि पहले पिता की नौकरी के स्थानांतरण एवं फिर पढ़ाई के कारण उन्होंने अनेक शहरों की धूल खाई, हवा देखी, पानी पिया, स्वाद चखा, भाषाएँ बोलीं, जिन्होंने उनके लेखन क्रम में बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

उन्होंने अपनी चर्चित पुस्तकों कितने शहरों में कितनी बार तथा जीते जी इलाहाबाद की रचना प्रक्रिया के सूत्र बताते हुए कहा कि अपने जीवनानुभवों के साथ अपने परिवेश और आसपास के सामान्य जीवन को बारीकी से देखते हुए इनका सृजन हुआ है। कालिया ने युवाओं को अज्ञेय की मानक भाषा, जिसमें तत्सम शब्दों के साथ तर्क एवं अर्थ दोनों जीवन में खोल देते हैं, का अध्ययन करने को कहा। लेखन के लिए उन्होंने अनुभव, अनुभूति एवं कल्पना का सहारा लेने पर बल दिया। डायरी लेखन को लेखन की ओर आसानी से बढ़ने का साधन बताया क्योंकि डायरी में कभी-कभी ऐसे सुबोध वाक्य लिख जाते हैं जो आगे चलकर बहुत उपयोगी सिद्ध होते हैं। पुरानी डायरी पढ़ने पर उसमें अनेक नगीने मिलते हैं।

लेखक से भेंट शीर्षक से आयोजित इस कार्यक्रम में ममता जी ने अपने लेखन सफर का प्रारंभिक विवरण भी साझा किया और बताया कि उन्होंने सर्वप्रथम 1955 में बच्चों की कहानियों से लेखन आरंभ किया। उसके पश्चात् अजमेर से छपने वाली प्रसिद्ध पत्रिका लहर को याद किया जिसके सम्पादक प्रकाश जैन ने उनकी कविताएँ लगातार छापी थीं। विद्यार्थी जीवन की शरारतों को स्मरण करते हुए उन्होंने कहा कि शरारतों से ही कहीं लेखन निकलता है। उन्होंने कहा कि लेखन में सबसे पहले एक केंद्रीय चरित्र खड़ा किया जाता है, जिसमें वे सभी बातें डाल दी जाती हैं जो लेखक को खटकीं या अच्छी लगीं।

हिंदू कॉलेज आने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्होंने यहाँ व्यतीत अपने विद्यार्थी जीवन की यादें भी साझा कीं। ममता जी ने हिंदी की प्रख्यात लेखिका मन्नू भंडारी एवं उनके पति राजेंद्र यादव, जो हिंदी के विख्यात लेखक एवं संपादक थे, के साथ दिल्ली विश्वविद्यालय में पढ़ाने के दिनों को भी स्मरण किया। कालिया ने श्रोताओं के विभिन्न सवालों के जवाब भी दिए और उन्हें खूब पढ़ने की सलाह दी।

इससे पहले हिंदी विभाग के प्रभारी प्रो बिमलेन्दु तीर्थंकर ने शाल ओढ़ाकर ममता जी का स्वागत किया एवं हिंदी साहित्य सभा तथा अभिधा के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि एक शताब्दी से भी अधिक समय से हिंदी साहित्य सभा अपनी गतिविधियों से नयी पीढ़ी में साहित्य के संस्कार दे रही है। विभाग के शिक्षक डॉ पल्लव ने ममता कालिया का परिचय देते हुए कहा कि उनके लेखन की मुख्य विशेषता यह है कि वे भारतीय मध्यवर्ग के सामान्य जनजीवन को अत्यंत कुशलता से अपने लेखन में चित्रित करती हैं। वे किसी विचारधारा या वाद से आक्रान्त होकर नहीं लिखतीं बल्कि खांटी जीवनानुभवों को प्रगतिशील दृष्टि से लेखन में जगह देती हैं। डॉ. पल्लव ने कहा कि शहरनामा जैसी विधा को हिंदी में खड़ा करने में ममता जी का नाम लिया आजाएगा। शहर आधारित उनकी कृतियों का उल्लेख कर डॉ. पल्लव ने कहा कि इनमें वे स्मृतियों की पुनर्रचना ही नहीं कर रही थीं बल्कि कोई चाहे तो इसे भी संस्मरण की ही कृति मान सकता है लेकिन यहाँ ममता जी का जोर उस शहर के चरित्र को ध्यान में रखकर अपने अनुभव लिखने पर रहा। जीते जी इलाहाबाद इस रचना शृंखला की उच्चतम परिणति है जहाँ इलाहाबाद जैसे सांस्कृतिक शहर के चरित्र को लिखते हुए इसके भीतर वे अपने और अपने प्रियजनों के व्यक्तित्व की तलाश भी करती हैं। हिंदी में इस तरह की कृतियां बहुत अधिक नहीं मिलतीं और नयी शताब्दी में साहित्य की विधाओं में आ रहे बदलावों तथा अन्तर्क्रियाओं का भी श्रेष्ठ उदाहरण ममता जी का कथेतर लेखन बन गया है।



ममता कालिया

आयोजन के दूसरे भाग में अभिधा के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के पुरस्कार ममता कालिया के हाथों दिए गए। इनमें आशु भाषण में प्रथम रामजस कॉलेज की आकृति महाजन, द्वितीय श्री वेंकटेश्वर कॉलेज के पुलकित भार्गव और तृतीय रामजस कॉलेज के आदित्य राज को प्रमाण पत्र व नगद राशि दी गई। काव्य पाठ प्रतियोगिता में प्रथम लेडी श्रीराम कॉलेज की कृष्णा पाठक, द्वितीय दिल्ली स्कूल ऑफ़ जर्नलिज्म के अंकित तथा तृतीय दौलत राम कॉलेज की प्रत्यक्षा शर्मा को पुरस्कार दिए गए।

इससे पहले ममता जी ने हिंदी विभाग की भित्ति पत्रिका अभिव्यक्ति के नए अंक का लोकार्पण भी किया। वे उस कक्षा कक्ष में भी गईं जहाँ उन्होंने अपनी पढ़ाई के दिनों में कक्षाएँ ली थीं।

अंत में आभार प्रदर्शित करते हुए विभाग की वरिष्ठ शिक्षिका प्रो रचना सिंह ने कहा कि ममता कालिया जैसे उदार और सरल साहित्यकारों का सान्निध्य नयी पीढ़ी को हमारी कला संस्कृति के अधिक निकट ले जाने में समर्थ होगा। कार्क्रम का संयोजन बृजलाला और दीक्षा शर्मा ने किया। आयोजन में प्रसिद्ध मीडिया विशेषज्ञ डॉ. वर्तिका नंदा साहित्य हिन्दू कालेज में राजनीति विभाग की प्रो सीमा दास, दर्शन शास्त्र के डॉ. शुभम ओझा, हिंदी विभाग की डॉ नीलम सिंह, डॉ. प्रज्ञा त्रिवेदी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, विद्यार्थी और शोधार्थी उपस्थित रहे।

**–कैलाश सिंह राजपुरोहित,**
**संयोजक, हिन्दी साहित्य सभा,**
**हिन्दू कॉलेज, दिल्ली**

# बॉक्स हिल में आज भी रोमांटिक इंग्लिश देहाती चार्म है

लंदन आये एक सप्ताह हो गया था। मगर तबियत कुछ अधिक अच्छी नहीं होने के कारण मैं घर से निकल नहीं पा रहा था। गुरुवार को बेटे सिद्धार्थ ने बताया धूप निकली है और तापमान भी 21 डिग्री है। घर के गार्डन में धूप और अच्छा मौसम देखकर घूमने का प्रोग्राम बनाया। हमारे घर से लगभग चालीस मिनट की ड्राइव पर बॉक्स हिल पहुंचे। हमारी बहुरानी सुष्मिता ने चेताया, पापा यहाँ के मौसम का कोई भरोसा नहीं है इसलिए गर्म कपडे साथ ले जाये। वही हुआ जैसे ही बॉक्स हिल पहुंचे, धूप गायब मिली। ठंडी हवाओं के झोंको ने हमारा स्वागत किया।

लंदन में पर्वतों की हसीन वादियों में अनेक ऐसे स्थान हैं जहाँ नैसर्गिक हरियाली और सुरम्यता पर्यटन के शौकीन लोगों को बरबस अपनी ओर आकर्षित करते है। बॉक्स हिल लंदन में घूमने की पर्यटकों की पसंदीदा जगहों में से एक है। यह हाइकिंग, साइकिलिंग या बस कुछ घंटों के लिए ताज़ी हवा और शानदार नज़ारों के लिए शहर से बाहर घूमने के लिए एकदम सही है। शानदार वॉक और शानदार नज़ारों के लिए बॉक्स हिल प्रसिद्ध है। बॉक्स हिल, लंदन के साउथ-वेस्ट में सरे में है।

इसे नेशनल ट्रस्ट मैनेज करता है और यह इंग्लैंड के कुछ सबसे खूबसूरत देहाती रास्तों पर घूमने की शानदार और कुदरती जगह है। जगह जगह लकड़ियों के गठरों के सुन्दर ढेर है। इन पर चढ़कर पर्यटक अटखेलिया करते है। बताया जाता है बॉक्स हिल में आज भी वह रोमांटिक इंग्लिश देहाती चार्म है। यहां का सबसे पॉपुलर रास्ता बॉक्स हिल सर्कुलर वॉक है। यह एक मीडियम ट्रेल है जो आपको जंगलों, खुली पहाड़ियों और नदी किनारे के रास्तों से ले जाता है। यह रास्ता लगभग 7.5 किलोमीटर लंबा है और इसमें लगभग 230 मीटर की ऊंचाई है, और इसे पूरा करने में आमतौर पर 2 से 3 घंटे लगते हैं, यह रास्ता खूबसूरत जंगलों से होकर आगे बढ़ता है।

यात्रा संस्मरण.....



पतझड़ में, पेड़ सुनहरे हो जाते हैं और पक्षियों की आवाज़ सुनने और प्रकृति के बीच रहने का आनंद लेने के लिए एकदम सही जगह है। ऐसा लगता है जैसे प्रकृति ने यहाँ जम कर अपनी नैसर्गिक छटा बिखेरी है। जहाँ भी नजर जाये वहां आँखों को जबरदस्त सुकून मिलता है। प्रकृति की अदभुत सुंदरता मन और शरीर को शांति प्रदान करती है। हमने तीन किमी का रास्ता चुना और बच्चों के साथ फोटो खिंचवाते हुए प्राकृतिक नज़ारों का आनंद उठाया। बॉक्स हिल को 2012 लंदन ओलंपिक गेम्स की साइकिलिंग रोड रेस के हिस्से के तौर पर इंटरनेशनल पहचान मिली।

**–बाल मुकुन्द ओझा,**
**वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार।**

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**बुधवार 15 अप्रैल, 2026**

वैशाख मास, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2083, पूर्वा भाद्रपद नक्षत्र दिन 3:23 तक, ब्रह्म योग दिन 1:25 तक, गर करण दिन 11:22 तक, चन्द्रमा आज प्रातः 9:38 से मीन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-मेष, चन्द्रमा-कुम्भ, मंगल-मीन, बुध-मीन, गुरू-मिथुन, शुक्र-मेष, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह

आज भद्रा रात्रि 10:32 से आरम्भ होगी। आज प्रदोष व्रत, मास शिवरात्रि, पंचक, विगु और वैशाख विहु है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** लाभ-अमृत सूर्योदय से 9:17 तक, शुभ 10:52 से 12:27 तक, चर 3:37 से 5:12 तक, लाभ 5:12 से सूर्यास्त तक।

**राहूकालः** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 6:07, सूर्यास्त 6:47

**मेष**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक/व्यक्तिगत कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा।

**वृष**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। घर-परिवार में सुख-सुविधाओं पर धन खर्च हो सकता है।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव-प्रभुत्व बढ़ेगा। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं।

**सिंह**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा में परेशानी हो सकती है।

**कन्या**
परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। आपसी सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य सुगमता से बनने लगेंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ से राहत मिलेगी। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। नौकरीपेशा व्यक्तियों को मानसिक तनाव हो सकता है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आज महत्वपूर्ण मामलों में दुविधा बनी रहेगी।

**धनु**
घर-परिवार में अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है। अनावश्यक धन खर्च हो सकता है। स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है।

**मकर**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। मित्रों/परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कुंभ**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। घर-परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**मीन**
मानसिक तनाव दूर होगा। मनःस्थिति में सुधार होगा। व्यक्तिगत प्रयासों से महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिल सकती है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

# 24 जिलों में किसानों को मिल रही दिन में बिजली : भजनलाल शर्मा

## बेहतर प्रबंधन से विद्युत उत्पादन क्षमता में हुई उल्लेखनीय वृद्धि, छीजत घटी : मुख्यमंत्री

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि बेहतर प्रबंधन एवं दूरगामी निर्णयों के फलस्वरूप प्रदेश की विद्युत उत्पादन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज होने के साथ ही छीजत में कमी आई है। उन्होंने प्रदेश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाते हुए कृषि एवं घरेलू उपभोक्ताओं तथा उद्योगों को निर्बाध एवं पर्याप्त बिजली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित ऊर्जा विभाग की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को अपने आवास पर ऊर्जा विभाग की बैठक ली।

■ उपभोक्ताओं को पर्याप्त एवं निर्बाध बिजली के लिए प्रतिबद्ध राज्य सरकार : सीएम

उन्होंने कहा कि राजस्थान में अक्षय ऊर्जा में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए महत्वपूर्ण उपलब्धियां अर्जित की है। हर घर-हर खेत को पर्याप्त एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य किया जा रहा है। आज 24 जिलों में किसानों को दिन में बिजली मिल रही है जिसे राज्य सरकार वर्ष 2027 में प्रदेशभर में उपलब्ध कराएगी। शर्मा ने कहा कि पम्प स्टोरेज प्रोजेक्ट्स सस्ते होने के साथ ही लम्बी अवधि के लिए कारगर है। वहीं, बैट्री स्टोरेज के माध्यम से भी स्वच्छ ऊर्जा को प्रोत्साहन मिलता हैयें परियोजनाएं आने वाले समय में उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करेगी। इन प्रोजेक्ट्स की क्रियान्विति राज्य सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है।उन्होंने अधिकारियों को इन परियोजनाओं को गति देने के निर्देश प्रदान किए। इस अवसर पर ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, प्रमुख शासन सचिव वित्त वैभव गालरिया, ऊर्जा विभाग शासन सचिव आरती डोगरासहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# बाबा साहेब भारतीय संस्कृति में रचे-बसे मूल्यों से जुड़े महामना थे : राज्यपाल

## डॉ. अम्बेडकर ने देश को सामाजिक समरसता का मंत्र ही नहीं दिया बल्कि राष्ट्र सर्वोच्च है,यह दृष्टि भी दी : हरिभाऊ बागड़े



राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135 वीं जयंती पर जयपुर में आयोजित समारोह में संबोधित किया।

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर व्यक्ति नहीं अपने आप में संस्था थे। उन्होंने देश को सामाजिक समरसता का मंत्र ही नहीं दिया बल्कि राष्ट्र सर्वोच्च है, यह दृष्टि भी हमें दी। वह संविधान और भारतीय संस्कृति में रचे-बसे मूल्यों से जुडे महामना थे। उन्होंने कहा कि महामना वह होता है जो मनुष्य जैसा ही होते हुए भी अपने विचारों से और कर्म से जीते जी महानतम विचारों का आलोक देता है। राज्यपाल बागडे डॉ. अम्बेडकर की 135 वीं जयंती पर आयोजित समारोह में संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि अपने अध्ययन का बहुत सारा समय डॉ. अम्बेडकर ने देश-दुनिया के कानूनों को जानने और समझने में ही व्यतीत किया था। इसी से विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत का महान संविधान हमें तैयार कर उन्होंने दिया। बागडे ने कहा कि बाबा साहेब ने पूरा जीवन वंचित वर्ग के कल्याण को समर्पित किया था। बॉम्बे विधानसभा में वर्ष 1938 में उन्होंने कहा था, 'मैं चाहता हूं कि समस्त लोग पहले भारतीय हों, और अंततः भारतीय हों तथा भारतीय के सिवाय और कुछ भी नहीं हों।

राज्यपाल ने कहा कि बाबा साहेब ने राष्ट्र प्रथम की सोच हमें दी और कहा था कि राष्ट्र के हितों को सदा अग्रणी रखें। डॉ. अम्बेडकर के विचार वास्तविक रूप में उस राष्ट्रवाद से ही जुड़े हैं जिनमें व्यक्ति और व्यक्तियों के बीच जातियों, वर्णों, वर्गों, धर्मों में किसी तरह का कोई भेद नहीं है। उन्होंने शिक्षा और जागरूकता के लिए सदा काम किया। डॉ. अम्बेडकर ने 'शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो' का नारा दिया।

बागडे ने बाबा साहेब अम्बेडकर के विचारों को अपनाने का आव्हान करते हुए कहा कि वह युगपुरूष थे। उन्होंने डॉ. अम्बेडकर द्वारा देश में रोजगार केंद्रों की स्थापना, दामोदर घाटी परियोजना, हीराकुंड परियोजना तथा सोन परियोजना आदि की स्थापना में रही महत्वपूर्ण भूमिका को स्मरण करते हुए उनकी उदात्त दृष्टि से सीख लेने का आव्हान किया।

# पतंजलि अनुसंधान संस्थान लगातार दूसरी बार राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित

## "डॉ. पी.डी. सेठी नेशनल एचपीटीएलसी अवार्ड 2025" में मिला प्रथम स्थान

**हरिद्वार ।** पतंजलि अनुसंधान संस्थान को "डॉ. पी.डी. सेठी नेशनल एचपीटीएलसी अवार्ड 2025" में प्राइवेट इंडस्ट्री कैटेगरी में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। पिछले वर्ष भी संस्थान को यह पुरस्कार प्राप्त हुआ था।

■ यह पुरस्कार मात्र एक सम्मान नहीं, पतंजलि के वैज्ञानिकों की वर्षों की मेहनत, समर्पण और वैज्ञानिक सोच का परिणाम : आचार्य बालकृष्ण

यह प्रतिष्ठित पुरस्कार संस्थान को उनके आंवला के बीज तेल पर किए गए उत्कृष्ट शोध कार्य के लिए मिला, जिसमें इसके शक्तिशाली एंटी-माइक्रोबियल और बायोफिल्म-रोधी गुणों को उजागर किया गया है। आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि यह पुरस्कार मात्र एक सम्मान नहीं, पतंजलि के वैज्ञानिकों की वर्षों की मेहनत, समर्पण और वैज्ञानिक सोच का परिणाम है। आगे उन्होंने कहा की यह हर उस वैज्ञानिक के समर्पण की जीत है जो प्रतिदिन विश्व को एक सुगम, सुरक्षित और प्रभावी समाधान प्रदान करने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

पतंजलि के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. अनुराग वार्ष्णेय ने इस अवसर पर बताया कि "डॉ. पी.डी. सेठी नेशनल एचपीटीएलसी अवार्ड" देश में एनालिटिकल केमिस्ट्री के क्षेत्र में उत्कृष्ट शोध को पहचान देने वाला एक प्रतिष्ठित मंच है। इस मंच पर लगातार दूसरी बार पुरस्कार प्राप्त करना संस्थान के लिए गर्व का विषय है, और यह संस्थान की सुदृढ़ वैज्ञानिक आधारशिला को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि आंवला पर किए गए इन्हीं शोध के आधार पर भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा भी संस्थान को पिछले वर्ष 10वें अंतरराष्ट्रीय "वेस्ट टू वर्थ" सम्मेलन एवं 4 आर अवार्ड्स 2025 संस्करण में "अवार्ड ऑफ मैरिट" से सम्मानित किया गया था।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में रैली निकाली

**जयपुर ।** केंद्र की भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित नारी शक्ति वंदन संशोधन अधिनियम के समर्थन में गुलाबी नगरी में महिलाओं का उत्साह देखने को मिला। सोमवार को आमजन की महिलाओं ने एकजुट होकर स्कूटी और बाइक रैली निकालते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। यह रैली विद्याश्रम स्कूल, जेएलएन मार्ग से शुरू होकर टोंक रोड होते हुए अमर जवान ज्योति पर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में महिलाओं ने तख्तियां और नारों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया।

रैली में शामिल महिलाओं ने कहा कि प्रस्तावित अधिनियम के तहत महिलाओं को राजनीति में 33 प्रतिशत आरक्षण मिलने से उनकी भागीदारी और निर्णय लेने की क्षमता मजबूत होगी। यह कदम समाज में महिलाओं की भूमिका को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। आयोजन की विशेषता यह रही कि इसे पूरी तरह आम समाज की महिलाओं ने आयोजित किया, जिसमें जनसहभागिता प्रमुख रूप से देखने को मिली। भारतीय जनता पार्टी जयपुर शहर और महिला मोर्चा ने व्यवस्थागत सहयोग प्रदान किया।

भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष राखी राठौड़ ने कहा कि इस अधिनियम के लागू होने से महिलाओं को राजनीति में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा और निर्णय प्रक्रिया में उनकी भागीदारी बढ़ेगी।

# कांग्रेस ने किया संविधान का सबसे ज्यादा उल्लंघन : सीएम

■ बाबा साहेब को 1990 में भाजपा समर्थित सरकार ने भारत रत्न प्रदान किया, जो कि उन्हें बहुत पहले मिल जाना चाहिए था। लेकिन गांधी परिवार खुद को ही भारत रत्न देने में इतना व्यस्त रहा कि वे बाबा साहेब को भूल ही गए : भजनलाल शर्मा

**जयपुर (कासं)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का अपमान किया। पहले कांग्रेस ने बाबा साहेब को टिकिट नहीं दिया। फिर उन्हें हराने की कोशिश की और उन्होंने बाबा साहेब को भारत रत्न भी नहीं दिया।

शर्मा ने कहा कि बाबा साहेब को 1990 में भाजपा समर्थित सरकार ने भारत रत्न प्रदान किया, जो कि उन्हें बहुत पहले मिल जाना चाहिए था। लेकिन गांधी परिवार खुद को ही भारत रत्न देने में इतना व्यस्त रहा कि वे बाबा साहेब को भूल ही गए। उन्होंने नेहरूजी और इंदिराजी को तो भारतरत्न दे दिया लेकिन बाबा साहेब को उनके जीवनकाल में उचित सम्मान नहीं दिया।उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि जो दल दशकों तक देश पर शासन करता रहा, उसी कांग्रेस ने सामाजिक न्याय के पुरोधा बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के साथ ही सबसे बड़ा अन्याय किया। जीवनकाल में कभी भी कांग्रेस से उचित सम्मान नहीं मिलने के कारण ही उन्हें मंत्रिमंडल से मजबूरन इस्तीफा देना पड़ा था। कांग्रेस ने वोट की राजनीति के लिए ही वंचित और पिछड़ों की बात की। कांग्रेस ने ही बाबा साहेब के बनाये संविधान का सबसे ज्यादा उल्लंघन किया।

# परनामी मंदिर में भक्ति की बयार

**जयपुर।** राजापार्क स्थित श्री कृष्ण परनामी मंदिर का तीन दिवसीय स्थापना दिवस समारोह बैसाखी पर्व पर श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत 12 अप्रैल को प्रभात फेरी, धर्म ध्वजा फहराने, अखंड पारायण पूजन और रक्तदान शिविर से हुई।पंचायत प्रधान विजय परनामी ने बताया कि श्री राज श्यामा जी का चंदन, गुलाब व केवड़ा से भव्य अभिषेक किया गया, वहीं स्वाति परनामी के निर्देशन में हिंदुत्व आधारित नाटक प्रस्तुत किया गया। समिति अध्यक्ष कमल परनामी ने संप्रदाय की स्थापना और उसके मानवता व एकता के संदेश पर प्रकाश डाला। इस समारोह में करनाल धाम से आए जगत राज महाराज एवं दिल्ली से पधारी परीम सखी महाराज ने 'मुखवाणी' को ईश्वरीय ज्ञान का स्त्रोत बताते हुए उसके आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला।

महिला मंडल की सदस्यों ने श्याम सुंदर बांसुरी वाले... सहित विभिन्न भजनों की भावपूर्ण प्रस्तुतियां दीं।

# 29 किलो डोडा-चूरा सहित तीन तस्कर गिरफ्तार

**जयपुर।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल जिला स्पेशल टीम (क्राइम ब्रांच सीएसटी) ने कार्रवाई करते हुए राजधानी में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन 'क्लीन स्वीप' के तहत जालूपुरा थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ तस्करी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर 29.850 किलोग्राम डोडा चूरा बरामद किया है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त (अपराध) संजीव नैन ने बताया कि ऑपरेशन 'क्लीन स्वीप' के तहत सीएसटी टीम ने पुलिस थाना जालूपुरा (उत्तर) के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए सुखा सिंह (30), सुरजन सिंह (19) और मंगल सिंह (29) को जालूपुरा क्षेत्र में केएस टीवीएस मोटर्स के सामने चांदपोल जाने वाली सड़क से गिरफ्तार किया गया है, जो हरियाणा और पंजाब के निवासी हैं। पुलिस आरोपियों के कब्जे से 29.850 किलो अवैध डोडा चूरा बरामद किया है । पुलिस ने बताया कि आरोपियों के नेटवर्क और अन्य संभावित साथियों के संबंध में जांच जारी है। साथ ही आमजन से अपील की गई है कि नशे के खिलाफ इस मुहिम में सहयोग करें और अवैध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें।



पश्चिमी बंगाल में इसी माह होने वाले चुनाव को देखते हुए जयपुर में रह रहे लोग वापस अपने प्रदेश लौटने लगे हैं। मंगलवार को जयपुर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भारी भीड़ रही। हालात ऐसे थे कि ट्रेनों में सीटें मिलना तो दूर प्लेटफॉर्म पर खड़े होने की भी जगह नहीं थी। फोटो-राष्ट्रदूत

# अवैध स्मैक के साथ शातिर हिस्ट्रीशीटर फरमान गिरफ्तार

**जयपुर।** राजधानी में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सुभाष चौक थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है । जिसके पास से 5.26 मिलीग्राम स्मैक भी बरामद की है। फिलहाल आरोपी तस्कर से पूछताछ की जा रही है।

■ आरोपी के कब्जे से 5.26 मिलीग्राम स्मैक बरामद

पुलिस उपायुक्त (उत्तर) करन शर्मा ने बताया कि जयपुर कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन 'क्लीन स्वीप' अभियान के तहत सुभाष चौक थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फरमान (36) निवासी सुभाष चौक को गिरफ्तार कर उसके पास से 5.26 मिलीग्राम स्मैक बरामद की गई। फिलहाल पुलिस मामले का अनुसंधान कर रही है कि आरोपी यह नशा कहाँ से लाया था और किन लोगों को सप्लाई करने वाला था ।

थानाधिकारी कृष्ण कुमार ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी शातिर किस्म का अपराधी है और उसके विरुद्ध पूर्व में भी पुलिस थाना सुभाष चौक में मारपीट का मामला दर्ज है, जो वर्तमान में न्यायालय में विचाराधीन है । इस कार्रवाई में हैड कांस्टेबल महेन्द्र कुमार, कांस्टेबल कुलदीप सिंह, दीपेन्द्र सिंह, दिनेश और राहुल की मुख्य भूमिका रही।

# श्रीमद्भागवत कथा में बाल लीलाओं का श्रवण कराया

**जयपुर।** सुभाष चौक दरीबा पान स्थित आचार्य पीठ श्री सरस निकुंज में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में मंगलवार को ठाकुरजी की माधुर्य भाव की बाल लीलाओं और आसुरी तत्वों के उद्धार के प्रसंगों की सरस कथा हुई।

शुक सम्प्रदाय पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज के सानिध्य में व्यासपीठ से मदन मोहन दास महाराज ने कहा कि भगवान ने भक्तों के मनोगत भावों के अनुसार लीलाएं की और सुख प्रदान किया। भगवान ने राक्षसों का भी संहार नहीं बल्कि उद्धार ही किया। उन्होंने अघासुर और धेनुकासुर जैसे राक्षसों का भी खेल-ही-खेल में उद्धार कर दिया। भगवान किसी का वध नहीं करते, बल्कि उनके स्पर्श मात्र से जीव का कल्याण हो जाता है।

उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण ने मुख्य रूप से ब्रज में तीन लीलाएं करने के लिए अवतार लिया था- माखन चोरी लीला, गौचारण लीला और महारासलीला। भगवान कृष्ण ने ब्रज में रहते हुए कभी जूते-चप्पल या सिले हुए वस्त्र धारण नहीं किए। वे यह बताना चाहते थे कि ब्रज की रज की अद्भुत महिमा है। जो ब्रजराज को मस्तक पर धारण करता है, उसे किशोरी राधा रानी की प्राप्ति होती है।

# प्रदेश में उर्वरकों की कालाबाजारी व जमाखोरी रोकने के लिए कर रहे हैं सघन निरीक्षण : डॉ. किरोड़ीलाल

## सहकारी व निजी क्षेत्र में 3.84 लाख मैट्रिक टन यूरिया, 71 हजार मैट्रिक टन डीएपी, 67 हजार मैट्रिक टन एनपीके तथा 2.13 लाख मैट्रिक टन एस.एस.पी. उर्वरकों का स्टॉक उपलब्ध है : कृषि मंत्री

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** राज्य सरकार और कृषि विभाग द्वारा खरीफ 2026 में मांग के अनुसार उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। उर्वरकों की कालाबाजारी, डायवर्जन व जमाखोरी को रोकने के लिए कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा प्रदेशभर में जिला, उपखण्ड एवं ग्राम पंचायत स्तर पर उर्वरक विक्रेताओं, यूरिया के गैर कृषि कार्य में उपयोग करने वाली उत्पादन ईकाईयों पर सघन निरीक्षण किया जा रहा है। प्लाईवुड, रेजिन, डेफ, पशु आहार के परिसरों में सघन निरीक्षण के बाद जहां-जहां अनियमितता मिल रही हैं, वहां कठोर कार्यवाही की जा रही है।

■ "कृषि विभाग ने 2793 निरीक्षण कर 437 उर्वरक विक्रेताओं को नोटिस थमाया, 23 को उर्वरक विक्रय से रोका, जबकि 38 उर्वरक विक्रय प्राधिकार पत्र निलम्बित किये"

कृषि मंत्री डॉ. किरोडी लाल ने बताया कि राज्य में 13 अप्रेल 2026 को सहकारी व निजी क्षैत्र में 3 लाख 84 हजार मैट्रिक टन यूरिया, 71 हजार मैट्रिक टन डीएपी, 67 हजार मैट्रिक टन एनपीके एवं 2 लाख 13 हजार मैट्रिक टन एसएसपी उर्वरकों का स्टॉक उपलब्ध है व आपूर्ति निरन्तर जारी है। कृषि मंत्री ने बताया कि किसानों को किसी भी प्रकार से चिंतित होने की आवश्यकता नही है, राज्य सरकार द्वारा उर्वरकों की उपलब्धता में कोई कमी नही आने दी जायेगी। विगत वर्षो व अन्य राज्यों की तुलना में इस वर्ष अधिक मात्रा में समस्त प्रकार के उर्वरकों की उपलब्धता है। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा यूरिया के डायवर्जन, काला बाजारी एवं जमाखोरी को रोकने हेतु गुण नियंत्रण अभियान 29 मार्च से चलाया जा रहा है तथा दिनांक 11 अप्रेल से विषेष अभियान चलाया जाकर पूरे प्रदेश में उर्वरकों के विक्रय, अवैध भण्डारण, कालाबाजारी व अनुदानित यूरिया के दुरुपयोग को रोकने के लिये औचक निरीक्षण कर छापेमारी की कार्यवाही की गई है। आयुक्त कृषि नरेश कुमार गोयल के नेतृत्व में 11 अप्रेल को उर्वरक विक्रेताओं व कालाडेरा औद्योगिक क्षेत्र में संचालित प्लाईवुड निर्माण ईकाईयों पर यूरिया के दुरुपयोग की आशंका के मध्यनजर छापेमारी की गई। विभाग द्वारा इस अवधि में 2793 निरीक्षण कर अनियमितता करने वाले विक्रेताओं के विरुद्ध 437 उर्वरक विक्रेताओं को कारण बताओं नोटिस जारी किये, 23 विक्रेताओं के उर्वरक विक्रय पर रोक लगाई गई, 38 उर्वरक विक्रय प्राधिकार पत्र निलम्बित किये जाकर एफआईआर हेतु 1 शिकायत दर्ज कराई गई है एवं उर्वरक निरीक्षकों द्वारा निरन्तर कार्यवाही जारी है।

प्रमुख शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी मंजू राजपाल द्वारा कृषकों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड में अंकित सिफारिशानुसार ही उर्वरकों के उपयोग हेतु प्रेरित करने, हरी खाद का उपयोग करने, जैविक खेती व प्राकृतिक खेती को बढावा देने तथा उर्वरकों का समान रूप से पारदर्शिता के साथ वितरण कराने और उर्वरक वितरण में अनियमितता बरतने वाले विक्रेताओं, जमाखोरों और कालाबाजारी करने वालों के विरुद्ध कठौर कार्यवाही हेतु समस्त जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया है।आयुक्त कृषि ने बताया कि समय-समय पर विषेष अभियान चलाये जाकर उर्वरक वितरण में जमाखोरी, कालाबाजारी, यूरिया डायवर्जन सहित अन्य अनियमितता बरतने वाले विक्रेताओं के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जा रही है। आयुक्त कृषि द्वारा राज्य के किसानों को सलाह दी गई है कि फसलों की बुवाई के समय ही मांग अनुसार उर्वरकों का क्रय करे , साथ ही रासायनिक उर्वरकों का उपयोग कम करते हुये अन्य वैकल्पिक उर्वरकों के उपयोग को बढावा दिया जावे।

# प्रदेश के पश्चिमी जिलों में हीटवेव का अलर्ट जारी

## राजस्थान में गर्मी बढ़ी, मौसम विभाग ने तापमान 44 डिग्री तक पहुंचने की संभावना जताई

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** प्रदेश में गर्मी ने अब तेज रफ्तार पकड़ ली है और आगामी दिनों में पश्चिमी राजस्थान के कई शहरों में तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के पार जाने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने इसे देखते हुए पश्चिमी राजस्थान में हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। मंगलवार को प्रदेश के पांच शहरों में दिन का तापमान 40 डिग्री से अधिक और रात का तापमान 25 डिग्री से ऊपर दर्ज किया गया। बाड़मेर में अधिकतम तापमान 41.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सबसे अधिक दर्ज किया गया, जबकि फलोदी में न्यूनतम तापमान 27.4 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे गर्म रात रही।

मौसम विभाग के अनुसार बाड़मेर के अलावा कोटा, चित्तौड़गढ़, जैसलमेर और चूरू में दिन का तापमान 40 डिग्री से अधिक रहा। वहीं, फलोदी के साथ बीकानेर, बारां, जालोर और बाड़मेर में रात का तापमान 25 डिग्री के पार पहुंच गया। इसके अलावा अलवर, पिलानी, पाली, जोधपुर, बीकानेर, श्रीगंगानगर, दौसा और लूणकरणसर में तापमान 39 डिग्री के पार रहने से आमजन को तेज गर्मी का सामना करना पड़ा।

मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि राज्य में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। आगामी 4-5 दिनों तक अधिकांश हिस्सों में मौसम शुष्क रहने और तापमान में 2 से 3 डिग्री की और वृद्धि होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि 17 और 18 अप्रैल को जोधपुर और बीकानेर संभाग के कुछ क्षेत्रों में तापमान 42 से 44 डिग्री तक पहुंच सकता है और कहीं-कहीं हीटवेव चलने की संभावना है।राजधानी जयपुर में भी गर्मी का असर बढ़ने लगा है। तेज धूप के कारण लोग छांव की तलाश करते नजर आ रहे हैं, वहीं ट्रैफिक सिग्नल पर दुपहिया वाहन चालकों को खड़ा होना मुश्किल हो रहा है। जयपुर का अधिकतम तापमान 38.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिसमें क्रमशः 1.8 और 1.2 डिग्री की बढ़ोतरी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार इस वर्ष अल नीनो के प्रभाव के कारण मानसून सामान्य से कम रहने की संभावना है, जिससे गर्मी का असर लंबे समय तक बना रह सकता है।

# अलवर : ट्रक में घुसी बस, पति-पत्नी और बेटी की मौत, 30 जने घायल

## हादसे में घायल 30 में से 12 लोग अलवर रेफर, दो घायलों को जयपुर भिजवाया

**अलवर,** (निसं)। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर हुई बस-ट्रक की टक्कर में पति-पत्नी और उनकी आठ साल की बेटी की मौत हो गई। वहीं दो साल की बेटी के खरोंच तक नहीं आई। बच्ची को राजगढ़ थाने ले गए और उसे कुछ खिलाने की कोशिश की। हालांकि बच्ची रोते हुए बार-बार अपनी मां को याद कर रही थी। वहीं हादसे में 30 जने घायल हो गये। हादसा अलवर जिले के राजगढ़ थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह करीब 6 बजे हुआ।

एसएचओ ने बताया कि हादसे में फिरोजाबाद निवासी ड्राइवर मोनू यादव (33) पुत्र संतोष यादव, उसकी पत्नी रीना यादव (32) और बेटी डोली यादव (8) की मौत हो गई। हादसे में घायल 30 में से 12 लोग अलवर रेफर किए हैं। वहीं, दो को जयपुर रेफर किया गया है। अन्य घायल को राजगढ़ और रैणी के हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया है। पुलिस के अनुसार बस उज्जैन से दिल्ली जा रही थी। आरोप है कि बस ड्राइवर की लापरवाही के कारण केमिकल से भरे खड़े ट्रक में घुस गई। एसएचओ राजेश मीणा ने बताया कि एक्सीडेंट रैणी थाना क्षेत्र में पिनान के पास दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर चैनल नंबर-100 इंटरचेंज पुलिया के पास हुआ। घायल पैसेंजर्स का आरोप है बस की स्पीड बहुत ज्यादा थी। ड्राइवर को झपकी आ रही थी। उसे बस साइड में रोकने के लिए कई बार कहा था, लेकिन वो ड्राइव करता रहा। घायलों ने आरोप लगाया कि हादसे के करीब दो घंटे बाद तक पुलिस मौके पर नहीं पहुंची, जिससे स्थानीय लोग और यात्रियों में नाराजगी है। वहीं, जिस ट्रक से टक्कर हुई है उसके ड्राइवर की भी तलाश की जा रही है।



हादसे में बस के आगे का हिस्सा पूरी तरह से चकनाचूर हो गया।

- **बस उज्जैन से दिल्ली जा रही थी, आरोप है कि बस ड्राइवर की लापरवाही से केमिकल से भरे खड़े ट्रक में घुस गई**
- **घायल यात्रियों का आरोप है बस की स्पीड बहुत ज्यादा थी, ड्राइवर को झपकी आ रही थी, उसे बस साइड में रोकने के लिए कई बार कहा था, लेकिन वो ड्राइव करता रहा**

# बाड़मेर में कार-पिकअप भिड़ंत में दम्पति सहित चार की मौत, एक घायल

**बाड़मेर,** (कासं)। बाड़मेर-जैसलमेर सड़क मार्ग पर हरसानी फांटे के पास मंगलवार को हुए एक दर्दनाक हादसे में पति-पत्नी, बच्चे सहित चार लोगों की मौत हो गई, जबकि एक घायल हो गया। हादसा इतना भीषण था कि दोनों गाड़ियों के परखच्चे उड़ गए। सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक चूनाराम जाट, अतिरिक्त जिला कलैक्टर राजेंद्र सिंह चांदावत, ग्रामीण थाना पुलिस सहित आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली तथा घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने चार को मृत घोषित कर दिया तथा एक का उपचार चल रहा है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे बाड़मेर-जैसलमेर मार्ग पर हरसानी फांटे के पास बाड़मेर आ रही सेंट्रो कार और जैसलमेर की तरफ जा रही पिकअप में भिड़ंत हो गई। सूचना पर प्रशासन व पुलिस के आला अधिकारी मय जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को गाडी से बाहर निकालकर जिला अस्पताल भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने चार को मृत घोषित कर दिया तथा एक घायल का उपचार चल रहा है। जानकारी के मुताबिक हादसे में कार सवार जोधपुर के भोपालगढ़ थाना क्षेत्र के निवासी बाबूलाल पुत्र दयाराम व उसकी पत्नी बेबी, पुत्र तथा धीरेंद्र वर्मा सभी चारों लोगों की मौत हो गई तथा पिकअप चालक किशनाराम निवासी फतेहगढ़ घायल हो गया। मृतक बाबूलाल निजी कंपनी में इंजीनियर थे। मौके पर पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

# उदयपुर : ट्रक-कार की टक्कर में सास व दामाद की मौत

**उदयपुर,** (कासं)। बेकरिया थाना क्षेत्र के उदयपुर-पिंडवाडा हाईवे पर मालवा चौराहे के पास मंगलवार तड़के तेज रफ्तार ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। इस हादसे से बचने के लिए पीछे आ रहा एक ट्रेलर भी अचानक से ब्रेक लगाने के चलते 20 फीट पहले पलट गया। ट्रक और कार की टक्कर इतनी भीषण थी कि कार में बैठे युवक और उसकी सास की मौत हो गयी जबकि एक बच्चा सहित ट्रक चालक और ट्रेलर चालक घायल हैं। कार का पिछला हिस्सा बुरी तरह चकनाचूर हो गया। सूचना पर हाईवे पेट्रोलिंग टीम और बेकरिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची। रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

बेकरिया थानाधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि हादसे में मावली निवासी महिला दया शर्मा व उनके दामाद पुष्पराज की मौत हो गई। दस वर्षीय हर्षवर्धन घायल हो गया। कार सवार उदयपुर-पिंडवाड़ा हाईवे से जोधपुर जा रहे थे। तभी मालवा चौराहे पास तेज रफ्तार ट्रक ने इनकी कार को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में ट्रक चालक के चोटें आई, जबकि अनियंत्रित होकर पलटे ट्रेलर का चालक घायल है।

# अजमेर में दरगाह क्षेत्र में अवैध निर्माण पर हाईकोर्ट सख्त

**अजमेर,** (निसं)। सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह के निकट स्थित सोलह खंभा शौचालय परिसर में कथित अवैध निर्माण के मामले में राजस्थान उच्च न्यायालय की जयपुर पीठ ने सख्त रुख अपनाया है। 8 अप्रैल को डीबी सिविल अवमानना याचिका संख्या 1301/2023 पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति इंदरजीत सिंह और न्यायमूर्ति अशोक कुमार जैन की खंडपीठ ने नगर निगम अजमेर के आयुक्त को निर्देश दिए कि स्वीकृत नक्शे के विपरीत किए गए निर्माण को हटाने के लिए की गई कार्रवाई का शपथ पत्र प्रस्तुत किया जाए।

- **नोटिस के बाद दरगाह कमेटी ने तोड़फोड़ शुरू की**

याचिकाकर्ता सैयद फखर काजमी चिश्ती, सैयद बाबर हुसैन चिश्ती, अब्दुल नईम, गुलाम मुस्तफा और अनवर अली ने अधिवक्ताओं आशीष सक्सेना और हर्षित मित्तल के माध्यम से याचिका दायर की थी। इसमें आरोप लगाया गया कि दरगाह कमेटी ने शौचालय के लिए निर्धारित भूमि पर नियमों के विरुद्ध निर्माण किया और स्वीकृत नक्शे से अलग बदलाव किए। निगम की ओर से प्रस्तुत जवाब में भी यह स्वीकार किया गया कि निर्माण स्वीकृत योजना के अनुरूप नहीं है। इस पर न्यायालय ने विस्तृत कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है।

इसी बीच नगर निगम से नोटिस मिलने के बाद दरगाह कमेटी ने स्वयं ही अवैध हिस्सों को तोड़ना शुरू कर दिया है। मौके पर कार्रवाई जारी है और प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है। मामले की अगली सुनवाई 28 अप्रैल को होगी।

# छह माह से फरार चल रहा पॉक्सो का आरोपी गिरफ्तार

## पुलिस ने करीब 25 दिन तक फाइनेंसकर्मी बनकर इलाके में रेकी की थी

**भीलवाड़ा,** (निसं)। पुलिस थाना बिजौलियां ने पॉक्सो अधिनियम के एक गंभीर मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने पिछले छह माह से फरार चल रहे पांच हजार रुपये के इनामी आरोपी धर्मराज उर्फ धर्मेन्द्र बावरी को गिरफ्तार कर लिया है।

अजमेर रेंज आईजी राजेंद्र सिंह और भीलवाड़ा पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशानुसार जिले में वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत एएसपी (मुख्यालय) पारस जैन व वृत्ताधिकारी माण्डलगढ़ बाबूलाल विश्नोई के सुपरविजन में थानाधिकारी स्वागत पाण्ड्या के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। मामला करीब 6 माह पुराना है, जब आरोपी धर्मराज ने एक नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर ले जाने के बाद उसके साथ बलात्कार की वारदात को अंजाम दिया था। घटना के बाद से ही आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर था। आरोपी की गंभीरता को देखते हुए एसपी भीलवाड़ा ने उस पर इनाम घोषित किया था। आरोपी को पकड़ने के लिए बिजौलियां थाने के कांस्टेबल राजवीर की अहम भूमिका रही। आरोपी की तलाश में राजवीर पाली जिले के सोजत सिटी पहुंचे। वहाँ आरोपी की पहचान और सटीक लोकेशन का पता लगाने के लिए राजवीर ने अपनी पहचान छिपाई और करीब 25 दिनों तक फाइनेंसकर्मी बनकर इलाके में रेकी की। स्थानीय स्तर पर खुफिया जानकारी जुटाने के बाद जैसे ही आरोपी के ठिकाने की पुष्टि हुई, टीम ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। इस सफल कार्यवाही में थानाधिकारी स्वागत पाण्ड्या, कांस्टेबल राजवीर और कांस्टेबल विश्राम की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। गिरफ्तार आरोपी धर्मराज पुत्र शेषाराम बाबरी, सोजत सिटी (पाली) का निवासी है। पुलिस अब आरोपी से अग्रिम पूछताछ कर रही है।

# अगले सप्ताह में तपिश और बढ़ेगी

**बीकानेर,** (निसं)। सूरज के तेवर अब तीखे होने लगे हैं। गर्मी ने अपने रंग दिखाने शुरू कर दिए। दिन का अधिकतम तापमान 39 डिग्री और रात का न्यूनतम पारा 24.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग की मानें तो यह तो महज शुरुआत है। आने वाले एक सप्ताह में तपिश और बढ़ेगी।

मौसमी गणनाओं के अनुसार इस बार अक्षय तृतीया तक गर्मी ओर तेज होगी। अगले सात दिनों के भीतर तापमान में 3 डिग्री सेल्सियस तक की और बढ़ोतरी होने की संभावना है। यानी आने वाले दिनों में बीकानेर का पारा 42 डिग्री के पार जा सकता है। आसमान पूरी तरह साफ रहने के कारण धूप सीधी जमीन पर आएगी। जिससे हीट वेव जैसी स्थिति बन सकती है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार फिलहाल किसी भी बड़े पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय न होने के कारण हवाओं की दिशा बदल गई है।

# दुष्कर्म के दोषी पिता को बीस साल की कैद

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। समाज के सबसे पवित्र रिश्ते को कलंकित करने वाले पिता को 20 साल कठोर कैद की सजा सुनाई गई है। दोषी पर 1 लाख रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया है। वहीं अगर जुर्माना जमा नहीं करवाया तो दोषी को 6-6 माह की सजा ज्यादा भोगनी होगी। दोषी ने अपनी ही जैविक बेटी के साथ दुष्कर्म किया था। यह फैसला पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत संख्या दो की ओर से 13 अप्रैल को सुनाया।

न्यायालय के एसपीपी हरवीरसिंह बराड़ ने बताया कि जिले के एक थाना क्षेत्र में यह घटना 31 अक्टूबर 2025 की दोपहर को हुई थी। पीड़िता घटना के दिन 12 साल 7 माह 29 दिन की ही थी। दोषी 40 वर्षीय पिता ने बच्ची को अपने छोटे भाई को जन्म के 13 दिन बाद ही गोद दे दिया था। घटना की दोपहर पीड़िता को दोषी घर में सरसों के बैग अंदर करवाने का कहकर लेकर गया। उस समय घर में कोई नहीं था। पीड़िता ने घटना के बाद अपने घर लौटकर भाभी को इसके बारे में बताया। इसके बाद परिवार के सदस्यों को फोन करके घर बुलाया गया। शाम को थाने में मुकदमा दर्ज करवाया गया। एसपीपी हरवीर बराड़ ने बताया कि घटना का कोई चश्मदीद गवाह नहीं था। लेकिन पुलिस की ओर से घटना के दौरान पीडिता तथा दोषी के पहने कपड़ों और मेडिकल के दौरान लिए गए सैंपल की एफएसएल जांच करवाई गई। इसके अलावा मेडिकल जांच रिपोर्ट में भी पीड़िता के साथ दुराचार होने की पुष्टि की गई। एफएसएल रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई। यही सजा के मुख्य आधार बने।

# बांसवाड़ा में बीएपी नेता के भाई की संदिग्ध मौत

## रात दो बजे झाड़ियों में घायल पड़ा मिला युवक, उपचार के दौरान मौत

**उदयपुर,** (कासं)। बांसवाडा में भारत आदिवासी पार्टी (बीएपी) से जुड़े नेता के भाई की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। परिजनों ने पीट पीटकर हत्या का आरोप लगाया है जबकि पुलिस प्रेम-प्रसंग के एंगल से जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार बीएपी नेता अशोक निनामा के भाई अनिल (28) खमेरा थाना क्षेत्र के काली मगरी इलाके में गंभीर घायल अवस्था में मिले। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार अनिल बांसलिखेड़ा के रहने वाले थे। वे अपने घर से करीब 6 किलोमीटर दूर झाड़ियों में घायल मिले थे। जांच में अशोक निनामा ने बताया है कि रात करीब 2 बजे उनके पास सरपंच प्रकाश का कॉल आया था। सरपंच ने पूछा कि तुम्हारा भाई कहां है? अशोक के अनुसार सरपंच ने उन्हें लोकेशन बताई और कहा कि अनिल यहां पड़ा है, आकर ले जाओ। परिजनों के साथ जब अशोक बताए गए स्थान काली मगरी के पास पहुंचे। उन्हें झाड़ियों से अनिल की चीखने की आवाज आई। जब हम उनके पास पहुंचे तो वह बहुत बुरी हालत में था। उसने बताया कि रात करीब साढे 12 बजे से उसे घसीट-घसीट कर पीटा गया है। परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और अनिल को गंभीर हालत में पहले स्थानीय अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां से अनिल को बांसवाडा रेफर किया गया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

घाटोल डिप्टी महेंद्र मेघवंशी ने बताया कि प्रेम-प्रसंग के एंगल से जांच की जा रही है। घटना के बाद युवक अनिल से रात में पुलिस ने बयान भी ले लिए थे। एसपी सुधीर जोशी ने बताया कि अभी कुछ नहीं कहा जा सकता है। पुलिस कॉल डिटेल्स की भी जांच कर रही है।

# अजमेर में बीसलपुर लाइन से अवैध कनेक्शन लेने पर एक जने को पकड़ा

**अजमेर,** (निसं)। गर्मी की शुरुआत के साथ ही अजमेर शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की किल्लत बढ़ने लगी है, लेकिन इसी बीच कुछ लोग निजी स्वार्थ के लिए सरकारी जल संसाधनों का दुरुपयोग कर रहे हैं। माखुपुरा क्षेत्र में जलदाय विभाग ने बीसलपुर की मुख्य पाइपलाइन में सेंध लगाकर अवैध कनेक्शन लेने वाले एक व्यक्ति को रंगे हाथों पकड़ लिया।

जलदाय विभाग की एक्सईएन निशा मीणा ने बताया कि क्षेत्र में लगातार कम प्रेशर की शिकायतें मिल रही थी। इस पर जेईएन बीना मीणा ने आकस्मिक निरीक्षण किया। जांच के दौरान एक खेत में बने टैंक तक पाइपलाइन जाती दिखाई दी। संदेह होने पर पानी की जांच की गई, तो वह बीसलपुर का मीठा पानी निकला। जांच में सामने आया कि माखुपुरा निवासी लेखराज ने मुख्य पाइपलाइन से अवैध कनेक्शन लेकर खेत में टैंक भर रखा था और उसी पानी से सिंचाई कर रहा था। मौके पर जब उससे संबंधित दस्तावेज मांगे गए, तो वह कोई प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर सका। मामले की गंभीरता को देखते हुए एईएन सत्यवीर मौके पर पहुंचे और पंचनामा तैयार किया। उनकी रिपोर्ट के आधार पर आदर्श नगर थाना पुलिस ने सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और अवैध जल कनेक्शन के आरोप में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- **आरोपी मुख्य पाइपलाइन से अवैध कनेक्शन लेकर खेत में टैंक भरकर सिंचाई कर रहा था**

अधिकारियों का कहना है कि इस तरह मुख्य लाइन में छेड़छाड़ से आगे के क्षेत्रों में पानी का दबाव कम हो जाता है, जिससे आम जनता को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता। विभाग ने चेतावनी दी है कि अवैध कनेक्शनों के खिलाफ अभियान और तेज किया जाएगा।

# इनामी बदमाश गिरफ्तार

**हनुमानगढ़,** (निसं)। पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत 43 किलो पोस्त बरामदगी के मामले में पिछले 9 माह से फरार चल रहे एक इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पीलीबंगा का लिखमीसर निवासी श्रीभगवान (37) है, जिस पर 5 हजार रुपए का इनाम घोषित था। यह मामला पीलीबंगा थाने में दर्ज किया गया था, जिसमें श्रीभगवान लंबे समय से फरार चल रहा था। उसके खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की जा रही है और मामले में आगे की जांच जारी है।

# चोरी की वारदात का खुलासा

**भरतपुर,** (निसं)। राजेंद्रनगर में हुई चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए थाना मथुरागेट पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मथुरा गेट थानाधिकारी हरलाल मीणा के नेतृत्व में पुलिस की टीम द्वारा गिरफ्तार आरोपी का नाम बलवीर उर्फ भाऊ पुत्र ओंकार सिंह निवासी मोरी चार बाग थाना मथुरागेट बताया गया है। गौरतलब है कि राजेंद्रनगर निवासी एडवोकेट प्रीति शर्मा ने 11 अप्रैल की रात जब उनका परिवार उज्जैन गया हुआ था, तब सूने मकान का ताला तोड़कर करीब 1.31 लाख रुपये की नकदी, चांदी के आभूषण, सिक्के, टीवी, डीवीआर और कैमरे चोरी कर लिए जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# दिव्यांग विवाहिता को दहेज के लिए घर से निकाला

**नापासर,** (निसं)। थाना क्षेत्र में एक दिव्यांग विवाहिता ने अपने पति और ससुराल पक्ष के 10 सदस्यों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना और मारपीट का मामला दर्ज कराया है। 29 वर्षीय पीड़िता का आरोप है कि उसका ससुराल पक्ष 5 लाख रुपये नकद और एक पिकअप गाड़ी की मांग को लेकर उसे लगातार प्रताड़ित कर रहा है।

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसका विवाह मई 2022 में चूरू निवासी मनोज नाथ के साथ हुआ था। विवाह के बाद से ही पति, सास-ससुर, जेठ-जेठानी और ननद सहित अन्य परिजन कम दहेज का ताना देकर उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट करते थे। आरोप है कि दिव्यांग होने के कारण उसे मानसिक रूप से भी प्रताड़ित किया जाता था। रिपोर्ट के अनुसार, आरोपियों ने पीड़िता को घर से निकाल दिया और शर्त रखी कि मांग पूरी होने पर ही उसे घर में प्रवेश मिलेगा। इसके अलावा, ससुराल पक्ष ने पीड़िता के पिता को भी जान से मारने की धमकी दी। नापासर पुलिस ने बीएनएस 2023 की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। थानाधिकारी सुषमा शेखावत इस मामले की गहन जांच कर रही हैं।

- **पति समेत 10 ससुराल वालों पर पांच लाख रुपये और पिकअप मांगने का आरोप**
- **ससुराल पक्ष ने पीड़िता के पिता को भी जान से मारने की धमकी दी, मामला दर्ज**

# अजमेर में सूने मकान से लाखों की चोरी

**अजमेर,** (कासं)। आदर्श नगर थाना क्षेत्र के बड़लिया गांव में चोरों ने सूने मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवरात और नकदी चोरी कर ली। घटना सोमवार की बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार मकान मालिक विक्रम सिंह अपने परिवार सहित रिश्तेदारी में शादी समारोह में शामिल होने के लिए सुबह करीब 9 बजे घर से गए थे। रात करीब 11 बजे लौटने पर उन्हें चोरी का पता चला। चोर मकान की जाली तोड़कर अंदर घुसे और आलमारी व पलंग में रखे जेवरात एवं नकदी चुरा ले गए। सामान की कीमत करीब 12 से 15 लाख रुपए बताई जा रही है। सूचना मिलने पर आदर्श नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस को मौके से सरिया भी मिला है, जिससे जाली तोड़ी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# एस्कॉर्ट सर्विस के नाम पर करोड़ों की ठगी, छह जने गिरफ्तार

**डूंगरपुर,** (निसं)। जिला पुलिस ने सायबर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन सायबर हंट के तहत कार्यवाही करते पुलिस ने 6 सायबर ठगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 12 मोबाइल फोन और 17 फर्जी सिम कार्ड बरामद किए हैं। आरोपी देशभर के लोगों को फर्जी एस्कॉर्ट सर्विस के नाम पर ठगी का शिकार बना रहे थे।

- **पुलिस ने बताया कि आरोपी मोबाइल फोन से लोगों से संपर्क कर खुद की पहचान बदलकर एस्कॉर्ट सर्विस उपलब्ध कराने का झांसा देते थे**

पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार ने सायबर अपराधों की रोकथाम के लिए जिले में लगातार ऑपरेशन सायबर हंट चलाया जा रहा है। इसी के तहत पुलिस को सूचना मिली कि भासोर से बनकोडा रोड पर कुछ लोग मोबाइल से ऑनलाइन ठगी कर रहे हैं। सूचना पर सागवाड़ा थाना पुलिस एवं जिला सायबर सेल की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर भासौर-बनकोडा रोड स्थित तालाब के पास के पास पहुंची। पुलिस ने घेरा डालकर मौके से 6 युवकों को पकड लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी मोबाइल फोन से लोगों से संपर्क कर खुद की पहचान बदलकर एस्कॉर्ट सर्विस उपलब्ध कराने का झांसा देते थे। आरोपी विभिन्न वेबसाइटों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे व्हाट्सएप, टेलीग्राम, इंस्टाग्राम और फेसबुक पर अश्लील फोटो भेज लोगों को अपने जाल में फंसाते थे। इसके बाद एडवांस पेमेंट के नाम पर फर्जी खातों में पैसे डलवाकर सायबर ठगी को अंजाम देते थे। पुलिस का कहना है कि यह गिरोह लंबे समय से सक्रिय था। मामले में और भी खुलासे होने की संभावना है। पुलिस ने मामले में आरोपी मुकेश पुत्र नानजी पाटीदार निवासी बोडीगामा छोटा, मुकेश पुत्र मोगजी पाटीदार निवासी बोडीगामा बड़ा, लालजी पाटीदार निवासी लौकियां बनकोडा, पंकज पाटीदार निवासी लौकियां बनकोडा, पियूष पटेल निवासी रायणा और कमलेश पाटीदार निवासी गामडी देवकी को गिरफ्तार कर लिया।



पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 12 मोबाइल फोन और 17 फर्जी सिम कार्ड बरामद किये।

# श्रीकरणपुर से कांग्रेस विधायक रुपिंदर सिंह कुन्नर को प्रशासन ने नजरबंद किया

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। श्रीकरणपुर से कांग्रेस विधायक रुपिंदर सिंह कुन्नर को प्रशासन ने हाउस अरेस्ट (नजरबंद) कर दिया है। विधायक रुपिंदर सिंह कुन्नर 25 बीबी स्थित घर में मौजूद हैं। घर के बाहर भारी पुलिस जाब्ता तैनात है। इधर, घर के अंदर अंबेडकर जयंती का कार्यक्रम रखा गया। इसमें विधायक कुन्नर ने समर्थकों को संबोधित किया। कांग्रेस विधायक रुपिंदर कुन्नर ने इस कार्रवाई को तानाशाही बताया।

- **श्रीगंगानगर-पदमपुर स्टेट हाईवे पर टोल वसूली के खिलाफ लोगों का प्रदर्शन पिछले 42 दिन से जारी है, विधायक कुन्नर समर्थकों के साथ 18 बीबी टोल प्लाजा पहुंचे और धरने पर बैठ गए थे**

जानकारी अनुसार श्रीगंगानगर-पदमपुर स्टेट हाईवे पर टोल वसूली के खिलाफ लोगों का प्रदर्शन पिछले 42 दिन से जारी है। श्रीकरणपुर से कांग्रेस विधायक रुपिंदर सिंह कुन्नर समर्थकों के साथ 18 बीबी टोल प्लाजा पहुंचे और धरने पर बैठ गए थे। इसके बाद विधायक और पुलिसकर्मियों के बीच धक्का-मुक्की हुई। देर रात को पुलिस ने कुन्नर और समर्थकों को हिरासत में ले लिया था, लेकिन कुछ समय बाद छोड़ दिया था। वहीं, प्रशासन ने मंगलवार सुबह हाईकोर्ट के आदेशों का हवाला देते हुए टोल को फिर से शुरू करवा दिया।

टोल प्लाजा पर भारी पुलिस जाब्ता तैनात किया गया है। विधायक कुन्नर की अपील पर मंगलवार सुबह 10 बजे बड़ी संख्या में किसान, कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय लोग 25 बीबी स्थित उनके घर पर पहुंचे। वहां डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान आगामी आंदोलन की रणनीति बनाई गई। कुन्नर ने कहा कि अवैध टोल वसूली बंद करने की मांग को दबाने की कोशिश की जा रही है। वहीं, प्रशासन का कहना है कि हाईकोर्ट के आदेशों का पालन करते हुए टोल वसूली जारी रखी है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह कदम उठाया गया है।

# विवाहिता ने आत्महत्या की

**चिड़ावा,** (निसं)। सोमवार रात एक विवाहिता ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना पिलानी रोड स्थित पुराने डिप्टी ऑफिस के सामने एक किराए के मकान में हुई। पुलिस ने बताया कि कलगांव निवासी 25 वर्षीय प्रियंका मेघवाल की शादी करीब तीन वर्ष पहले लोटिया निवासी मनोज कुमार से हुई थी। पिछले लगभग दो माह से वे चिड़ावा में एक किराए के मकान में रह रहे थे। परिजनों के अनुसार प्रियंका सोमवार को किसी काम से चिड़ावा आई थी। रात को उसने पति मनोज को फोन कर बताया कि उसे देर हो जाएगी। मनोज ने उसे चिड़ावा में ही रुकने या गांव आने को कहा। प्रियंका अपने किराए के मकान पर रुक गई। रात को बार-बार फोन करने पर भी जब प्रियंका ने जवाब नहीं दिया। तो परिजन चिड़ावा पहुंचे। वहां उन्होंने प्रियंका को कमरे में फंदे पर झूलता पाया।



## National Anime Day: Celebrating Japan's Global Pop Culture Phenomenon

Observed on April 15, National Anime Day celebrates the global influence of Japanese animation and its passionate fan community. Anime has grown from a niche entertainment form into a worldwide cultural phenomenon, known for its distinctive storytelling, artistic style and diverse genres. From action-packed series like Naruto and Attack on Titan to emotionally rich films by Studio Ghibli, anime continues to captivate audiences of all ages. The day encourages fans to revisit favourite shows, explore new titles and appreciate the creativity behind this unique art form that blends imagination, culture and storytelling in powerful ways.

Bollywood composers were united in their opinion that Asha's musical genius lay in her deep understanding of the mood of the song, the situation in the film and finally, the audience. Her singing did not remain confined to just 'sing' but she actually 'performed' each song with her voice, infusing each song with the mood it demanded in the given scene whether she knew the shot or not. Some examples that will joggle your memory and come alive in your mind are: "Aage Bhi, Jaane Na Tu… (Waqt, 1965)," "Jhumka Gira Re… (Mera Saaya, 1966)," "Aao Huzur Tumko… (Kismat, 1968)," "Saiya Le Gayi Jiya… (Ek Phool Do Maali - 1969)," "Reshmi Ujala Hai… (Sharmilee, 1971)."







# 'Raat Ki Rani' Is Lost

# But Her Fragrance Will Live On


Dr. Shoma A. Chatterji
*Film Scholar, Journalist & Author*


History defines Asha Bhonsle as the globally recognized voice who recorded the largest number of songs in the world's musical history. But it is a golden voice silenced forever through that inevitable friend of everyone, called Death, on April 12 2026. 12000 songs, 20 languages, eight decades. And as her sonorous voice reached out through the music waves, you felt she was singing only for you. That was Asha Bhonsle, who lived one of the most fulfilling lives ever and spread the charisma of her love for the culinary arts through her ten restaurants spread across the world, serving the best in North Indian cuisine. These, and her music, are now being managed and controlled by her sole surviving child Anand Bhonsle, who lives and works abroad, Asha's other two children having predeceased her some years ago.

Her voice had a hypnotic quality to it, and though that was perhaps God-gifted, she did not bask in the glory of that God's gift and worked on her riyaaz, her training, her learning till the last leg of her life. She made her debut as a singer on stage at the tender age of ten and had no clue about how to modulate her voice to the mike as she did not even know the function of the microphone in relation to her voice. "I was very diffident about my singing at that time because Didi (Lata Mangeshkar) was already a recognized singer by then, and I had no clue whether I could sing at all or not. But that day, I earned my confidence for the first time and since the performance went on well, I told myself that I could of course sing and could go on singing," said Ashaji in an interview with Arnab Goswami.

She sang for every music director one can imagine, spanning three generations of music composers and adjusted to the individual demands of each of them. She sang in 20 different languages but was particular of getting the enunciation of every single word right if it was not her mother tongue Marathi till the composer and the lyricist were satisfied. This writer once saw her Interview on Kolkata Doordarshan and she gave the entire interview in Bengali which must have been tough for her. She said that before she came to Kolkata to record Tagore songs in Bangla, her husband R.D. Burman warned her that there was no toying with Tagore and she just had to master her correct pronunciation of the Bengali poetry of Tagore before going in for the recording. She did just that but it was not an exception for her, it was a golden rule she followed right through her life.

If Lata Mangeshkar was known as the 'Nightingale of India,' Ashaji was the 'Raat Ki Raani' (sticks of tall white flowers that emanated a beautiful smell only at night). She lit her songs like a live torch, turning music into a flame of raging fire. What can you say about a rendering like "hona hai jo ho jaane do" or "aaiye meherban" (Howrah Bridge) or "piya tu ab to aaja," or "Parde Me Rehne Do…," "Sapna Mera Toot Gaya…," "Ye Ladka, Hai Allah, Kaisa Hai Deewana…," "Jaane Jaan, Dhoondhta Fir Raha…" and countless numbers we can and will never forget.

Bollywood composers were united in their opinion that Asha's musical genius lay in her deep understanding of the mood of the song, the situation in the film and finally, the audience. Her singing did not remain confined to just 'sing' but she actually 'performed' each song with her voice, infusing each song with the mood it demanded in the given scene whether she knew the shot or not. Some examples that will joggle your memory and come alive in your mind are: "Aage Bhi, Jaane Na Tu… (Waqt, 1965)," "Jhumka Gira Re… (Mera Saaya, 1966)," "Aao Huzur Tumko… (Kismat, 1968)," "Saiya Le Gayi Jiya… (Ek Phool Do Maali - 1969)," "Reshmi Ujala Hai… (Sharmilee, 1971)."

There are many more songs that bring back the talent who simply slipped away from us suddenly on April but will forever remain alive with her lilting voice echoing across the the skies electrically charged with songs of Asha like "Piya Tu Ab To Aaja…," "O Mere Sona Re Sona Re…," captured the rebellious spirit of the 1970s generation with "Dum Maro Dum (1971)," "Ek Main Aur Ek Tu (1975)," musical depth in ghazals of "Umrao Jaan" (1981) that earned her a National Award with "In Ankhon Ki Masti Me…" and a bhajan "Tora Man Darpan Kehlaye…" (Kaajal - 1965) or the vivacious "Tanha, Tanha, Yahan Pe Jeena…" (Rangeela, 1995) and "Sun Sun Didi Tere Liye…" (Khoobsurat, 1980).

She was so full of fun and vigour, that no lay person could guess the personal tragedies that riddled her personal life which she preferred always to keep within her best-kept secrets. She eloped with an aide, Ganpatrao Bhonsle in 1949, at the age of 16 and married him, but her mother, Lataji and the entire family cut her off, though she continued with her *tapasya* in music. The marriage did not work and Asha came back to her mother and sisters and brother with two little kids in tow and pregnant with a third one. Some say that Ganpatrao committed suicide soon after she left him, but others say that she could not live on in an abusive marriage. Hemant, the eldest, died of cancer in 2015. Hemant was a music director of considerable talent, having composed songs like "Jage jage nainon mein" for 'Damaad,' Marathi bhavgeet "Shaarad sundar" and "Yeu kashi priya," all of which his mother sang. 'Shraddhanjali' and 'Nazrana Pyar Ka' became popular too. Her only daughter, Varsha Bhonsle, was a journalist of some renown but she suffered from deep depression and reportedly shot herself to death in 2012.

Anand, her youngest son, who is settled in the US with his wife, stood like a solid iron wall behind his mother, managing her musical career, her travels and tours, her media coverages and last but never the least, the ten restaurants Ashaji began right across the globe under the name *Asha's* specializing in North Indian cuisine. She is said to have been a very good cook of mainly Maharashtrian recipes and is reported to have once said that had she not become a singer, she would have become a Chef.

Under the batons of O.P. Nayyar, Burman father-son duo, Sachin Dev and Rahul Dev who she married later and many other great composers, Asha blossomed and grew, singing silky melodies to powerful crescendos, pop, disco, rock, classical and adapting easily to diverse genres. Her repertoire spanned soft songs, romantic melodies, peppy cabarets to exhilarating qawwalis, soulful ghazals, divine bhajans and classical compositions. She crooned under the batons of masters like Ghulam Mohammed to young geniuses like A. R. Rahman and many more.

Madan Mohan, known for his talent in directing music dominated by classical Hindustani musical ragas, was fascinated by her voice. Madan Mohan recorded a number of songs with Asha Bhonsle, including the popular folk number "Jhumka gira re" from 'Mera Saaya' (1966) and "Shokh nazar ki bijliyaan" from 'Woh Kaun Thi?' (1964). When she went to Madan Mohan for recording "Jhumka gira re bareily ke bazaar mein" for 'Mera Saaya,' she reportedly said, "Madan Bhaiyya, this song is nice but who is singing the other songs and why can't I sing them?" Madan Mohan bluntly remarked, "Jab tak Lata hai Lata hee gayegi." Madan Mohan's affection for Lata Mangeshkar and her voice is well known. The very fact that Asha managed to carve a niche for herself in the film industry is a tribute to her genius and perseverance.

Her long relationship with music director O.P. Nayyar lifted both of them to new musical heights unparalleled in the history of Hindi cinema. They, together, formed one of Bollywood's most legendary composer-singer partnerships, revolutionizing Hindi film music in the 1950s and 60s with bold, rhythmic, and western-influenced tunes. Nayyar gave Asha her first major break, helping her overcome the 'Lata phobia' (overshadowing by Lata Mangeshkar) by utilizing her strong low register in hits like "Leke Pehla Pehla Pyaar." Their collaboration produced iconic hits like "Kajra Mohabbat Wala" and "Uden Jab Jab Zulfen Teri" before splitting in 1974. The grapevine insists that Ashaji and O.P. Nayyar were emotionally involved but neither of them confirmed the story.

Asha Bhonsle and R.D. Burman married in 1980, combining a profound musical partnership with a personal relationship, though they lived separately in later years. Despite a six-year age gap, Bhonsle being older, and initial hesitation from her, the couple shared a deep bond until Burman's death in 1994, collaborating on iconic songs. Reports suggest they separated in the late 1980s due to Burman's deteriorating health and struggles with alcoholism, yet remained friends, and Bhonsle was by his side when he died of a heart attack on January 4, 1994.

She last lent her voice to Gorillaz's Album *The Mountain* where she sang the track, *The Shadowy Light,* which was released on February 27, 2026.


rajeshsharma1049@gmail.com


## #ASHA BHONSLE (1933-2026)



> Anand, her youngest son, who is settled in the US with his wife, stood like a solid iron wall behind his mother, managing her musical career, her travels and tours, her media coverages and last but never the least, the ten restaurants Ashaji began right across the globe under the name *Asha's* specializing in North Indian cuisine.



Asha with daughter Varsha.



Asha Bhonsle and RD Burman.

## #MEMORIES

# Asha Ji's Connect To Jaipur

### Jaipur saw a rare occasion, when Ashaji came down for a wedding







Jaipur saw a rare occasion, when Ashaji came down for a wedding. The family was Marwadis settled in Bombay, as it was then called. Gokul Prasadji, of Bombay Hospital's grand daughter was to be married to the naati of Shri Hazarilal Sharma's daughter Indu Sharma, the owner of the Rashtradoot. As tradition held it, marriages and other important family occasions in marwadi families are held on home ground as far as possible.

Here are some rare pictures to remind us of her.













## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# प्रदेश की अधीनस्थ अदालतों वकीलों के चैंबर निर्माण में देरी पर हाईकोर्ट सख्त

## चैंबर निर्माण के आदेशों की समयबद्ध अनुपालना नहीं होने पर हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया

**जोधपुर,** (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट ने प्रदेश की अधीनस्थ अदालतों में वकीलों के लिए चैंबर निर्माण के आदेशों की समयबद्ध अनुपालना नहीं होने पर कड़ा रुख अपनाया है।

- **हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को चेतावनी दी है कि 29 अप्रैल तक विस्तृत अनुपालना रिपोर्ट पेश करे**
- **रिपोर्ट पेश नहीं की गई तो मुख्य सचिव, विधि विभाग के प्रमुख सचिव और वित्त विभाग के सचिव को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में उपस्थित होना होगा**

जस्टिस डॉ. पुष्पेंद्र सिंह भाटी और जस्टिस संदीप शाह की खंडपीठ ने इस मामले में आदेश जारी किए हैं। कोर्ट ने राज्य सरकार को चेतावनी दी है कि यदि 29 अप्रैल तक विस्तृत अनुपालना रिपोर्ट पेश नहीं की गई, तो राजस्थान के मुख्य सचिव, विधि विभाग के प्रमुख सचिव और वित्त विभाग के सचिव को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में उपस्थित होना होगा।

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता महावीर बिश्नोई, अतिरिक्त सहायक महाधिवक्ता आयुष गहलोत और एम. चयन बोथरा उपस्थित हुए। खंडपीठ ने जब 16 सितंबर 2025 को जारी किए गए समयबद्ध निर्देशों की प्रगति जाननी चाही, तो सरकारी वकील अनुपालना के संबंध में कोई ठोस आश्वासन या जानकारी देने में असमर्थ रहे। हालांकि, मामले की गंभीरता को देखते हुए सरकारी वकीलों ने कोर्ट से अनुपालना रिपोर्ट पेश करने के लिए एक अंतिम अवसर मांगा, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया।

हाईकोर्ट ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि आम नागरिकों को न्याय सुलभ कराने के लिए वकीलों को न्यूनतम बुनियादी सुविधाएं मिलना जरूरी है। कोर्ट ने 16 सितंबर 2025 के उस आदेश का हवाला दिया, जिसके तहत सरकार को प्रदेश की 35 जजों के अधिकार क्षेत्र वाली लगभग 1250 अधीनस्थ अदालतों में चैंबर निर्माण की व्यापक नीति बनानी थी। इस योजना के तहत चैंबर का निर्माण 30 मई 2026 तक पूरा किया जाना जरूरी है। साथ ही, अदालत ने वकीलों के सामूहिक हॉल्स को चैंबर में बदलने के विचार को अव्यावहारिक बताते हुए खारिज कर दिया था।

# भीलवाड़ा में खाद्य विभाग ने कई प्रतिष्ठानों से नमूने लिये

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले में आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा लगातार सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार व मंगलवार को विभिन्न प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई करते हुए खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए। इन नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला अजमेर भिजवाया गया।

- **नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला अजमेर भिजवाया**



खाद्य सुरक्षा टीम ने विभिन्न प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शर्मा ने बताया कि खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सोमवार को मैसर्स चामुंडा फूड्स, दांता पायरा, बनेड़ा से दूध का नमूना लिया। इसी प्रकार मेसर्स श्री बालाजी गुर्जर डेयरी, मांडल चौराहा से क्रीम का नमूना संग्रहित किया गया। वहीं मंगलवार को अभियान को आगे बढ़ाते हुए मैसर्स सिखवाल डेयरी, भीलवाड़ा से घी के दो नमूने लिए गए। इसके अलावा मैसर्स श्री सीताराम डेयरी व श्री श्याम डेयरी, कुंभा सर्किल रोड आजाद नगर से घी के नमूने लिए। इस कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी अशोक यादव के नेतृत्व में प्रशिक्षु खाद्य सुरक्षा अधिकारी गोवर्धन लाल व राजवीर सिंह चारण सहित अन्य टीम के सदस्य उपस्थित रहे। सीएमएचओ डॉ. संजीव शर्मा ने स्पष्ट किया है कि मिलावटखोरी पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा दोषी पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जिले में इस प्रकार के अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे, ताकि उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सके। सीएमएचओ ने आमजन से अपील की है कि खाद्य सामग्री खरीदते समय उसकी गुणवत्ता, पैकेजिंग तथा निर्माण एवं समाप्ति तिथि की अवश्य जांच करें। किसी भी प्रकार की मिलावट की आशंका होने पर तुरंत विभाग को सूचित करें।

# भीलवाड़ा : स्कूल में हुई चोरी की वारदात का खुलासा, दो जनों को पकड़ा

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले की बिजौलियां थाना पुलिस ने तिलस्वां स्थित सरकारी विद्यालय में हुई चोरी की वारदात का खुलासा किया है। पुलिस ने इस मामले में चोरी करने वाले दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है और चोरी का माल खरीदने वाले एक पुरुष और एक महिला को भी पकड़ लिया। पुलिस ने विद्यालय से चोरी गया कंप्यूटर, लेपटॉप और पंखों सहित पूरा सामान बरामद कर लिया है।

- **चोरी का माल खरीदने वाले एक पुरुष और एक महिला को भी दबोचा**

पुलिस के अनुसार, 8 अप्रैल 2026 को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तिलस्वां के प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार ने रिपोर्ट दी थी कि स्कूल से 2 एचपी कंप्यूटर सेट, 1 लैपटॉप, 2 पंखे, 20 स्कूल बैग, 6 हेडफोन और हार्ड डिस्क चोरी हो गए हैं। जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशानुसार थानाधिकारी स्वागत पाण्ड्या के नेतृत्व में एएसआई लक्ष्मणसिंह की विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने मुखबिरों और तकनीकी साक्ष्यों की मदद से संदिग्धों पर नजर रखी। संदेह होने पर रिजवान और शैतान सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उन्होंने स्कूल में चोरी करना कबूल किया। बदमाशों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी का माल खरीदने वाले सलावटिया निवासी ओमप्रकाश और कास्या निवासी जनता बाई को भी गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से स्कूल का सारा सामान बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी रिजवान पुत्र अब्दुल रहमान निवासी नीमच (म.प्र.), शैतान सिंह पुत्र स्व. नंद सिंह निवासी जावदा चित्तौड़गढ़, ओमप्रकाश पुत्र प्रभुलाल निवासी सलावटिया (खरीददार), जनता बाई पत्नी स्व. जगदीश निवासी कास्या (खरीददार) को गिरफ्तार किया है।

# झुंझुनूं में 35 लाख की अवैध शराब नष्ट कराई

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिले में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत आबकारी विभाग ने कार्रवाई करते हुए करीब 35 लाख रुपए कीमत की जब्त शराब को नष्ट कर दिया। विभाग द्वारा 550 पेटियों में भरी इस शराब की खेप को विधिवत प्रक्रिया अपनाते हुए नष्ट किया गया। जिला आबकारी अधिकारी रियाजुद्दीन सिद्दीकी ने बताया कि आबकारी थाना झुंझुनूं के सीआईओ ताराचंद जाखड़ व उनकी टीम ने विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर हरियाणा निर्मित अवैध शराब की बड़ी मात्रा जब्त की थी, जिन्हें गैरकानूनी रूप से जिले में खपाने की तैयारी थी।

अधिकारियों के अनुसार लंबे समय तक गोदामों में रखे रहने के कारण यह शराब उपभोग के लिए असुरक्षित हो चुकी थी और इसके सेवन से जनस्वास्थ्य को गंभीर खतरा हो सकता था। इसी कारण नियमानुसार इसे नष्ट किया गया। जिले में अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ लगातार सख्ती बरती जा रही है। आबकारी विभाग के 5 थानों और 3 सर्किलों की संयुक्त कार्रवाई में अब तक 500 से अधिक आपराधिक प्रकरण दर्ज किए जा चुके हैं। इतना ही नहीं, नियमों का उल्लंघन करने वाले लाइसेंसधारियों पर भी विभाग ने कार्रवाई तेज कर दी है। 100 से अधिक ठेकेदारों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर भारी जुर्माना वसूला गया है।

# सिम दूसरे फोन में डालकर नगदी उड़ाने वाले दो गिरफ्तार

**बीकानेर,** (निसं)। सदर थाना पुलिस ने एक गिरोह के दो ऐसे लोगों को गिरफ्तार किया है जो लोगों के मोबाइल छीनकर तकनीक के जरिये उनका फोन-पे खोल बैंक खातों से रुपए ट्रांसफर करा लेते थे। गिरोह के फरार लोग को नामजद किया है, जिनकी तलाश की जा रही है।

- **आरोपी लोगों के मोबाइल छीनकर तकनीक के जरिये फोन-पे खोल बैंक खातों से रुपए ट्रांसफर करा लेते थे**

सीओ सदर आईपीएस अनुष्ठा कालिया ने बताया कि 2 अप्रैल को जूनागढ़ के आगे चरणदत्त शर्मा को दो लड़कों ने रोका और जान से मारने की धमकी देकर मोबाइल, पर्स छीन लिया और फरार हो गए। पर्स में आधार कार्ड, पैन कार्ड, डेबिट कार्ड, रेलवे पास, सीनियर सिटीजन कार्ड सहित अन्य सामान था। उसके बाद अलग-अलग बैंक खातों से आरोपियों ने रुपए निकाल लिए। सदर थाने में मुकदमा दर्ज हुआ, जिसकी जांच एएसआई मदनलाल को सौंपी गई है। पुलिस ने मामले की छानबीन की तो सामने आया कि मोबाइल छीनने वाला एक गिरोह है जो वारदात के बाद फोन-पे में जाकर रुपए ट्रांसफर कर हड़प लेता है। गिरोह के लोगों को नामजद किया और सुभाष मार्ग स्थित एसएस मार्केट निवासी वाहिद और एमपी नगर में बी-4 निवासी अनीस अहमद को गिरफ्तार कर लिया। वाहिद तकनीक के जरिये बैंक खातों से रुपए निकालने का काम करता है और अनीस का सुभाष मार्ग पर ई-मित्र है जो कमीशन बेस पर खातों से रुपए निकाल कर देता था।

# बीकानेर में अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई की

**बीकानेर,** (निसं)। जिला कलैक्टर निशान्त जैन द्वारा खनिज विभाग को दिए गए निर्देशों के अनुसरण में मंगलवार को अवैध जिप्सम खनन की सूचना प्राप्त होने पर खनिज विभाग एवं राजस्व विभाग द्वारा संयुक्त रूप से चक 24 एसएमडी में दबिश दी गई। मौके पर एक जेसीबी, एक पोकलेन जेसीबी एवं जिप्सम छानने की दो मशीनों द्वारा जिप्सम का खनन किया जा रहा था। खनि अभियंता महेश प्रकाश पुरोहित द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मौके पर 2875 टन खनिज जिप्सम का अवैध खनन किया जाना पाया गया। मौके से चारों मशीनों को जब्त कर पुलिस थाना रणजीतपुरा को सूचित कर मौके पर बुलाकर सुपुर्दगी में दिया गया। खनि अभियंता पुरोहित ने बताया कि इस जिप्सम खनन पर कुल 61 लाख 70 हजार रुपये की शास्ति राशि आरोपित की गई है।

# कार से अफीम बरामद

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस थाना धनूरी और डीएसटी टीम की संयुक्त कार्रवाई में नाकाबंदी के दौरान एक कार से 522 ग्राम अवैध अफीम बरामद कर चालक पंकज कुमार को गिरफ्तार किया गया है।

जानकारी के अनुसार, डीएसटी प्रभारी हेमराज सिंह को गुप्त सूचना मिली थी कि हमीरी कलां की ओर से एक सफेद रंग की ईऑन कार में नशीला पदार्थ ले जाया जा रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए टीम ने तत्काल ईशरपुरा जोहड़ के पास नाकाबंदी कर दी। नाकाबंदी के दौरान संदिग्ध कार को रुकवाकर तलाशी ली गई, जिसमें 522 ग्राम अवैध अफीम बरामद हुई।

# बीछवाल एसएचओ पर जुर्माना लगा तो कोर्ट में पेश हुआ रिटायर्ड एसआई

**बीकानेर,** (निसं)। 12 साल पुराने मामले में पुलिस का गवाह रिटायर्ड एसआई कोर्ट में पेश नहीं हुआ। कोर्ट ने राज्य सरकार के प्रतिनिधि के रूप में बीछवाल पुलिस थाना एसएचओ पर दो हजार रुपए का जुर्माना थोप दिया, उसके बाद अगली तारीख पर गवाह को पेश किया गया।

अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या एक के समक्ष 12 साल पुराने मामले की सुनवाई चल रही है। इसमें केवल एक गवाह एसआई विजेन्द्रसिंह साक्षी के रूप में पेश होना था। बार-बार बुलाने पर भी जब वह पेश नहीं हुआ तो बीछवाल पुलिस थाना एसएचओ को 10 अप्रैल को उसे कोर्ट में हाजिर रखने के आदेश दिए। 10 अप्रैल को भी गवाह नहीं आया और एसएचओ की ओर से भी कोई सूचना कोर्ट में नहीं दी गई। कोर्ट ने बीछवाल एसएचओ पर दो हजार रुपए कोस्ट अधिरोपित कर दी। इसमें से 1500 रुपए लिटिगेट वेलफेयर फंड में जमा कराने और 500 रुपए अभियुक्तगण को देने के लिए कहा गया। गवाह रिटा. विजेन्द्रसिंह को 13 अप्रैल को कोर्ट में पेश करने और उसी दिन जुर्माने की राशि जमा कराने के आदेश दिए गए। एसएचओ पर जुर्माना अधिरोपित होने के बाद सोमवार को कोर्ट में गवाह को पेश कर दिया गया। इस मामले में कोर्ट ने टिप्पणी की थी कि पत्रावली अभियोजन साक्ष्य स्तर पर है। राज्य अथवा अभियोजन की लापरवाही से ही साक्ष्य नहीं हो पाए। अभियुक्त के मूल्यवान त्वरित न्याय के सिद्धांत का हनन हुआ है। ऐसे में कोस्ट अधिरोपित की जाती है। गौरतलब है कि राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर पीठ ने आकाश बनाम स्टेट ऑफ राजस्थान में निर्देश दिया कि जहां अभियोजन स्थगन की मांग करे, ऐसी दशा में अभियोजन पर समुचित कोस्ट अधिरोपित किया जाना उचित है। कोस्ट क्या होगी, यह मामले पर निर्भर करेगा।

# खेत में आग लगने से फसल जली

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। रायसिंहनगर क्षेत्र के गांव खींचिया में गेहूं की कटाई के दौरान फसल में आग लग गई। कम्बाइन मशीन से निकली चिंगारी ने अचानक आग का रूप ले लिया और किसान डूंगर राम के खेत में खड़ी 8 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। आग की सूचना मिलते ही रायसिंहनगर से फायर ब्रिगेड की गाड़ी तुरंत मौके पर पहुंची। फायरमैन ने ग्रामीणों के साथ मिलकर 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

# सीमा सुरक्षा बल में तैनात महिला सिपाही को हाईकोर्ट से न्याय मिला

**जोधपुर,** (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट की जोधपुर मुख्यपीठ ने वैवाहिक विवाद के एक अहम मामले में सीमा सुरक्षा बल में तैनात एक महिला सिपाही के पक्ष में फैसला सुनाया है। जस्टिस अरुण मोंगा और जस्टिस सुनील बेनीवाल की खंडपीठ ने पति द्वारा नौकरी छोड़ने का दबाव बनाने, 10 लाख रुपए की मांग करने, क्रिमिनल रिकॉर्ड और 10 साल से अलग रहने को क्रूरता व परित्याग मानते हुए तलाक की डिक्री जारी की है। कोर्ट ने चूरू के सरदारशहर की फैमिली कोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया है, जिसमें महिला की याचिका खारिज कर दी गई थी।

- **पति से 10 साल से अलग रहने को क्रूरता व परित्याग मानते हुए तलाक की डिक्री जारी की**

चूरू जिले के एक गांव की अपीलार्थी वर्तमान में जम्मू-कश्मीर में बीएसएफ में कार्यरत हैं। उसकी शादी साल 2009 को चूरू के एक अन्य गांव के रहने वाले व्यक्ति के साथ हुई थी। दोनों की 7 साल की एक बेटी है, जो महिला के पास है। याचिका में बताया गया कि शादी के बाद से ही पति और ससुराल वालों ने 10 लाख रुपए और एक पॉश इलाके में मकान की मांग को लेकर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। पति उसकी सैलरी छीनकर शराब पर उड़ा देता था। कोर्ट के समक्ष यह तथ्य भी रखा गया कि पति क्रिमिनल प्रवृत्ति का है और भानीपुरा थाने में दर्ज एक मामले में वह कस्टडी में भी रह चुका है, जिससे पत्नी हमेशा खौफ और असुरक्षा में रहती थी। जब महिला को वर्ष 2013 में बीएसएफ में नौकरी मिली, तो पति ने उस पर नौकरी से इस्तीफा देने का भारी दबाव बनाया। फैमिली कोर्ट में दिए गए अपने जवाब में पति ने पत्नी पर बेहद आपत्तिजनक आरोप लगाए। पति ने आरोप लगाया कि सरकारी नौकरी मिलने के बाद उसकी पत्नी खुद को महान समझने लगी है और किसी अन्य व्यक्ति के साथ अवैध संबंधों में है।

हाईकोर्ट की खंडपीठ ने माना कि एक कामकाजी महिला पर करियर छोड़ने का दबाव बनाना और उसकी गरिमा व चरित्र पर आधारहीन आरोप लगाना स्पष्ट रूप से गंभीर मानसिक क्रूरता की कैटेगिरी में आता है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि पति की इस प्रताड़ना के खिलाफ पुलिस में शिकायत न करने का मतलब यह नहीं है कि पत्नी ने क्रूरता नहीं सही है, अक्सर महिलाएं सामाजिक कलंक से बचने के लिए चुप रह जाती हैं। खंडपीठ ने इस बात पर गौर किया कि पति-पत्नी मई 2015 से यानी पिछले 10 वर्षों से ज्यादा समय से पूरी तरह अलग रह रहे हैं। इतने लंबे अलगाव के बाद उनके बीच वैवाहिक संबंध बहाल होने की कोई गुंजाइश नहीं बची है। मामले की गंभीरता इस बात से भी साबित होती है कि नोटिस मिलने के बावजूद पति हाईकोर्ट में उपस्थित नहीं हुआ। कोर्ट ने इसे पति की मौन सहमति माना और हिंदू मैरिज एक्ट की धारा 13 के तहत महिला सिपाही की अपील स्वीकार करते हुए 'तलाक' के फैसले पर मुहर लगा दी।

# डूंगरपुर में नकली घी के संदेह पर दो डेयरी सील

**डूंगरपुर,** (निसं)। शहर के माथुगामडा रोड पर 2 दूध डेयरी पर नकली घी की सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस ने छापेमारी की। पुलिस को दोनों डेयरी पर प्लास्टिक केन और थैलियों में घी भरा हुआ मिला।

पुलिस ने स्वास्थ्य विभाग को सूचना दी, लेकिन फूड इंस्पेक्टर के आने में देरी होने से दोनों डेयरी को सील कर दिया गया है। अब स्वास्थ्य विभाग दोनो डेयरी से घी के सैंपल की कार्यवाही जाएगी। कोतवाली थानाधिकारी अजय सिंह राव ने बताया कि शहर के माथुगामडा रोड पर दूध डेयरी में नकली घी बेचने को सूचना मिली थी। इस पर पुलिस की टीम माथुगामडा रोड जय मातेश्वरी दूध डेयरी और किशन मेवाड दूध डेयरी पर छापेमारी की। मातेश्वरी डेयरी पर थैलियों में घी भरा हुआ मिला, जबकि चार दुकान दौडकर ही किशन डेयरी पर एक प्लास्टिक केन में घी भरा हुआ मिला। पुलिस ने कार्रवाई की सूचना स्वास्थ्य विभाग को दी, लेकिन फूड इंस्पेक्टर के नहीं होने से दोनों डेयरी को घी की जांच तक के लिए सील कर दिया गया। स्वास्थ्य विभाग अब आगे सैंपल की कार्रवाई करेगा। सैंपल की जांच के बाद ही घी के बारे में पता चल सकेगा।

# तस्करी में लिप्त आठ आरोपी गिरफ्तार

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर जिले में चलाए जा रहे "नशा मुक्त अजमेर अभियान" के तहत पुलिस ने दो बड़ी कार्रवाइयों को अंजाम देते हुए अवैध मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है तथा भारी मात्रा में नशीले पदार्थ जब्त किए गए हैं।

जिला पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला पहली कार्रवाई पुलिस थाना पुष्कर एवं जिला स्पेशल टीम द्वारा संयुक्त रूप से की गई, जिसमें 127 ग्राम अवैध चरस के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से एक स्कूटी भी जब्त की गई। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति स्कूटी से चरस की सप्लाई कर रहा है। कार्रवाई के दौरान संदिग्ध को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें उसके पास से अलग-अलग पैकेटों में चरस बरामद हुई। वहीं दूसरी कार्रवाई पुलिस थाना किशनगढ़ शहर द्वारा की गई, जिसमें 47.9 ग्राम एमडी ड्रग्स जब्त की गई। इस मामले में महिला सहित तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका था, जबकि बाद में चार अन्य आरोपियों को जालोर से पकड़ा गया। इस कार्रवाई में तस्करी में उपयोग की जा रही एक कार भी जब्त की गई। पुलिस के अनुसार, दोनों मामलों में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच जारी है।

# श्रीडूंगरगढ़ में अति. निदेशक ( कृषि विस्तार ) ने उर्वरक भंडार का निरीक्षण किया

**बीकानेर,** (निसं)। अतिरिक्त निदेशक (कृषि विस्तार) टी.के. जोशी ने मंगलवार को उपजिला क्षेत्र श्रीडूंगरगढ़ का दौरा कर कृषि उर्वरक आदान व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के आदान विक्रेताओं के परिसरों का निरीक्षण किया तथा पीओएस मशीन एवं भौतिक स्टॉक का सत्यापन कर यूरिया उपलब्धता की स्थिति का मूल्यांकन किया। उन्होंने क्षेत्र में उर्वरक वितरण की पारदर्शिता एवं सुचारू आपूर्ति बनाए रखने के लिए आदान विक्रेताओं को विभागीय दिशा-निर्देशों की पूर्ण पालना करने हेतु निर्देशित किया।

- **अतिरिक्त निदेशक (कृषि विस्तार) जोशी ने उर्वरक वितरण व कृषि अभियानों की समीक्षा की**


अतिरिक्त निदेशक टी.के. जोशी ने श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र का दौरा किया।

निरीक्षण के पश्चात उन्होंने सहायक निदेशक कृषि विस्तार कार्यालय, श्रीडूंगरगढ़ में विभागीय अधिकारियों एवं स्टाफ की बैठक ली। बैठक में आगामी खरीफ सीजन के लिए यूरिया वितरण व्यवस्था, उर्वरक प्रबंधन तथा क्षेत्र में उर्वरकों की उपलब्धता पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही 'धरती माता बचाओ अभियान' एवं 'आपणो खेत, आपणी खाद' अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए मई में आयोजित होने वाले ग्राम-2026 कार्यक्रम की तैयारियों पर भी विशेष जोर दिया।

दौरे के अंत में अतिरिक्त निदेशक (कृषि विस्तार) टी.के. जोशी ने संबंधित अधिकारियों को विभागीय योजनाओं की प्रभावी क्रियान्विति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सहायक निदेशक कृषि रघुवीर दयाल सुथार, कृषि अधिकारी कन्हैयालाल सरस्वा, डॉ. महेंद्र प्रताप, मेघराज बंजारा एवं सहायक कृषि अधिकारी हितेश जांगिड़ एवं अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।

# पालतू श्वान को जेसीबी से लटकाकर मारा

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के सालावास- बोरानाडा रोड पर आई एक फैक्टरी में पालतू श्वान को जेसीबी से फंदा लगाकर मारकर मार डाला। घटना सीसीटीवी फुटेज और वीडियो सोमवार की रात को वायरल हुआ है। श्वान को लेकर एक व्यक्ति की तरफ से पड़ौस की फैक्टरी स्टाफ के खिलाफ रिपोर्ट दी गई है। इस बारे में विवेक विहार थाना पुलिस जांच के बाद हरियाणा के करनाल निवासी राजकुमार और मैनपाल दो युवकों को हिरासत में लिया है।

लूणी के सालावास स्थित उचलावास निवासी मनोज कुमार पुत्र नवलाराम गहलोत ने पुलिस में रिपोर्ट दी है। इसमें बताया कि उसकी फैक्टरी सालावास-बोरानाडा रोड पर आई है। उसका एक पालतू श्वान बॉस है। 12 अप्रैल रविवार को वह रात को घूमते हुए पड़ौस में आई एक अन्य फैक्टरी में चला गया था। तब वहां एक स्टाफ ने उसे रोटी देने के बहाने गले में फंदा डाल दिया। बाद में जेसीबी से लटकाकर उसे मार डाला। उसके श्वान का पता नहीं चलने पर उसे ढूंढा गया तो वह नजदीक में एक मेडिकल डिवाइस के पॉक में पड़ा मिला। उसके गले में फंदा डाला हुआ था। सीसीटीवी फुटेज देखे तो उक्त घटना का पता लगा।

# पाली में नकली और मिलावटी घी के संदेह पर कार्रवाई


पाली शहर में डेयरी एंड जनरल स्टोर पर घी के नमूने लिये।

**पाली,** (नि.सं.)। पाली जिले में मिलावटखोरों के खिलाफ विशेष अभियान जारी है। सीएमएचओ डॉ. विकास मारवाल के निर्देशानुसार अभियान के तहत पाली शहर के इंद्रा कॉलोनी पर स्थित भुवाल माता डेयरी एंड जनरल स्टोर से घी का नमूना तथा दूसरी शिकायत भीखाजी नगर कोसलाव शिव शक्ति किराना स्टोर से नकली घी के संदेह पर कृष्णा घी, सरस घी, अमूल घी के 4 नमूने लिए 27 टीन को विक्रय नहीं करने की हिदायत दी। खाद्य विभाग की टीम ने भारत सरकार द्वारा प्राप्त शिकायत पर खिवाड़ा में विधाता सुपर मार्केट पर कार्यवाही कर सरस से मिलते-जुलते चार ब्रांड घी के सैंपल लिए। सभी नमूने प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा गया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुरेश चन्द शर्मा ने बताया कि मंगलवार को खिंवाड़ा में विभाग की टीम ने श्री श्याम सरस, धेनु सरस, गो अमृत सहित अनेक ब्रांड के घी के सैंपल जांच के लिए लिया। प्रयोगशाला से रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त

### राजस्थान पेंशनर समाज उपशाखा की बैठक सम्पन्न

**फुलेरा।** राजस्थान पेंशनर समाज उपशाखा की मासिक बैठक सोमवार को श्रीरामद्वारा सभागार में अध्यक्ष शक्ति सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में गतमाह आयोजित हुए जिला अधिवेशन तथा डीएस नकारा की मूर्ति अनावरण तथा पेंशन नियम संशोधन अधिनियम 2025 कार्यक्रम की समीक्षा की गई एवं सदन के सुझाव आमंत्रित किए गए। सदस्यता अभियान को गति प्रदान करने के लिए सदन में उपस्थित रमेश गोठवाल ने उपस्थित सदस्यों से अपने आसपास सेवानिवृत हुए कर्मचारियों को चिन्हित कर नवीन सूची उपलब्ध कराने की बात की, जिस पर सदन में उपस्थित प्रताप सिंह, भंवरलाल कुमावत, गंगाकाशी जाट, रामप्रसाद नारनोलिया, प्रभुदयाल कुमावत ने अपने-अपने क्षेत्र की सूची उपलब्ध करवाई सूची के आधार पर उनसे संपर्क कर नवीन सदस्य बनाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। रामप्रसाद नरनोलिया के अनुभव का लाभ लेते हुए उन्हें कार्यालय मंत्री का दायित्व प्रदान किया गया तथा कार्यालय मंत्री के दायित्व से भी अवगत करवाया गया। बैठक में राजस्थान पेंशनर समाज उपशाखा अध्यक्ष शक्ति सिंह, भंवरलाल कुमावत, कन्हैयालाल कुम्हार, राकेश माथुर, मुरारीलाल, नाथूलाल मावर, इकरामुद्दीन कुरेशी, कैलाश सोनी, हनुमान सिंह परिहार, रामजीलाल, पुरुषोत्तम शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### गौ सम्मान को लेकर बैठक आयोजित

**दौसा ।** गौ सम्मान आव्हान अभियान के तहत सोमवार को स्थानीय श्रीराम मंदिर दौसा में बैठक आयोजित की गई, जिसमें गौ माता को राष्ट्र माता घोषित किये जाने की मांग की गई। बैठक में रवि नंदन भट्टाचार्य, शंकराचार्य के परम शिष्य, संत महामंडलेश्वर अमर दास महाराज, संत श्री संदीप दास महाराज, संत सियाराम दास भारती, संत महंत बोला दास महाराज ने गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने के संदर्भ में चर्चा की गई। सभी संतों ने बताया कि भारतवर्ष में गौ माता को राष्ट्र माता का सम्मान प्रदान करें, भारतवर्ष में गौ सेवा हेतु केंद्रीय कानून बने, भारतवर्ष में गौ हत्या पूरी तरह समाप्त हो। इन सभी के लिए सभी तहसील मुख्यालयों पर 27 अप्रैल को एक ज्ञापन महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम दिया जाएगा। इस अवसर पर दौसा के गणमान्य गौ भक्त किरण शर्मा, पार्षद हंसराज गुर्जर, कैलाश चंद्र शर्मा महेश्वरा, राजेश शर्मा, रामराय शर्मा, धर्म सिंह गुर्जर, शिवकुमार खेडला, सत्यनारायण शर्मा उपस्थित रहे।

### अंबेडकर को किया याद

**निवाई।** कांग्रेस कमेठी के तत्वावधान में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। बाबा साहेब के जयकारे लगाते हुए उनकी जीवनी व कार्यों पर विचार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन शहर अध्यक्ष एडवोकेट सतीश शर्मा ने किया। इस दौरान प्रवीण माणू, प्रियंका गांधी बिग्रेड के प्रदेशाध्यक्ष रामप्रसाद परिवाडवाल, हनुमान सुनारा, गिरिराज चंवरिया, पारसमल सैनी, इश्माईल खान बाबा, एवं नासिर कुरेशी सहित कई कार्यकर्ताओं ने भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके उनको याद किया।

### कांग्रेस ने विचार गोष्ठी रखी

**दौसा ।** जिले भर में मंगलवार को संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई। जिला मुख्यालय रैली, शोभायात्रा और विचार संगोष्ठियों का आयोजन हुआ, जिसमें हज़ारों की संख्या में आमजन और राजनैतिक पार्टियों के नेताओं ने भाग लिया। डॉ.भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर सोमवार को रैली का आयोजन किया गया, रैली गंगाविहार कॉलोनी से रवाना होकर शहर के मुख्य मार्गो से होती हुई।


नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# बाबा साहेब के संविधान ने प्रत्येक वर्ग को सम्मान व अधिकार दिलाने का मार्ग प्रशस्त किया : पटेल



विधायक पटेल ने डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

- डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135 वीं जयन्ती एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ

**कोटपूतली।** स्थानीय नगर परिषद पार्क में मंगलवार को डॉ. अम्बेडकर विचार मंच एवं मेघवाल विकास समिति के संयुक्त तत्वाधान में संविधान निर्माता, भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135 वीं जयंती बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनाई गई। इस मौके पर प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन भी किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि विधायक हंसराज पटेल ने बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर पटेल ने कहा कि बाबा साहब का संपूर्ण जीवन सामाजिक न्याय, समानता और अधिकारों की लड़ाई का प्रतीक रहा है। उन्होंने देश को ऐसा संविधान दिया, जिसने प्रत्येक वर्ग को सम्मान और अधिकार दिलाने का मार्ग प्रशस्त किया। आज आवश्यकता है कि हम उनके विचारों को केवल शब्दों तक सीमित ना रखें, बल्कि उन्हें जमीनी स्तर पर लागू कर समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने का कार्य करें।

अति विषिष्ठ अतिथि पूर्व गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि ऐसे आयोजन ना केवल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करते हैं, बल्कि युवाओं को आगे बढ़ने की नई दिशा भी प्रदान करते हैं। समाजसेवी एड. मनोज चौधरी ने बाबा साहब के ''शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो'' का संदेश देते हुये कहा कि वंचितों को अधिकार दिलाने, सामाजिक समरसता, शिक्षा के महत्व और संविधान के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. डी.आर रेवाला ने की। कार्यक्रम संयोजक एड. सुबेसिह मोरोड़िया ने बताया कि अति विशिष्ठ अतिथि पूर्व प्रधान मीना कुमारी, आर एस झांझरिया, जगदीश मीणा, प्राचार्य प्रो. आर के सिंह, प्राचार्य डॉ. एच. एन. धोलीवाल, यूपीएससी चयनित हिमांशु निमोरिया, रामनिवास मीणा, डॉ. जयदयाल, डॉ. मंजू मौर्य, डॉ. अल्का रही। वक्ताओं ने संविधान एवं बाबा साहब के विचारों को आत्मसात् करने पर बल दिया। कार्यक्रम में आईएएस चयनित कल्पना मीणा व हिमांशु निमोरिया समेत विभिन्न क्षेत्रों की लगभग 250 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन करते हुये वक्ताओं ने कहा कि ये प्रतिभायें नए भारत के निर्माण की मजबूत नींव हैं। इन होनहार विद्यार्थियों की उपलब्धियां निश्चित रूप से समाज और देश को नई दिशा देने का कार्य करेंगी। संचालन राजेन्द्र तोंदवाल व चिरंजीलाल आर्य ने किया।

इस दौरान मेघवाल विकास समिति अध्यक्ष मदनलाल वर्मा, डॉ. अम्बेडकर विचार मंच के अध्यक्ष जगदीश मेघवाल, रतिराम जीलोवा, हरिपाल वर्मा, कांग्रेस एससी विभाग के जिलाध्यक्ष तारा पूतली, एसीबीईओ पूरण चंद कसाना, एड. रमेष रावत, एड. कमल कसाना, रामनिवास, ओमप्रकाश वर्मा, दुलीचंद आर्य, उमेश आर्य, बदलूराम आर्य, श्रीराम आर्य, गिरिराज प्रधानाचार्य, प्रकाश चंद, अध्यापक, कैलाष चंद आर्य, पूरणमल गोठवाल, कबूल चंद समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### सम्मान समारोह आयोजित

**पावटा।** उपखंड पावटा में सैन समाज द्वारा संत शिरोमणि सैन जी महाराज का 726वां सेन जयंती महोत्सव मोहनदास रामायणी महाराज के परम चेले नारायणदास महाराज के सानिंध्य में सैन समाज के वरिष्ठ पूरणमल सैन, गिरधारी लाल सैन, दौलतराम सैन, मोहनलाल सैन, श्यामलाल सैन, महेश सैन, पवन सैन, विनोद सिंह, नीरज सैन, लहरीराम, भैरूराम, मामराज आंतेला, देवेंद्र, विक्की सेन, पप्पूराम, श्यामलाल, संजय पंडितपुरा, एवं पावटा सैन नवयुवक मंडल अध्यक्ष बाबूलाल सैन, उपाध्यक्ष नितिन सैन, कोषाध्यक्ष राहुल सेन, सह कोषाध्यक्ष संजय सेन, सचिव रविकांत सैन, व्यवस्थापक सोनू सैन, महामंत्री मनीष सैन सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के विशिष्ट आतिथ्य में दीप प्रज्वलित कर हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान नवयुवक मण्डल सैन समाज पावटा द्वारा आयोजित सम्मान समारोह के दौरान प्रतिभावान छात्र-छात्राओ का सम्मान किया गया। शोभायात्रा गाजे बाजे एवं शाही लवाजमे के साथ प्रारंभ होकर भव्य आतिशबाजी के साथ कस्बे के मुख्य मार्गो से भ्रमण करती हुई वापस मंदिर पर जाकर सम्पन्न हुई।

# बाबा साहेब के आदर्शों से ही सशक्त होगा भारत : कलेक्टर

- अंबेडकर पार्क के समारोह में संविधान की दिलाई शपथ, रैली को दिखाई हरी झंडी

**भरतपुर।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर जिला कलेक्ट्रेट के सामने स्थित अंबेडकर पार्क में उल्लास और गरिमा के साथ समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान जिला कलक्टर कमर चौधरी ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण किया और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। जिला कलक्टर ने बाबा साहेब के विचारों को आज के समय में बेहद प्रासंगिक बताया। बाबा साहेब के विचार समारोह को संबोधित करते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को बाबा साहेब के विचारों, आदर्शों और सिद्धांतों को अपने जीवन में उतारना चाहिए। जब युवा इन विचारों को आत्मसात करेंगे, तभी भारतीय संविधान को और अधिक मजबूती मिलेगी और भारत विश्व पटल पर एक सशक्त व समृद्ध राष्ट्र के रूप में स्थापित हो सकेगा। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर का पूरा जीवन संघर्ष, त्याग और सामाजिक न्याय के प्रति समर्पण की एक अद्भुत मिसाल है।

जिला कलक्टर ने समाज के वंचित और पिछड़े वर्गों को अधिकार दिलाने में बाबा साहेब की अहम भूमिका को याद किया। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के जरिए देश को समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व का मार्ग दिखाने वाले डॉ. अंबेडकर के सिद्धांत वर्तमान में भी प्रासंगिक हैं। समाज में समरसता और समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए उनके विचारों को अपनाना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सबसे मजबूत हथियार बताते हुए युवाओं से इससे प्रेरणा लेने का आव्हान किया। इस अवसर पर जिला कलक्टर ने अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में निकाली गई रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम के अंत में जिला कलक्टर ने अधिकारियों, कर्मचारियों और आम शहरवासियों को भारतीय संविधान की रक्षा और पालन की शपथ दिलाई। वहीं, एडीएम सिटी राहुल सैनी ने सभी को संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराया गया।

इस दौरान कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन घनश्याम शर्मा, उपखंड अधिकारी भारती गुप्ता, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक श्यामसुंदर शर्मा, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी रामरतन, हॉर्टिकल्चर उप निदेशक जनकराज मीना, नगर निगम आरओ तेजराम मीणा, प्रेम सिंह, ऊदल सिंह, राजकुमार पप्पा, विजय सिंह, भंवर सिंह, तूफान सिंह, उदय सिंह, वीरेंद्र ,भूदेव प्रसाद, डॉ अमित, रिंकू सिंह, श्याम सिंह सागर सहित अनेक जनप्रतिनिधि,अधिकारी-कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### पावटा क्षेत्र में निजी अस्पताल बंद रहे

**पावटा।** निविक अस्पताल के निदेशक डॉ. सोमदेव बंसल की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदेशभर के निजी चिकित्सकों ने 24 घंटे की हड़ताल का ऐलान किया। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) राजस्थान के आव्हान पर 14 अप्रैल सुबह 8 बजे से 15 अप्रैल सुबह 8 बजे तक बंद के दौरान उपखंड पावटा में सभी निजी चिकित्सा सेवाएं पूरी तरह बंद रहीं। हड़ताल के दौरान उपखंड पावटा क्षेत्र के निजी अस्पताल, क्लीनिक और नर्सिंग होम बंद रहे, जिससे मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वही स्थानीय चिकित्सकों ने कहा कि डॉ. बंसल की गिरफ्तारी से चिकित्सा जगत में भय और असुरक्षा का माहौल बना है। इस कार्रवाई से चिकित्सकों में गहरा रोष है। उनका कहना है कि संबंधित मामले की जांच के लिए गठित मेडिकल बोर्ड ने किसी भी प्रकार की चिकित्सकीय लापरवाही नहीं पाई, इसके बावजूद आरजीएचएस से जुड़ी कथित अनियमितताओं के आधार पर गिरफ्तारी की गई, जो अनुचित है।

# चौमूं में अंबेडकर जयंती पर रक्तदान शिविर आयोजित



रक्तदान शिविर एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित हुआ।

- 62 यूनिट रक्त एकत्रित
- 135वीं जयंती पर प्रतिभाओं का किया सम्मान
- युवाओं को मिला प्रेरणादायक संदेश

**चौमूं / कालाडेरा ।** चौमूं उपखण्ड के गाँव सिंगोद खुर्द स्थित अंबेडकर भवन में मंगलवार को संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर अंबेडकर नवयुवक मंडल सिंगोद खुर्द के तत्वावधान में चतुर्थ विशाल रक्तदान शिविर एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजित हुआ। डॉ. अंबेडकर सामाजिक समरसता के प्रतीक थे और उनके विचार आज भी समाज को सही दिशा देने का कार्य कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जयंती के अवसर पर रक्तदान करना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है और इससे बढ़कर कोई सेवा नहीं हो सकती। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के प्रदेश महामंत्री छुट्टन यादव, जाट महासभा तहसील चौमूं आमेर के पूर्व अध्यक्ष पवन चौपड़ा भाजपा मण्डल गोविन्दगढ अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह, पूर्व सरपंच सरदार सिंह जाखड़, प्रोफेसर डॉ. सी.बी. यादव, उपसरपंच कल्याण सिंह, सज्जन सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### जाति उन्मूलन के लिए डीएसएमएम कार्यकर्ताओं ने संघर्ष का संकल्प लिया

- जाति मुक्त, समतामूलक भारत के निर्माण का संकल्प लिया

**अलवर।** दलित शोषण मुक्ति मंच (डीएसएमएम) से जुड़े बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की ओर से 135वीं जयंती पर आज अंबेडकर सर्किल स्थित भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सादर नमन किया तथा जाति मुक्त, समतामूलक भारत के निर्माण का संकल्प लिया।

डीएसएमएम बैनर पर अंकित बाबा साहेब की विश्वप्रसिद्ध रचना ''एनिहिलेशन ऑफ कास्ट'' अर्थात जाति का सर्वनाश का वर्तमान में महत्व बताते हुए प्रो.रमेश बैरवा ने कहा कि यह रचना कार्ल मार्क्स के कम्युनिस्ट मेनिफेस्टो जैसी है।

मार्क्स ने दुनिया के समक्ष वर्ग शोषण से मुक्ति का कार्यक्रम रखा तो बाबा साहेब ने इस पुस्तक में छुआछूत, ऊंचनीच,अन्याय एवं असमानता की पोषक जाति से मुक्त भारत का कार्यक्रम प्रस्तुत किया। डीएसएमएम कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब अमर रहे, जाति का सर्वनाश हो, समाजवाद जिंदाबाद, दलित उत्पीड़न पर रोक लगाओ, महिला उत्पीड़न पर रोक लगाओ, के गगनभेदी नारे लगाकर जाति उन्मूलन के लिए संघर्ष तेज करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मंच जिला संयोजक एडवोकेट बी एल वर्मा, सहसंयोजक फतेहसिंह, एडवोकेट श्याम सुंदर जाटव शेरसिंह, अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति जिला सचिव अनीता जाटव, रंजीता, कमलेश कुमार, श्योप्रसाद बैरवा, जीतसिंह,पवन कुमार, अशोक कुमार वर्मा, योगेश कुमार,सुनीता फतेहसिंह, अनीता,बबलू सांवरिया, समुंदर सिंह रोनपुर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।

# अंबेडकर जयंती पर जिला स्तरीय समारोह आयोजित, जनप्रतिनिधियों ने समानता का संदेश दिया



जिला कलेक्टर ने प्रतिभाओं को सम्मानित किया।

- दौसा विधायक दीन दयाल बैरवा, जिला परिषद सदस्य नीलम गुर्जर एवं कमला केशरा ने भी डॉ. अंबेडकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आव्हान किया

**दौसा।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर मंगलवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह से वर्चुअल रूप से जुड़ा रहा।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये सांसद मुरारी लाल मीणा ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने समाज में व्याप्त सामाजिक एवं आर्थिक असमानता तथा छुआछूत को समाप्त करने के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए। उन्होंने सभी को शिक्षित बनने, आगे बढ़ने और समाज में समानता का भाव स्थापित करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सकती है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने वर्चुअल माध्यम से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत के प्रेरणादायक उद्बोधन सुने। मुख्यमंत्री ने राज्य स्तरीय समारोह से सामाजिक सुरक्षा पेंशन एवं पालनहार योजना की राशि डीबीटी के माध्यम से लाभार्थियों के खातों में स्थानांतरित की तथा बहरावंडा में राजकीय सावित्रीबाई फुले अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास भवन का वर्चुअल शिलान्यास किया।

इस अवसर पर जिला कलक्टर डॉ. सौम्या झा ने उपस्थित जनों को संविधान की शपथ दिलाई, जबकि अतिरिक्त जिला कलक्टर अरविंद शर्मा ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। महवा विधायक राजेन्द्र मीणा, दौसा विधायक दीन दयाल बैरवा, जिला परिषद सदस्य नीलम गुर्जर एवं कमला केशरा ने भी डॉ. अंबेडकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आव्हान किया।

समारोह के दौरान जिला स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के उत्थान तथा जरूरतमंदों के पुनर्वास में उत्कृष्ट योगदान के लिए अम्बेडकर सामाजिक सेवा पुरस्कार से हीरालाल महावर एवं राजेन्द्र कुमार वर्मा को सम्मानित किया गया। वहीं महिला कल्याण के क्षेत्र में सराहनीय कार्य के लिए अम्बेडकर महिला कल्याण पुरस्कार से प्रिया मेहरा एवं द्रौपदी देवी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बिरदीचंद गंगवाल, अतिरिक्त जिला कलक्टर (लालसोट) मनमोहन मीणा, नगर विकास न्यास सचिव मूलचंद लूनिया, उपखंड अधिकारी संजू मीणा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक रामराज मीणा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### टोंक में विभिन्न संगठनों ने अम्बेडकर की जयन्ती मनाई

**टोंक।** भारत रत्न, संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135 वीं जयंती के अवसर जिलेभर में विभिन्न क्षैत्रो में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। इस मौके पर जिला मुख्यालय और नगरफोर्ट में निकाली गई रैली में सांसद हरीश चंद्र मीना शामिल हुए। इसके अलावा दूनी और देवली में भगत सिंह सेना सुप्रीमो नरेश मीणा समेत अन्य अतिथि शामिल हुए। देवली में पूर्व कोटा सांसद रामनारायण मीणा भी शामिल हुए।इसी क्रम में जिला मुख्यालय पर अम्बेडकर जयंती पर महारैली का आयोजन किया गया, यह वाहन रैली बैरवा धर्मशाला से डीजे के साथ रवाना हुई, जो रैली धन्ना तलाई, बड़ा कुंआ, मुख्य बाजार होते हुए घंटाघर स्थित अम्बेडकर सर्किल पहुंची, जहां बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। सांसद हरीश चंद्र मीना भी कार्यक्रम में शामिल हुए, उन्होंने बाबा साहब अंबेडकर के पदचिन्हों पर चलने का आह्वान किया बाद में रैली अम्बेडकर स्टेडियम पहुंचकर सभा के रूप में समापन हुआ। रैली में हजारों की संख्या में महिला-पुरुष, युवा, बुजुर्ग हाथों में नीले झंडे लेकर एवं जय भीम के नारे लगाते हुए चल रहे थे।

### दो आरोपी गिरफ्तार

**टोंक।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मालपुरा पुष्पेन्द्र सिंह सोलंकी के निर्देशन मे डिग्गी थानाधिकारी गोपाल चौधरी के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये डिग्गी थाना क्षैत्र के गांव लावा के पास गौशाला से आरोपी चेतन कुमार कोली पुत्र बजरंग लाल उम्र 35 साल निवासी लावा के कब्जे से अवैध प्लास्टिक के पव्वे देशी मदिरा के जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। जिसके विरूद्ध डिग्गी थाने में आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। इसी प्रकार घाड थानाधिकिारी हरिराम वर्मा के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा कार्यवाही करते हुये घाड के डाटुन्दा पुलिया के पास से आरोपी हरि सिंह मीणा पुत्र भैरूलाल उम्र 34 साल निवासी जलसीना थाना घाड के कब्जे से अवैध देशी शराब के 48 पव्वे मौके से जप्त किया गया है। कार्यवाही के बाद आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

### बैठक आयोजित

**शाहपुरा ।** त्रिवेणी धाम में स्थित सैनी धर्मशाला में मंगलवार को जय फूले माली विकास जन सेवा समिति शाहपुरा के तत्वाधान में सैनी धर्मशाला त्रिवेणी में 19 अप्रेल 2026 आखातीज को आयोजित होने वाले पंचम आदर्श माली (सैनी) सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों को लेकर साधुराम सैनी की अध्यक्षता में कार्यकारणी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में पंचम् सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर विभिन्न तैयारियों को लेकर अंतिम रूप दिया गया।


कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी जोन-12 जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
क्रमांक: 90A/JDA/2025-26/100569 लोक सूचना दिनांक: 13.04.2026
श्री MS MEWAR SOLUTIONS JARIYE PARTNER MAHENDRA SINGH RATHORE पुत्र श्री CHHITAR SINGH RATHORE जाति RAJPUT निवासी 208 A.K. GOPALAN NAGAR LAL MANDIR WALI GALI KHATIPURA JHOTWARA JAIPUR ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात:-

| क्र. सं. | ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं. | क्षेत्रफल (हे.) | समर्पित क्षेत्रफल (हे.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिरसी, जयपुर (जयपुर) | 1.) MEWAR SOLUTIONS हिस्सा पूर्ण जाति (NA) कार्यालय ई 172 ए उत्तम टॉवर फर्स्ट फ्लोर रमेश मार्ग सी स्कीम जयपुर खातेदार | 2708/2690 | 0.2366 | 0.2366 |
| | | | कुल | | 0.2366 |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी SSO ID से लॉग इन कर JDA के 90-A मॉड्यूल अथवा जे.डी.ए. पोर्टल (https://jda.rajasthan.gov.in/) पर 'विज्ञप्ति के विरुद्ध अपनी आपत्ति दर्ज करें' Option में जाकर जारी सार्वजनिक सूचना के विरुद्ध अपनी आपत्ति ऑनलाइन दर्ज करावें, उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 13-04-2026 को जारी की गयी। प्राधिकृत अधिकारी जोन-12, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी जोन-12 जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
क्रमांक: 90A/JDA/2025-26/100568 लोक सूचना दिनांक: 13.04.2026
श्री MS THREE X DEVELOPERS JARIYE PARTNER MAHENDRA SINGH RATHORE पुत्र श्री CHHITAR SINGH RATHORE जाति RAJPUT निवासी 208 A.K. GOPALAN NAGAR LAL MANDIR WALI GALI KHATIPURA JHOTWARA JAIPUR ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात:-

| क्र. सं. | ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं. | क्षेत्रफल (हे.) | समर्पित क्षेत्रफल (हे.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिरसी, जयपुर (जयपुर) | 1.) 3X DEVELOPERS हिस्सा पूर्ण जाति (NA) कार्यालय ई 172 ए उत्तम टॉवर फर्स्ट फ्लोर रमेश मार्ग सी स्कीम जयपुर खातेदार | 2701/2690 | 0.2389 | 0.2389 |
| | | | कुल | | 0.2389 |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी SSO ID से लॉग इन कर JDA के 90-A मॉड्यूल अथवा जे.डी.ए. पोर्टल (https://jda.rajasthan.gov.in/) पर 'विज्ञप्ति के विरुद्ध अपनी आपत्ति दर्ज करें' Option में जाकर जारी सार्वजनिक सूचना के विरुद्ध अपनी आपत्ति ऑनलाइन दर्ज करावें, उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 13-04-2026 को जारी की गयी। प्राधिकृत अधिकारी जोन-12, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी मुवक्किल श्रीमती सुनीता गर्ग पत्नी स्व. श्री दीनदयाल गर्ग, जाति महाजन, निवासी 60/10, ब्लॉक संख्या 60, सांगानेर, प्रताप नगर, वार्ड नं. 23, बम्बाला, सांगानेर, जयपुर- 302033 (राज.) स्वयं के पति श्री दीनदयाल गर्ग पुत्र श्री राम दयाल गर्ग के नाम से आवासीय फ्लेट/ यूनिट/ अपार्टमेन्ट नम्बर 203 सैकिण्ड फ्लोर, टॉवर-डी, ब्लॉसम जेस्ट, प्लाट नं. GH-2, सेक्टर- 143, एक्सप्रेस वे नोएडा, गौतम बुद्ध नगर, उत्तरप्रदेश स्थित है जिसका कुल सुपर बिल्ट अप एरिया 990 वर्गफीट है जिसे मेरी मुवक्किल श्रीमती सुनीता गर्ग एवं उनके पति श्री दीनदयाल गर्ग पुत्र श्री राम दयाल गर्ग ने एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (बैंक में विलय से पूर्व नाम एच.डी.एफ.सी. लिमिटेड) में बंधक रखकर ऋण प्राप्त किया हुआ था जिसका ऋण संख्या 607137722 है, उक्त श्री दीनदयाल गर्ग पुत्र श्री राम दयाल गर्ग का स्वर्गवास 22.10.2018 को हो चुका है तथा उनकी माताजी श्रीमती राम देवी गर्ग पत्नी श्री राम दयाल गर्ग का स्वर्गवास दिनांक 12.08.2012 को हो चुका है, श्री दीनदयाल गर्ग पुत्र श्री राम दयाल गर्ग के हिन्दू उत्तराधिकारी अधिनियम के तहत प्रथम श्रेणी के उत्तराधिकारी एवं वारिसान में श्रीमती सुनीता गर्ग पत्नी स्वर्गीय श्री दीनदयाल गर्ग, श्री श्रीदास गर्ग पुत्र स्व. श्री दीनदयाल गर्ग एवं श्री पुरुषोत्तम गर्ग पुत्र स्व. श्री दीनदयाल गर्ग है, इनके अलावा स्वर्गीय श्री दीनदयाल गर्ग पुत्र श्री राम दयाल गर्ग का कोई विधिक उत्तराधिकारी अथवा वारिसान नही है, चूंकि मेरी मुवक्किल एवं उनके पति श्री दीनदयाल गर्ग पुत्र श्री राम दयाल गर्ग के द्वारा लिए गए समस्त ऋण की अदायगी एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (बैंक मे विलय से पूर्व नाम एच.डी.एफ.सी. लिमिटेड) को की जा चुकी है इसलिए मेरी मुवक्किल स्वयं के पति श्री दीनदयाल गर्ग पुत्र श्री राम दयाल गर्ग के स्वामित्व की उक्त अचल सम्पत्ति के समस्त मूल दस्तावेज एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (बैंक में विलय से पूर्व नाम एच.डी.एफ.सी. लिमिटेड) सी- 25, भगवान दास रोड़, सेन्ट जेवियर स्कूल के सामने, सी-स्कीम, जयपुर- 302001 (राज.) से प्राप्त करना चाहते हैं, इस सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति अथवा बैंक इत्यादि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति या आक्षेप हो तो मय सबूत सात दिन की अवधि में अधोहस्ताक्षरकर्ता को लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें, अवधि समाप्ति के पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा मेरी मुवक्किल के विरूद्ध शून्य व बेअसर मानी जावेगी। (श्याम सुन्दर चावला) एडवोकेट, 6/48, मालवीय नगर, जयपुर-302017, मो.9829218044

खोया पाया

राजस्थान हाउसिंग बोर्ड द्वारा डवलप द्वारका रेजीडेंसी मानसरोवर जयपुर के फ्लैट नंबर DWR/B-107 (1F) & पर्किंग नंबर B/SP-37 (Block-B MIG-B flats) के हाउसिंग बोर्ड द्वारा जारी allotment letter, list of inventery & Hand over संबंधित दस्तावेज कही खो गए है। मिलने पर सूचित करें 9314090612, राजेन्द्र सिंह यादव खेड़की वीरभान कोटपूतली

मेरा मकान 173/13 प्रताप नगर सांगानेर का मूल अदेय प्रमाण-पत्र मुझसे कहीं गुम हो गया है मिलने पर सूचित करे राम रत्न गौतम 9828022561

मदरामपुरा गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड जयपुर द्वारा जारी प्लॉट नं. 20, श्रीराम विहार-Ist, बरखेड़ा रोड, शिवदासपुरा, चाकसू का मूल पट्टा, रसीद, साइड प्लान इत्यादि कागजात कहीं खो गये। मिलने पर सूचित करें। सुमित्रा देवी / राकेश वर्मा मोबाइल- 9351042794

मेरे भूखंड सं-ए-18 सूरजपोल गेट गृह निर्माण सहकारी समिति लि. की योजना श्री बालाजी विहार-8 जाहोता जयपुर का सहकारी समिति से जारी मूल आवंटन-पत्र, साईट प्लान और सोसाइटी रसीद कही गुम हो गये है सूचित करे- रवि शर्मा मो.- 9828616661

मेरे भूखंड सं- ए-8 सूरजपोल गेट गृह निर्माण सहकारी समिति लि. की योजना श्री बालाजी विहार-8 जाहोता जयपुर का सहकारी समिति से जारी मूल आवंटन-पत्र, साईट प्लान और सोसाइटी रसीद कही गुम हो गये है सूचित करे- रवि शर्मा मो.-9828616661

मेरे फ्लैट नं- 7/GH-4/A-602 राजस्थान आवासन मण्डल जयपुर की योजना- गिरनार- अपार्टमेंट सेक्टर-7 इंदिरा गाँधी नगर जगतपुरा जयपुर का मूल कब्ज़ा पत्र और SEVEN DYAS LETTER कही गुम हो गये है सूचित करे- राजेश सिंह मो. 8112276806

नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम बृजेश सिंह चौहान से बदल कर बृजेश सिंह रख लिया है। भविष्य में मुझे बृजेश सिंह नाम से ही जाना व पहचाना जाय।

मै महेंद्र खोवाल मेरे बड़े भाई सुरेश कुमार का स्वर्गवास 24/02/2014 को हो गया था मेरे स्वर्गवासी बड़े भाई की पुत्री प्रियांशी खोवाल के स्कूल के दस्तावेजो मे पिता स्थान पर मेरा नाम महेन्द्र खोवाल अंकित हो गया है मेरे नाम की जगह मेरे बड़े भाई स्व सुरेश कुमार का नाम अंकित करवाना चाहता हूं। और भविष्य में इसे प्रियांशी खोवाल पुत्री सुरेश कुमार के नाम से जाना जावे।

I, Sisir Mondal, father of Army No JC 389590P SUB Amit Kumar Mandal, Residing at Vill.- Shyamnagar, PO- Shyamnagar, PS- Tehatta, Dist- Nadia, State- West Bengal, Pin- 741155. My name & D.O.B. is wrongly recorded in my son's service document as Sisir Kumar Mandal & 01.07.1952. As per my documents i.e. Aadhar & PAN card, my correct name is Sisir Mondal & D.O.B. 22.02.1956.Vide Affidavt No- PF0038695690, Notry Jaipur Date- 02.04.2026

I, Menaka Mondal, Mother of Army No JC 389590P SUB Amit Kumar Mandal, Residing at Vill.- Shyamnagar, PO- Shyamnagar, PS- Tehatta, Dist- Nadia,State- West Bengal, Pin- 741155. My name & D.O.B. is wrongly recorded in my son's service document as Menoka Mandal & 01.07.1957. As per my documents i.e. Aadhar & PAN card, my correct name is Menaka Mondal & D.O.B. 23.04.1965.Vide Affidavt No- PF0038695689, Notry Jaipur Date- 02.04.2026

I have changed my name from Vivek Kulkarni to Vivek Ashok Kulkarni for all purposes R/o G-17 Raghuraj enclave Krishan marg C-Scheme Jaipur

I Vivek Ashok Kulkarni R/o G-17 Raghuraj enclave Krishan marg C-Scheme Jaipur Declare that in my Son's Documents his name is wrongly entered as Ved Kulkarni His correct name is Ved Vivek Kulkarni vide affidavit 12.04.2026

कार्यालय ग्राम पंचायत बीलवा, पंचायत समिति सांगानेर, जयपुर, राज.

क्रमांक: ग्रापंचं / SBMटेन्डर 2026-27 / 30 ई-निविदा सूचना संख्या / 2026-27 दिनांक 09.04.2026

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत बीलवा परिक्षेत्र में घर-घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्ककरण, गांवो की सड़क, नाली सफाई, तथा सामुदयिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु श्रम विभाग की जीएसटी पंजिकृत निविदादाताओं/ फर्मो से ऑनलाइन निविदा दिनांक 23.04.2026 तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र कार्यालय ग्राम पंचायत बीलवा से व्यक्तिश अथवा http://sppp.rajasthan.gov.in एवं http://www.eproc.rajasthan.gov.in पोर्टल से डाउनलोड किया जा सकता है।

NIB -ZJP2627A0056 UBN No ZJP2627WSOB00106

ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत बीलवा — प्रशासक, ग्राम पंचायत बीलवा पंचायत समिति सांगानेर

## संक्षिप्त

### सैन जयंती महोत्सव मनाया

**फुलेरा।** फुलेरा के जोबनेर रोड स्थित अनुविहार कॉलोनी के मंगलवार सायं को सैन मंदिर भवन में 26वें सैन जयंती महोत्सव का आयोजन श्रद्धा, भव्यता और सामाजिक सौहार्द के वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम ने धार्मिक आस्था के साथ-साथ समाज में एकता, शिक्षा और संस्कारों का सशक्त संदेश दिया। समारोह की अध्यक्षता ताराचंद आमेरिया ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक निर्मल कुमावत उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि मदनलाल पडियार, रामेश्वरलाल एवं शक्ति सिंह ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम का शुभारंभ सैनजी महाराज के मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना से हुआ। इसके पश्चात अतिथियों का पारंपरिक रूप से माल्यार्पण एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया। सत्संग एवं सुंदरकांड पाठ से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा, जिसमें समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। महेश सैन धींगपुर ने बताया कि समारोह का कार्यक्रम के दौरान 10वीं एवं 12वीं कक्षा के मेधावी विद्यार्थियों और समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान रहा। इस पहल ने जहां युवाओं को प्रोत्साहित किया, वहीं वरिष्ठजनों के योगदान को भी सम्मान दिया गया।

### शोभायात्रा निकाली

**निवाई।** बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में अंबेडकर विचार मंच एवं एससी व एसटी के समस्त संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में बाबा साहेब की भव्य शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा को फुले सर्किल पहाड़ी चुंगी नाका से विधायक रामसहाय वर्मा व निवर्तमान पालिकाध्यक्ष दिलीप इसरानी ने झंडी दिखाकर रवाना किया। जुलूस में लोग बाबा साहेब के जयकारे लगाते हुए एवं नाचते-गाते हुए चल रहे थे। कार्यक्रम का मंच संचालन हनुमान बादाम टोंक ने किया। इस दौरान शंकरलाल हाथीवाल, रमेश मीना, भूषण सालोदिया, बाबूलाल कंवरिया, लादुलाल बैरवा पार्षद, भवानीशंकर निराला, मोहनलाल सालोदिया, मनोज वर्मा, सूर्यप्रकाश कांवरिया, अंबेडकर विचार मंच अध्यक्ष योगराज गंगवाल, महामंत्री हेमराज वर्मा, जगदीश रघुवंती, भूषण सालोदिया एवं रामगोपाल सेवलिया ने भी विचार व्यक्त किए।

### राधेश्याम जांगिड़ अध्यक्ष बने

**निवाई।** खणदेवत रोड पर स्थित जांगिड़ ब्राह्मण छात्रावास में समिति अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद जांगिड़ जेतपुरा की अध्यक्षता में श्री विश्वकर्मा जांगिड़ ब्राह्मण समाज विकास समिति की साधारण सभा का आयोजन हुआ। तहसील अध्यक्ष कन्हैयालाल सिरस, पूर्व जिलाध्यक्ष बद्री बिडोली, पूर्व तहसील अध्यक्ष लल्लूलाल सेदरिया, नारायण भुरटिया, राधेश्याम बांसड़ा, कार्यकारी अध्यक्ष कैलाश चैनपुरा, जिला प्रभारी मनोज भांवता, जिला महामन्त्री रामबिलास चैनपुरा, जिला संगठन मंत्री शंकरलाल खण्डवा, सम्मेलन अध्यक्ष महेंद्र बांसड़ा, शंकरलाल खण्डवा, हनुमान भरथल, कजोड सिरोही, सत्यनारायण नला, लल्लू सिरोही, शंभू जुवाड़, शशिकांत, श्योजी रजवास, प्रेम खण्डवा, बाबुलाल व प्रहलाद सेदरिया सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### लालसोट के विद्यार्थियों का राष्ट्रीय स्तर पर चयन

**लालसोट।** कस्बे के राजेश पायलट राजकीय महाविद्यालय के दो विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहराते हुए क्षेत्र का मान बढ़ाया है। माय भारत बजट क्वेस्ट-2026 प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र हर्ष शर्मा एवं छात्रा रीना बैरवा का चयन हुआ, जिन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ आयोजित संवाद कार्यक्रम में भाग लेकर अपने सुझाव प्रस्तुत किए। महाविद्यालय प्राचार्य सुभाष पहाड़िया ने बताया कि यह प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित की गई थी। प्रथम चरण में देशभर के युवाओं के बीच ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी आयोजित हुई, जबकि द्वितीय चरण में निबंध लेखन के माध्यम से प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया गया।

### धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन

**निवाई।** श्री चारभुजा नाथ मंदिर स्थित सत्संग भवन में ब्रह्मलीन श्री कृष्णानंद महाराज के 41वें निर्वाणोत्सव पर दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। स्वामी भक्त जगमोहन गौतम ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ कृष्णानंद महाराज की विधिवत पूजा अर्चना करके किया गया।

## आधुनिक भारत के निर्माण में डॉ. अंबेडकर का योगदान अविस्मरणीय है : टीकाराम जूली



किशनगढ़ बास में बाबा साहेब की जयंती के अवसर पर उपस्थित नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली व अतिथि एवं समाज के लोग।

- किशनगढ़ बास में बाबा साहेब की 135 वीं जयंती पर विशाल बाइक रैली व भव्य झांकी निकाली

**किशनगढ़ बास।** बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती पर किशनगढ़ बास के मुख्य मार्गों से डॉ. भीमराव अंबेडकर जन्म कल्याण समिति के तत्वाधान में करीब दो दर्जन डीजे गाड़ी, अलग-अलग गाड़ी के आगे आगे नाचते युवक, इसके साथ में विशाल बाइक रैली तथा महापुरुषों से सजी झांकी और झांकी के साथ पैदल पैदल चल रहे नौजवान व बुजुर्ग बाबा साहेब अमर रहें की जयघौष के लगाते जोशीले नारों से शहर गूंज उठा, सड़कें थम गई।

इस विशाल ऐतिहासिक रैली सुरक्षा व ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए पुलिस की गाड़ी के साथ थाना प्रभारी बनवारी लाल व पुलिस कर्मी पूरे समय यात्रा के दौरान साथ रहें। समिति के महासचिव प्रदीप सगवैया ने बताया यह रैली बाईपास अंबेडकर चौक बांसडा से प्रारंभ हुई। तोप सर्किल, अलवर रौड, जेल के सामने से काले खां बाग से होकर गंज रोड से होकर मैंन बाजार, घंटाघर के सामने से तिजारा रोड, बिजली घर चौक, मौठूका चौंक होते हुए अंबेडकर भवन पर पहुंचकर आमसभा में परिवर्तित हो गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली सहित अतिथियों ने भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर सिमरत कौर, विनोद सागवान, बीपी सुमन, जलाराम, समिति अध्यक्ष छुट्टन लाल, घीर सिंह, सुमेर चंद मेघवाल, हेतराम, एडवोकेट कमल सिंह, आदि ने सभा को सबोधित किया और बाबा साहेब के जीवन से प्रेरणा लेते हुए उनके दिए मंत्र पर चलने का आवाहन किया। प्रदीप सगवैया (पृथ्वी) महासचिव डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जन कल्याण समिति किशनगढ़ बास ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान धीर सिंह, सुमेर गुरुजी, गोरा सिंह, ताराचंद बाबूजी, जय राम चौहान, विजय सिंह, हेतराम सरपंच, महावीर, कमल सिंह, इंद्रजीत गोठवाल, रामस्वरूप एमपीएस, देवी सिंह राहुल, जगदीश, सुलेन्दर आदि समाज के लोगों ने व्यवस्था में सहयोग किया।

### अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डाला

**दौसा ।** भाजपा कुंडल मंडल के कार्यकताओं ने मंगलवार को गणेश मंदिर पर बाबा साहेब की जयंती के पावन अवसर पर भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। इस पावन क्षण में उनके संघर्ष, त्याग और महान विचारों को स्मरण करते हुए मन गर्व और भावनाओं से भर उठा। भाजपा कुण्डल मण्डल अध्यक्ष रामप्रसाद गुर्जर ने कहा कि बाबा साहेब ने हमें समानता, न्याय और मानवाधिकारों का जो अमूल्य संदेश दिया, वह आज भी हर दिल में नई उम्मीद और हिम्मत जगाता है। आइए, हम सभी उनके आदर्शों को आत्मसात कर एक समरस, न्यायपूर्ण और सशक्त भारत के निर्माण का संकल्प लें। इस दौरान इस दौरान भाजपा कुंडल मंडल अध्यक्ष रामप्रसाद गुर्जर, मंडल महामंत्री सुगन मीणा , युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष पवन कुमार शर्मा, मंत्री अनिल कुमार सैनी,बूथ अध्यक्ष विष्णु शर्मा, शंकरलाल चेची, रिंकू जांगिड़ अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 'फुलेरा फेस्टिवल' मेले का शुभारंभ

**फुलेरा।** न्यू कॉलोनी स्थित स्कूल खेल मैदान में फुलेरा फेस्टिवल मेले का शुभारंभ पूर्व विधायक निर्मल कुमावत के मुख्य आतिथ्य एवं पं. रामचरण दैवज्ञ (जय-जय महाराज) के सानिध्य में श्रीगणेश पूजन के साथ विधिवत रूप से किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रणव अग्रवाल एवं वरिष्ठ समाजसेवी शक्ति सिंह मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि निर्मल कुमावत ने कहा कि इस प्रकार के मेले बच्चों के मनोरंजन के साथ-साथ आमजन को आवश्यक वस्तुएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने का भी माध्यम होते हैं।


फुलेरा फेस्टिवल मेले का शुभारंभ पूर्व विधायक निर्मल कुमावत के मुख्य आतिथ्य एवं पं. रामचरण दैवज्ञ के सानिध्य में श्रीगणेश पूजन के साथ विधिवत रूप से किया।

मेले में लगे विभिन्न प्रकार के झूले, गेम्स एवं घरेलू उपयोग की वस्तुओं की स्टॉल लोगों के आकर्षण का केंद्र रहेंगी। मेले के आयोजक विजय सिंह राठौड़ एवं संजय माखिजा ने जानकारी देते हुए बताया कि लगभग एक पखवाड़े तक चलने वाले इस मेगा ट्रेड फेयर में झूले, बड़ी नाव, ब्रेक डांस, ट्रेन सहित कई मनोरंजन साधनों के साथ-साथ खाद्य सामग्री एवं फन गेम्स की दुकानों का विशेष आकर्षण रहेगा।

इसके अलावा रेडीमेड कपड़े, ब्रांडेड जूते, लेडीज आइटम, स्टेशनरी, चूरन-चटनी, हैंडीक्राफ्ट, इलेक्ट्रॉनिक्स, फर्नीचर और फैशन परिधान सहित विभिन्न प्रकार की स्टॉल भी सजाई जाएंगी।

मेले में आकर्षक लाइटिंग एवं सेल्फी प्वाइंट की विशेष व्यवस्था की गई है, जो लोगों को खासा आकर्षित करेगी। शुभारंभ अवसर पर भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष महावीर प्रसाद जैन, आलोक तिवारी, सुरेश मिश्रा, गजेन्द्र सिंह शेखावत, संजय पारीक, सरदार सिंह, सुरेश कुमार सैनी, विनोद अरोड़ा, मुकेश गहनोलिया, मनीष गगरानी, कमल शर्मा, हरगोपाल साहू, शैलेंद्र शर्मा, मुकेश पारीक सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सांभर में बाबा साहेब की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की

**सांभरझील।** शिव वाटिका में बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर अंबेडकर क्षेत्र में समिति की तरफ से पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये। डॉ.भीमराव अंबेडकर चेतना समिति के तत्वावधान में 135 वीं जयंती समारोह शिव वाटिका में समिति अध्यक्ष विनोद दुलारिया की अध्यक्षता में आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम बाबा साहेब की प्रतिमा के समक्ष एसडीम ऋषिराज कपिल व विशिष्ट अतिथि बौद्धाचार्य शील सागर द्वारा दीप प्रज्वलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर शुभारंभ किया गया।

विभिन्न क्षेत्रों में सफलता प्राप्त करने वाली 100 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। स्टेज कार्यक्रम के पश्चात शाम को डॉ.अंबेडकर सद्भावना रैली को ऋषिराज कपिल उपखंड अधिकारी, बौद्धाचार्य शील सागर,प्रो.डॉ.ज्ञान प्रकाश दायमा, महासचिव नाथूलाल बैरवाल, कोषाध्यक्ष नंदकिशोर सांभरिया अध्यक्ष विनोद दुलारिया द्वारा जय भीम का नीला झंडा दिखाकर रवाना किया गया। रैली में बाबा साहब की जीवंत झांकी रथ यात्रा आकर्षण का केंद्र रही। रैली का


बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर रैली निकाली।

संत रविदास चौक, नकाशा मोहल्ला, गोवर्धन नाथ जी का मंदिर, खटीकों की हथाई, छोटा बाजार , मस्जिद, पुराना किला, बस स्टैंड ,तेली दरवाजा पोस्ट ऑफिस, रैगरों का मोहल्ला में पुष्प वर्षा कर एवं जलपान की व्यवस्था कर भव्य स्वागत किया गया। रैली में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने उत्साह से भाग लियां

कार्यक्रम में मंच संचालन जितेंद्र दुलारिया ,अरविंद मेहरड़ा, बजरंग लाल दोतानियां द्वारा किया गया। कार्यक्रम में नानकराम गेहनोंलिया , बौद्धाचार्य शीलसागर, प्रताप चंद बासीवाल, कैलाश चंद सांभरिया, व्याख्याता रमेश कुमार बंसीवाल, बजरंग लाल दोतानिया, मोहनलाल गर्वा, दुर्गालाल चौहान,भोजराज तंवर, रामगोपाल देवंदा, निरंजन लाल सूत्रकार, केशरलाल वर्मा, पूर्व पार्षद बालूराम नोगिया, बिंदु बासीवाल, प्रभु दयाल उज्जैनिया, भागचंद सुखरिया, जगदीश नारोलिया, भंवर लाल दुलारिया, राजेश कचावटिया, पुरुषोत्तम चंदेल, मनीष नोगिया, कोमेश नोगिय, कुशाल सकरवाल, मिश्रीलाल बोकोलिया, जगदीश प्रसाद सांभरिया, दिनेश बंजारा, गोपाल नोगिया, कालीचरण सैनी, नानकराम गेहलोनिया, गिरधारी गेहनोंलिया, देवेंद्र देवंदा, लक्ष्मीनारायण, जगन्नाथ ढेनवाल, नीतू दायमा, शीला ढेनवाल, संगीता बंसीवाल, आशा गेहनोलिया सहित सैकड़ों लोगों ने जयंती महोत्सव में भाग लिया।

## निजी अस्पतालों की 24 घंटे की हड़ताल, स्वास्थ्य सेवाएं बाधित

**अलवर।** जिले में मंगलवार को निजी अस्पतालों की 24 घंटे की हड़ताल के कारण स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह प्रभावित रहीं और मरीजों को इलाज के लिए दर-दर भटकना पड़ा। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के आव्हान पर प्रदेशभर में निजी अस्पतालों को बंद रखा गया, जिसका असर अलवर में व्यापक रूप से देखने को मिला। सुबह 8 बजे से शुरू हुई यह हड़ताल अगले दिन यानी 15 अप्रेल सुबह 8 बजे तक जारी रहेगी, जिससे चिकित्सा सेवाओं पर विपरीत असर बना रहा।

इस हड़ताल का मुख्य कारण जयपुर के निविक अस्पताल के निदेशक डॉ. सोमदेव बंसल की गिरफ्तारी है। चिकित्सकों का आरोप है कि राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम में कथित मामूली विसंगतियों के आधार पर पुलिस की ओर से की गई यह कार्रवाई अनुचित और जल्दबाजी में उठाया गया कदम है। डॉक्टरों का कहना है कि इस प्रकार की कार्रवाई से चिकित्सा क्षेत्र में असुरक्षा का माहौल बन रहा है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

हड़ताल के दौरान अलवर के निजी अस्पतालों में ओपीडी और आईपीडी सेवाएं पूरी तरह बंद रहीं। कई अस्पतालों में इमरजेंसी सेवाएं भी सीमित या बंद रखी गईं, जिससे गंभीर मरीजों को भी परेशानी उठानी पड़ी। इलाज के अभाव में कई मरीजों को निजी अस्पतालों से लौटना पड़ा और उन्हें मजबूरन सरकारी अस्पतालों की ओर रुख करना पड़ा।

निजी अस्पतालों के बंद रहने का सीधा असर जिला अस्पताल अलवर पर देखने को मिला, जहां मरीजों की संख्या अचानक बढ़ गई। अस्पताल में लंबी कतारें लगी रहीं और डॉक्टरों व स्टाफ पर काम का दबाव काफी बढ़ गया। सीमित संसाधनों के चलते मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल पाया और कई लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ा।

चिकित्सक संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार इस मामले में उचित कार्रवाई नहीं करती है, तो आंदोलन को और तेज किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों की सुरक्षा और सम्मान के लिए यह विरोध जरूरी है और इस मुद्दे पर किसी भी तरह की अनदेखी स्वीकार नहीं की जाएगी।

हालांकि यह हड़ताल केवल 24 घंटे की थी, लेकिन इस दौरान स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह प्रभावित रहीं और आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। मरीजों ने सरकार से मांग की है कि जल्द समाधान निकालकर ऐसी स्थिति दोबारा उत्पन्न न होने दी जाए।

## 'राज्य सरकार श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए पूर्णत: प्रतिबद्ध है'

**खैरथल।** भिवाड़ी क्षेत्र में मजदूरों के विरोध को देखते हुए जिला कलेक्टर अतुल प्रकाश ने मंगलवार को जिला सचिवालय खैरथल में जिले के सभी इंडस्ट्रियल एसोसिएशन एवं उद्योगपतियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में श्रमिकों के अधिकारों एवं सुविधाओं को सुनिश्चित करने के लिए कई अहम निर्देश जारी किए गए।


कलेक्टर अतुल प्रकाश ने जिले के सभी इंडस्ट्रियल एसोसिएशन एवं उद्योगपतियों के साथ बैठक की।

- मजदूर हितों को लेकर जिला कलेक्टर ने उद्योगपतियों के साथ की बैठक। श्रमिकों के अधिकारों एवं सुविधाओं को सुनिश्चित करने के लिए दिए निर्देश

जिला कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी उद्योगपति मजदूरों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करें। साथ ही कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए मजदूरों को आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जाएं, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचाव हो सके।

इसके अतिरिक्त फैक्ट्रियों में संचालित कैंटीन व्यवस्था को सुचारु रखने, स्वच्छ एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने तथा सभी मजदूरों को उचित मेडिकल सुविधाएं देने के निर्देश भी दिए गए। श्रमिकों को नियमानुसार अवकाश उपलब्ध कराने कि बात कही।

जिला कलेक्टर ने पुलिस प्रशासन को निर्देशित किया कि यदि कोई असामाजिक तत्व मजदूरों को सोशल मीडिया अथवा किसी अन्य प्रकार से भड़काने या माहौल खराब करने का प्रयास करता है तो ऐसे असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। जिला कलेक्टर ने उप आयुक्त श्रम विभाग को निर्देश दिए गए कि औद्योगिक इकाइयों द्वारा वेतन भुगतान के बाद ठेका श्रमिकों से संपर्क कर क्रॉस वेरिफिकेशन किया जाए, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि ठेकेदारों द्वारा मजदूरों को समय पर पूरा वेतन मिल रहा है या नहीं। यदि कहीं भी अनियमितता पाई जाती है तो तत्काल संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई की जाए।

इसके साथ ही जिला कलेक्टर ने अधिकारियों, उद्योगपतियों एवं संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि श्रमिकों को प्रभावी श्रम कानूनों एवं नियमों की जानकारी सरल भाषा में दी जाए, ताकि वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो सकें। उन्होंने कहा कि मजदूरों में विश्वास कायम करना प्रशासन और उद्योगों की साझा जिम्मेदारी है, इसलिए संवाद और पारदर्शिता बनाए रखना आवश्यक है।

### ट्रक में घुसी स्लीपर बस, पति-पत्नी और बेटी की मौत

**अलवर।** राजस्थान में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर हुए बस-ट्रक की टक्कर में पति-पत्नी और उनकी 8 साल की बेटी की मौत हो गई। वहीं 2 साल की बेटी के खरोंच तक नहीं आई। बच्ची को राजगढ़ थाने ले गए और उसे खिलाने की कोशिश की। हालांकि बच्ची रोते हुए बार-बार अपनी मां को याद कर रही थी। एक्सीडेंट अलवर जिले के राजगढ़ थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह करीब 6 बजे हुआ। एसएचओ ने बताया कि हादसे में फिरोजाबाद निवासी ड्राइवर मोनू यादव (33) पुत्र संतोष यादव, उसकी पत्नी रीना यादव (32) और बेटी डोली यादव (8) की मौत हो गई।

हादसे में घायल 30 में से 12 लोग अलवर रेफर किए हैं। वहीं, 2 को जयपुर रेफर किया गया है। अन्य घायल को राजगढ़ और रैणी के हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया है। पुलिस के अनुसार बस उज्जैन से दिल्ली जा रही थी। आरोप है कि बस ड्राइवर की लापरवाही के कारण केमिकल से भरे खड़े ट्रक में घुस गई।

## सार-समाचार

### अंबेडकर जयंती पर श्रद्धा और स्वच्छता का संदेश

**पावटा प्रागपुरा।** स्वायत्त शासन विभाग राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार तथा जिला कलेक्टर अर्पणा गुप्ता एवं पावटा उपखंड अधिकारी डॉ.साधना शर्मा के आदेश पर नगरपालिका प्रशासन द्वारा मंगलवार, 14 अप्रैल 2026 को पावटा कस्बा सब्जी मंडी के पास स्थित अंबेडकर पार्क में भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और प्रबुद्धजनों ने बाबा साहेब की प्रतिमा को साफा पहनाकर माल्यार्पण किया और पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें कोटि-कोटि नमन किया। इस दौरान वक्ताओं ने भारतीय संविधान निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान, शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी विचारों तथा छुआछूत और जातिगत भेदभाव के खिलाफ उनके संघर्ष पर प्रकाश डाला। समारोह में उपस्थित लोगों ने बाबा साहेब के जीवन संघर्ष, विषम परिस्थितियों में किए गए समाज सुधार कार्यों और जन आंदोलनों को याद करते हुए उनके विचारों को आत्मसात करने का आव्हान किया। इस अवसर पर नगरपालिका द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम के तहत पालिका क्षेत्र में स्थित बाबा साहेब सहित अन्य महापुरुषों की मूर्तियों एवं स्मारकों की व्यापक साफ-सफाई भी करवाई गई और सभी स्थानों पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम के अंत में उपखंड अधिकारी डॉ .साधना शर्मा ने संविधान की उद्देशिका का वाचन कर उपस्थित सभी लोगों को शपथ दिलाई। इस मौके पर पालिका अधिशाषी अधिकारी फतेह सिंह मीणा, कनिष्ठ अभियंता अनिल जोनवाल, जनप्रतिनिधि, पालिका स्टाफ एवं बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे। इस दौरान स्वच्छ पावटा, स्वस्थ पावटा का संदेश देते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

### शादी से लौट रहे 3 दोस्तों की सड़क हादसे में मौत, एक घायल

**सिंघाना।** थाना क्षेत्र के भैसावता के पास बीती रात एक भीषण सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा रात करीब 1:30 बजे उस समय हुआ जब चार युवक शादी समारोह से लौट रहे थे। थानाधिकारी सुगन सिंह के अनुसार उदावास निवासी चार युवक फॉर्च्यूनर कार से मोई गांव में एक शादी समारोह में शामिल होकर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान भैसावता के पास मुख्य सड़क पर उनकी गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बनी दीवार से टकरा गई और उसके बाद कई मीटर दूर खेत में जा गिरी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन बुरी तरह क्षितठास्त हो गया। हादसे में उदावास निवासी संदीप कडवासरा, तनिष शेखावत और धर्मेंद्र जाट की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, बाकरा निवासी अजय कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए झुंझुनूं के बीडीके अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ठाामीणों की मदद से घायलों को बाहर निकाला गया। तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चिड़ावा अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। परिजनों की रिपोर्ट के बाद पोस्टमार्टम करवाकर शव सौंप दिए गए है। वहीं घायल अजय को झुंझुनूं से जयपुर रैफर किया गया है। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण तेज रफ्तार और वाहन का अनियंत्रित होना माना जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### कांग्रेस की विचार गोष्ठी आयोजित

**टोंक।** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर अंबेडकर द्वारा दिए गए संविधान अधिकारों पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। इस विचार गोष्ठी के के बाद शोभा यात्रा पर पुष्प वर्षा कर जिला कांग्रेस कमेटी टोंक की ओर से शोभायात्रियों का स्वागत किया गया। जिसमें सऊद सईदी ने कहा कि बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने हमें सिर्फ़ संविधान नहीं, न्याय, समानता और सम्मान पर आधारित एक सशक्त भारत का सपना दिया उन्होंने कहा कि उनके विचार आज भी हर उस आवाज़ को ताकत देते हैं जो बराबरी और सम्मान के लिए उठती है। जिला सोशल मीडिया प्रभारी जर्रार खान बताया कि हरि प्रसाद बेरवा,पूर्व विधायक कमल बेरवा सरपंच संघ प्रदेश उपाध्यक्ष हंसराज फागना एस टी प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष फौजु राम मीणा सीपी श्रीवास्तव, अलका बेरवा इरशाद बेग अल्पसंख्यक विभाग जिला अध्यक्ष बरकत हसीन खेल जिला अध्यक्ष इम्तियाज़ खान, वासिद नूर रामलाल संडीला सेवा दल अध्यक्ष अब्दुल खालिक काली पलटन मंडल अध्यक्ष नवीन बेरवा कैलाशी देवी मीणा पार्षद हरेंद्र शास्त्री मनिंदर बेरवा पर्यावरण प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष आकाश बेरवा सुरेंद्र रेगर धर्मेंद्र सालोदिया मुराद गांधी कमलेश चावला आबिद मेवाती बजरंग लाल वर्मा आदि के अलावा बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### बीडीए आयुक्त ने विकास कार्यों का निरीक्षण किया

**भरतपुर।** भरतपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त कनिष्क कटारिया ने मंगलवार को प्राधिकरण के निर्माणाधीन विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शीशम तिराहे से हीरादास तथा चामड़ मंदिर से सरसों अनुसंधान केन्द्र तक निर्माणाधीन मॉडल रोड का जायजा लिया। साथ ही आरबीएम अस्पताल से रेड क्रॉस सर्किल होते हुए चांदपोल तक प्रस्तावित छह लेन सड़क, रेड क्रॉस सर्किल से गोवर्धन गेट तक सड़क कार्य का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने जसवन्त प्रदर्शनी क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों, अनाह गेट स्थित ड्रेन, मण्डी परिसर में ड्रेन निर्माण कार्य का निरीक्षण कर वर्षा पूर्व निर्धारित समय तक गुणवत्ता से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने गंगा मंदिर परिसर में फसाड कार्य, शिखर एवं गेट निर्माण कार्यों का भी अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने एवं डिजाइन के अनुसार कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता योगेश माथुर, अधिशासी अभियंता जगदीश शर्मा, बहादुर सिंह, डी.पी. शर्मा तथा कनिष्ठ अभियंता आशीष कुमार सिंह एवं लवकुश यादव उपस्थित रहे।

### डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई

**फुलेरा।** बस स्टैंड स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर सर्किल पर मंगलवार को बाबा साहेब की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इसी क्रम में स्थानीय स्तर पर भी अनेक स्थानों पर गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के अनेक गणमान्य व्यक्तियों एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बाबा साहेब की मूर्ति पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित किया गया, इस अवसर पर पूर्व विधायक निर्मल कुमावत, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रणव अग्रवाल, भाजपा जिला प्रवक्ता रतन राजौरा सहित भारतीय जनता पार्टी के सभी पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं नगर कांग्रेस कमेटी की ओर से भी डॉ. भीमराव अंबेडकर को माल्यार्पण कर बाबा साहेब अमर रहें के जयघोष लगाए गए, इस मौके पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष अमरचंद सैनी, पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल, मोतीलाल वर्मा, निर्मल शर्मा, महामंत्री शैलेंद्र शर्मा सहित मनोज कुलहरी, अलीमुद्दीन जोया, गोपाल लखन, गणेश बिजारणियां, प्रेम सैनी, गिर्राज तंवर, ओम सिंह, सुगनचंद वर्मा, आसिफ अली, पांचूलाल बरबड सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

### आठ किलो गांजा जब्त

**टोंक।** जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार के निर्देशन में चलाये जा रहे नशे के विरूद्ध कार्यवाही के दौरान जिला स्पेशल टीम द्वारा उनियारा थाना क्षेत्र के पलई गांव में मोटरसाइकिल पर सवार दो आरोपियों को पूछताछ के बाद तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 4 लाख रूपये कीमत का 8 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया। जिसके बाद दोनों आरोपियों के विरुद्ध पुलिस थाना उनियारा पर एनडीपीएस की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया जाकर नशे के नेटवर्क की गहनता से जांच की जा रही है। इस कार्यवाही में आरोपियों के कब्जे से एक मोटरसाइकिल, दो मोबाइल फोन भी जप्त किए गए है। वही गिरफ्तार आरोपियों द्वारा लगातार काफी समय से पलई क्षेत्र में गांजे की सप्लाई की जा रही थी। जिसकी सूचना के बाद मिली जानकारी पर डीएसटी ने कार्यवाही करते हुए आरोपी कृष्ण पुत्र कपूर चंद शर्मा उम्र 33 साल निवासी काशपुरिया पुलिस थाना नैनवा एवं भैरूलाल पुत्र राधा कृष्ण उम्र 44 साल निवासी गोड़ा की झोपड़ियां पुलिस थाना उनियारा को गिरफ्तार किया गया है।



मेरी टीम की आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के हाथों सत्र की पहली हार के लिए कई कारण जिम्मेदार रहे जिनमें उनके विस्फोटक बल्लेबाजों का गेंदों की गति को समझने में नाकाम रहना भी शामिल है। – रियान पराग

राजस्थान रॉयल्स के कप्तान, अपनी टीम की हार को लेकर बोलते हुए।




आज का खिलाड़ी

## आयुष शेट्टी



**एशियन** चैंपियनशिप में भारत के खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने सिल्वर मेडल जीता है। हालांकि, वो चीनी खिलाड़ी शी यू क्यूई से गोल्ड मेडल हार गए। इस दौरान आयुष ने सिल्वर जीतने पर गर्व और उम्मीद जताई है। शेट्टी ने इसे एक शानदार टूर्नामेंट बताते हुए दुनिया का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनने के विश्वास को और मजबूत किया है। इसके साथ ही उन्होंने फाइनल में मिली निराशा को भी स्वीकार किया है। आयुष शेट्टी ने कहा है कि, मुझे लगता है कि ये मेरे लिए एक बेहतरीन टूर्नामेंट था, जिस तरह से मैंने पूरे टूर्नामेंट में खेला, उससे मैं सचमुच बहुत खुश हूं।

**क्या आप जानते हैं ?...** भारत ने 2016 में इंग्लैंड के खिलाफ 759/7 का सर्वोच्च स्कोर बनाया। राहुल द्रविड़ के नाम टेस्ट में सबसे अधिक गेंदों (31,258) का सामना करने का रिकॉर्ड है।

# चेन्नई ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 32 रनों से रौंदा, नूर अहमद ने 3 विकेट झटके




चेन्नई, 14 अप्रैल। आईपीएल 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स ने लगातार दूसरी दर्ज की है। सीएसके ने मंगलवार को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में कोलकाता नाइट राइडर्स को 32 रनों से रौंदा। यह केकेआर की मौजूदा सीजन में पांच मैचों में चौथी हार है। उसका एक मैच बारिश की भेंट चढ़ा था। आईपीएल इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ कि केकेआर ने सीजन के शुरुआती पांच मैचों से एक भी नहीं जीता।

पांच बार की चैंपियन सीएसके ने 193 रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में तीन बार की विजेता कोलकाता टीम निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट पर 160 रन ही जुटा सकी। चेन्नई के लिए स्पिनर नूर अहमद ने बेहतरीन गेंदबाजी की। उन्होंने चार ओवर के स्पेल में महज 21 रन देकर तीन अहम विकेट चटकाए और केकेआर की कमर तोड़ दी। अंशुल कंबोज ने दो जबकि खलील अहमद और अकील हुसैन ने एक-एक शिकार किया।

लक्ष्य का पीछा करते हुए केकेआर ने खराब आगाज किया। फिन एलन (1) दूसरे ओवर में विकेट गंवा बैठे। सुनील नरेन (17 गेंदों में 24) और और कप्तान अजिंक्य रहाणे (22 गेंदों में 28) बड़ी पारी नहीं खेल पाए। हालांकि, रहाणे ने अंगकृष रघुवंशी (19 गेंदों में 27) के साथ तीसरे विकटे के लिए 50 रनों की साझेदारी की। नूर ने 11वें ओवर में रहाणे और ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन (0) को लगातार गेंदों पर आउट किया। केकेआर के पांच विकेट 85 रन पर गिर गए थे।

नूर ने 13वें ओवर में रिंकू सिंह (6) का शिकार किया। रोवमैन पॉवेल और रमनदीप सिंह ने मोर्चा संभाला लेकिन केकेआर को हार से नहीं बचा पाए। दोनों ने सातवें विकेट के लिए 63 रनों की पार्टनरशिप की। पॉवेल ने 22 गेंदों में चार चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 31 रन बनाए। रमनदीप ने 23 गेंदों में 35 रन बटोरे, जिसमें चार चौके और एक छक्का है।

इससे पहले, सीएसके ने टॉस गंवाने के बाद पांच विकेट पर 192 रन जुटाए। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ (7) सस्ते में आउट हुए। उसके बाद, संजू सैमसन (32 गेंद में 48, चार चौके तीन सिक्स) और आयुष म्हात्रे (17 गेंद में 38, छह चौके, दो छक्के) ने शानदार बल्लेबाजी की। दोनों पावरप्ले में सीएसके स्कोर 72/2 तक पहुंचा दिया था। म्हात्रे छठे ओवर की आखिरी गेंद पर पवेलियन लौटे। उन्होंने सैमसन के संग दूसरे विकेट के लिए 47 रनों की पार्टनरशिप की।

पावरप्ले के बाद 14 ओवरों में चेन्नई की टीम 120 रन ही बना सकी। शुरुआत में सैमसन ने तीन चौके लगाकर अपने तेवर जाहिर किए जिनमें पहले ही ओवर में वैभव अरोड़ा को शानदार चौका शामिल है। म्हात्रे ने कैमरन ग्रीन को लगातार दो छक्के लगाए। उन्होंने कपिल देव की तरह नटराज शॉट स्क्वेयर लेग के पीछे लगाया और मिडविकेट के ऊपर से गेंद को सीमारेखा के पार पहुंचाया। सैमसन ने 12वें ओवर में कार्तिक त्यागी को स्ट्रेट में छक्का लगाया जबकि गेंदबाज ने 148.1 की रफ्तार से ऑफ कटर पर उन्हें बोल्ड कर दिया।

## एशियाई कुश्ती में भारत का गोल्डन डे, सुजीत और अभिमन्यु ने स्वर्ण पदक जीतकर रचा इतिहास

नई दिल्ली, 14 अप्रैल। किर्गिस्तान में चल रही एशियाई कुश्ती प्रतियोगिता में भारत के पहलवानों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए देश का नाम रोशन किया



है। ताजा मुकाबलों में भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किए। एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में भारत के सुजीत कलकल ने 65 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग में उज्बेकिस्तान के पहलवान को 8-1 से हराकर स्वर्ण पदक जीता है। गौरतलब है कि इस वर्ग में 2019 के बाद यह पहला मौका है जब किसी भारतीय खिलाड़ी ने स्वर्ण पदक हासिल किया है। इससे पहले बजरंग पुनिया ने यह उपलब्धि हासिल की थी। मौजूद जानकारी के अनुसार, सुजीत का यह लगातार तीसरा स्वर्ण पदक है, जो उनके शानदार फॉर्म को दर्शाता है। वहीं 70 किलोग्राम वर्ग में अभिमन्यु मांडवाल ने मंगोलिया के अनुभवी और ओलंपिक खिलाड़ी को 5-3 से हराकर बड़ा उलटफेर किया और स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। गौरतलब है कि इन जीतों के साथ भारत का कुल पदक आंकड़ा अब 14 तक पहुंच गया है, जिसमें दो स्वर्ण और चार रजत पदक शामिल हैं। इसके अलावा अन्य मुकाबलों में भी भारतीय पहलवानों का प्रदर्शन शानदार रहा है। मौजूद जानकारी के अनुसार, ओलंपिक कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत ने 61 किलोग्राम वर्ग के सेमीफाइनल में ईरान के खिलाड़ी को 11-9 से हराकर फाइनल में जगह बनाई है। अब उनका मुकाबला कोरिया के खिलाड़ी से स्वर्ण पदक के लिए होगा। वहीं 86 किलोग्राम वर्ग में मुकुल दहिया ने कजाकिस्तान के पहलवान को 12-6 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया है। अब उनका मुकाबला ईरान के मजबूत प्रतिद्वंदी से होगा।

## खुश के शानदार शतक व अनमोल की घातक गेंदबाजी से भदोरिया क्रिकेट अकादमी फाइनल में

जयपुर, 14 अप्रैल। चंबल स्पोर्ट्स द्वारा आयोजित अंडर 16 स्टेट लेवल भारती कंवर मेमोरियल वनडे क्रिकेट लीग का पहला सेमीफाइनल



मुकाबला नेशनल क्रिकेट ग्राउंड पर जय भारती अकादमी और भदोरिया क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए जय भारती अकादमी ने 30.4 ओवर में 155 रन पर ऑल आउट हो गई। जिसमें योगित सैनी ने 35 रन व तेजस जोशी ने 27 रन व कृष्णा ने 21 रन की पारी खेली। भदोरिया क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी में अनमोल शर्मा ने 4 विकेट व निहाल टांक ने 3 विकेट व आरव चोपड़ा ने 2 विकेट लिए। जवाब में भदोरिया क्रिकेट अकादमी ने मात्र 24.2 ओवर में 159/6 रन बनाकर फाइनल में जगह बना ली। जिसमें खुश सोलंकी ने नाबाद 109 रन ( एक औवर में लगातार छह छक्के) व कल्पित भादु ने 24 रन की पारी खेली। जय भारती क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी में नितिन सिंह गहलोत ने 2 विकेट लिए। भदोरिया क्रिकेट अकादमी 4 विकेट से मुकाबला जीता।

## टीम चैम्पियनशिप में सीनियर वर्ग में जोधपुर की महिला को स्वर्ण व पुरुष को रजत

जयपुर, 14 अप्रैल। प्रतियोगिता के अन्तिम दिन राज्य स्तरीय सीनियर व जूनियर (महिला व पुरुष) आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक प्रतियोगिता का समापन




समारोहपूर्वक किया गया। विजेताओं के नाम इस प्रकार है :- टेबल वॉल्ट (महिला सीनियर) - स्वर्ण दिशा जोधपुर, रजत पूजा चौधरी नागौर व काँस्य ख़ुशी टाक जोधपुर , टेबल वॉल्ट (महिला जूनियर) - स्वर्ण रवीना नागौर, रजत पूजा नागौर व काँस्य हंसिका जयपुर, टीम चैंपियनशिप (महिला सिनियर) - स्वर्ण जोधपुर, रजत नागौर व काँस्य अजमेर, टीम चैंपियनशिप (पुरुष सिनियर) - स्वर्ण उदयपुर, रजत जोधपुर व काँस्य नागौर। प्रतियोगिता संयोजक भवानीसिंह ने बताया कि कानसिंह राठौड़ पूर्व महासचिव भारतीय जिम्नास्टिक्स महासंघ के अध्यक्षता में समापन समारोह में नरेश सिंह समाजसेवी द्वारा विजेता टीमों को ट्राफी एवं जोधपुर के जिम्नास्ट्स को पुरुस्कार प्रदान किए गए। परमेश्वर प्रजापत, सचिव राज्य संघ द्वारा आगन्तुक अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया तथा इस प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर राष्ट्रिय प्रतियोगिता हेतु प्रतिभागियों के चयन किए जाने की घोषणा की।

## सूर्यकुमार यादव का भविष्य अधर में, कप्तानी छिनने के साथ टीम इंडिया से होंगे बाहर!

नई दिल्ली, 14 अप्रैल। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में टीम इंडिया ने 2026 टी20 वर्ल्ड कप का खिताब जीता था। इससे पहले मेन इन ब्लू ने सूर्या की कप्तानी में 2025 का एशिया कप जीता था। लेकिन अगले यानी 2028 के टी20 वर्ल्ड कप से पहले भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव पर तलवार लटकती हुई नजर आ रही है। सूर्या पर सिर्फ कप्तानी छिनने का नहीं, बल्कि टीम इंडिया से बाहर होने का भी खतरा मंडराने लगा है। तो आइए जानते हैं कि आखिर अचानक क्यों वर्ल्ड कप विनिंग कप्तान



पर टीम से बाहर होने का खतरा मंडराने लगा। भले ही सूर्या की कप्तानी में टीम इंडिया ने टी20 वर्ल्ड कप का खिताब जीता, लेकिन बैटिंग में खराब फॉर्म उनके लिए खतरे की घंटी बन रहा है। उन्होंने टी20 वर्ल्ड कप में 242 रन जरूर बनाए थे, लेकिन बड़े मैचों में ज्यादातर फ्लॉप ही नजर आए थे। न्यूजीलैंड के खिलाफ खिताबी मुकाबले में सूर्या गोल्डन डक पर आउट हुए थे इसी तरह टूर्नामेंट में बड़ी टीमों के खिलाफ बल्ला खामोश रहा था। रिपोर्ट में आगे बताया गया कि जून और जुलाई में भारत का इंग्लैंड और आयरलैंड का दौरा सूर्या के लिए काफई अहम होगा, इस दौरे पर सूर्या की बल्लेबाजी पर नजर रखी जाएगी। ये दौरान तय कर सकता है कि भारत के मौजूदा टी20 कप्तान को अगले 2 सालों का फेज मिलेगा या नहीं अगले 2 सालों में 2028 का टी20 वर्ल्ड कप और ओलंपिक जैसे बड़े इवेंट शामिल हैं।

## स्टोक्स ने मैक्कुलम के साथ मदभेद की खबरों को किया खारिज

लंदन, 14 अप्रैल। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ने मुख्य कोच ब्रेंडन मैक्कुलम के साथ मतभेद की खबरों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि दोनों के बीच तालमेल को लेकर जो बातें कही जा रही हैं, वह बढ़ा-चढ़ाकर पेश की गई हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे 95 प्रतिशत मामलों में एकमत रहते हैं। स्टोक्स ने माना कि ऑस्ट्रेलिया में खेले गए एशेज दौरे के दौरान उनके और मैक्कुलम के बीच कुछ मुद्दों पर मतभेद थे, लेकिन इसे उन्होंने सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा बताया। उस समय स्टोक्स जहां थोड़ा संतुलित और रक्षात्मक खेल के पक्ष में थे, वहीं मैक्कुलम आक्रामक रणनीति जारी रखना चाहते थे। इंग्लैंड को उस एशेज सीरीज में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 4-1 से हार का सामना करना पड़ा था। हालांकि दोनों ने इस मुश्किल दौर में एक-दूसरे का समर्थन किया। स्टोक्स ने इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड को दिए इंटरव्यू में कहा, यह कहना कि हम एकमत नहीं हैं, बहुत बड़ी बात बना दी गई है। नेतृत्व में हर मुद्दे पर सहमति होना संभव नहीं होता। टीम के हित में चर्चा और बहस जरूरी होती है, जिससे सही निर्णय लिया जा सके। उन्होंने कहा कि उनके और मैक्कुलम के विचार कई मामलों में अलग हो सकते हैं, लेकिन आपसी बातचीत से वे हमेशा एक निष्कर्ष पर पहुंचते हैं। स्टोक्स फिलहाल चोट से उबर रहे हैं। प्री-सीजन अभ्यास के दौरान उनके गाल की हड्डी टूट गई थी, जिसके चलते वे काउंटी क्रिकेट से दूर रहे।

## फीफा वर्ल्ड कप 2026 से पहले घाना ने कार्लोस को बनाया मुख्य कोच

अकरा (घाना), 14 अप्रैल। फीफा वर्ल्ड कप 2026 से पहले घाना ने बड़ा फैसला लेते हुए पुर्तगाल के अनुभवी मैनेजर कार्लोस क़्वीरोज़ को अपनी राष्ट्रीय फुटबॉल टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है। घाना फुटबॉल एसोसिएशन (जीएफए) ने सोमवार को इसकी आधिकारिक घोषणा की। 73 वर्षीय क़्वीरोज़ लगातार पांचवें वर्ल्ड कप में कोच के रूप में हिस्सा लेने जा रहे हैं, जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने पिछले महीने ओमान के कोच पद से इस्तीफा दे दिया था, जब टीम वर्ल्ड कप 2026 के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाई। वर्ल्ड कप शुरू होने से महज 72 दिन पहले घाना की टीम बिना कोच के रह गई थी, जब ऑस्ट्रिया और जर्मनी के खिलाफ मार्च में हुए फ्रेंडली मुकाबलों में हार के बाद ओटो अडो से रास्ते अलग कर लिए गए थे। जीएफए ने अपने बयान में कहा,कार्यकारी परिषद ने सभी प्रमुख हितधारकों के साथ मिलकर कार्लोस क़्वीरोज़ को सीनियर राष्ट्रीय टीम 'ब्लैक स्टार्स' का मुख्य कोच नियुक्त किया है। .

## पीएसएल ने जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी पर लगाया 2 साल का प्रतिबंध



लाहौर, 14 अप्रैल। पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) ने जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी पर दो साल का प्रतिबंध लगा दिया है। उनके खिलाफ यह कार्रवाई पीएसएल छोड़कर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलने के फैसले के कारण की गई है। 29 वर्षीय मुजरबानी पहले आईपीएल और पीएसएल दोनों की नीलामी में नहीं बिके थे। इसके बाद उन्हें इस्लामाबाद यूनाइटेड ने रिप्लेसमेंट खिलाड़ी के तौर पर टीम में शामिल किया था। हालांकि, बाद में उन्होंने यह कॉन्ट्रैक्ट छोड़ दिया, जब कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने उन्हें अपनी टीम में शामिल होने का ऑफर दिया। कोलकाता ने उन्हें उस समय साइन किया, जब टीम को बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान के साथ अपना करार खत्म करना पड़ा।

मुजरबानी आईपीएल 2026 में अब तक दो मैच खेल चुके हैं और अपने दूसरे मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 4 विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया। इससे पहले भी इसी तरह के मामले में दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ी कॉर्बिन बॉश पर एक साल का बैन लगाया गया था। इस सीजन में स्पेंसर जॉनसन और दासुन शनाका ने भी पीएसएल छोड़कर आईपीएल खेलने का फैसला किया है। हालांकि, अभी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन इन पर भी कार्रवाई की संभावना है। लीग ने कहा कि फ्रेंचाइजी क्रिकेट में पारदर्शिता और अनुशासन बेहद जरूरी है। किसी मौजूदा अनुबंध के रहते दूसरी लीग से जुड़ना नियमों का उल्लंघन है और इससे सिस्टम पर भरोसा कमजोर होता है। पीएसएल ने साफ किया कि दो साल का बैन इस उल्लंघन की गंभीरता को दर्शाता है।

## संजू सैमसन और अमेलिया केर बने मार्च के आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ

नई दिल्ली, 14 अप्रैल। भारतीय क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन और न्यूजीलैंड की ऑलराउंडर अमेलिया केर को मार्च महीने के लिए आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया है। दोनों खिलाड़ियों को यह सम्मान उनके शानदार प्रदर्शन के लिए दिया गया। संजू सैमसन ने आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए यह अवॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने इस दौड़ में अपने ही साथी जसप्रीत बुमराह और दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज कॉनर एस्टरहुइज़न को पीछे छोड़ा। वहीं अमेलिया केर ने ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी और दक्षिण अफ्रीका की अयाबोंगा खाका को पछाड़ते हुए महिला वर्ग का खिताब जीता।



**विश्व कप में सैमसन का जलवा** - संजू सैमसन को टी-20 विश्व कप में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी चुना गया था। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ कोलकाता में खेले गए अहम मुकाबले में नाबाद 97 रन बनाए। इसके बाद सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ मुंबई में 89 रन और फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ अहमदाबाद में भी 89 रन की पारी खेली। सैमसन की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत भारत ने न सिर्फ खिताब अपने नाम किया, बल्कि टी20 विश्व कप को बरकरार रखने वाली पहली टीम भी बनी और पहली बार अपने घर में ट्रॉफी जीती।

## राजस्थान रॉयल्स ने जयपुर चरण के लिए ऑनलाइन टिकट बिक्री शुरू की, दिल्ली कैपिटल्स मुकाबले से होगी शुरुआत

जयपुर, 14 अप्रैल। राजस्थान रॉयल्स ने आज घोषणा की कि इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के जयपुर चरण के लिए ऑनलाइन टिकट बिक्री आधिकारिक रूप से शुरू हो गई है, जिसकी शुरुआत दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले से होगी। यह टीम की अपने घरेलू मैदान, प्रतिष्ठित सवाई मानसिंह स्टेडियम में वापसी का प्रतीक है, जहां प्रशंसक एक बार फिर लाइव क्रिकेट के रोमांचक माहौल का अनुभव करेंगे। प्रशंसकों को सहज और बेहतर टिकटिंग अनुभव प्रदान करने के लिए फ्रेंचाइज़ी ने एक सुव्यवस्थित प्रक्रिया अपनाई है। वफादार समर्थकों को प्राथमिकता देने के लिए शाम 6:00 बजे से 7:00 बजे तक एक विशेष अर्ली एक्सेस विंडो रखी जाएगी, जिससे वे पहले ही अपनी सीटें सुरक्षित कर सकें। सामान्य टिकट बिक्री रात 9:00 बजे से शुरू होगी। टिकट केवल 'डिस्ट्रिक्ट बाय जोमैटो' प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हैं, जो राजस्थान रॉयल्स का आधिकारिक टिकटिंग पार्टनर है। टिकटों की बढ़ती मांग को देखते हुए प्रशंसकों को सलाह दी जाती है कि वे जल्द से जल्द बुकिंग करें, ताकि वे इस रोमांचक अनुभव से वंचित न रहें। गुवाहाटी चरण में लगातार तीन जीत दर्ज करने के बाद राजस्थान रॉयल्स शानदार फॉर्म में जयपुर लौट रही है। टीम के बेहतरीन प्रदर्शन ने प्रशंसकों के उत्साह को और बढ़ा दिया है, जो अपने पसंदीदा खिलाड़ियों को एसएमएस स्टेडियम में लाइव देखने के लिए उत्सुक हैं। इन मुकाबलों के लिए टिकट बिक्री चरणबद्ध तरीके से जारी की जाएगी, जिससे प्रशंसकों को लाइव मैच देखने के कई अवसर मिलेंगे। जैसे ही राजस्थान रॉयल्स अपने घरेलू मैदान पर वापसी कर रही है, फ्रेंचाइज़ी जयपुर के क्रिकेट प्रेमियों के जोश और ऊर्जा को फिर से जीवंत करने के लिए उत्साहित है। शानदार ऑन-फील्ड प्रदर्शन और बढ़ते प्रशंसक जुड़ाव के साथ, आगामी मुकाबले सभी के लिए एक यादगार और रोमांचक अनुभव साबित होने वाले हैं।



**राजस्थान रॉयल्स जयपुर में कुल चार घरेलू मुकाबले खेलेगी: राजस्थान रॉयल्स बनाम सनराइजर्स हैदराबाद - 25 अप्रैल 2026, राजस्थान रॉयल्स बनाम दिल्ली कैपिटल्स- 1 मई 2026, राजस्थान रॉयल्स बनाम गुजरात टाइटंस - 9 मई 2026, राजस्थान रॉयल्स बनाम लखनऊ सुपर जायंट्स - 19 मई 2026।**

### शेन वार्न के बेटे का दावा

## शेन वार्न की मौत कोविड के तीन या चार टीकों के कारण हुई : जैक्सन

नई दिल्ली, 14 अप्रैल। महान स्पिनर शेन वार्न के निधन के चार साल बाद उनके बेटे जैक्सन ने दावा किया है कि इस दिग्गज स्पिनर की मौत संभवतः कोविड के उन तीन या चार टीकों के कारण हुई थी जो उन्हें काम करने के लिए मजबूरन लेने पड़े थे।जैक्सन ने 2 वल्ड्र्स कोलाइड पॉडकास्ट पर बात करते हुए अपने पिता की स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं को भी स्वीकार किया। वार्न का 2022 में थाईलैंड में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। उस समय उनकी उम्र महज 52 साल थी।



जैक्सन ने आगे कहा कि, मुझे पक्का लगता है कि इसमें कोविड टीके का हाथ था। मुझे नहीं लगता कि अब ये कहने से किसी तरह का विवाद पैदा होगा। भले ही डैड को पहले से ही कुछ स्वास्थ्य समस्याएं थीं लेकिन मुझे लगता है कि टीका लगाने के कारण उनकी बीमारी खुलकर सामने आ गई। ये एक ऐसी बात है जिसमें मैं हमेशा सोचता रहता हूं।

उन्होंने कहा कि जैसे ही मैंने फोन रखा तो मेरी पहली प्रतिक्रिया यही थी कि मैंने तुरंत सरकार को दोषी ठहराया। मैंने तुरंत कोविड और टीके को दोषी ठहराया। जैक्सन ने कहा कि उन्होंने शोक सभा में अपने विचारों को स्पष्ट रूप से व्यक्त करने से खुद को बड़ी मुश्किल से रोका था। उन्होंने कहा कि, शायद ये समझदारी भरा कदम था कि मैंने ऐसा नहीं किया, अगर मैंने ऐसा किया होता तो मेरी स्थिति बिल्कुल अलग होती। लेकिन मुझे यही महसूस हुआ।

वार्न की जीवनशैली के बारे में जैक्सन ने कहा कि धूम्रपान और शराब पीने के बावजूद वह अपेक्षाकृत स्वस्थ थे। उन्होंने कहा कि, उस समय डैड स्वस्थ थे, खुश थे। वे काफी समय बाद इतने अच्छे दिख रहे थे। वह जरूर धूम्रपान करते थे और शराब पीते थे लेकिन 80 और 90 वर्ष की उम्र के कई लोग डैड की तुलना में कहीं ज्यादा धूम्रपान करते हैं और शराब पीते हैं।

## वैभव को आयरलैंड टी-20 दौरे के लिए मिलेगा मौका! भारत के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनेंगे



नई दिल्ली, 14 अप्रैल। जून 2026 में भारत के आयरलैंड दौरे के लिए वैभव सूर्यवंशी के चुने जाने की संभावना है। अगर वह चुने जाते हैं तो देश का प्रतिनिधित्व करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन जाएंगे। इंडियन एक्सप्रेस के अनुसार, चयनकर्ता 15 वर्षीय वैभव को इंग्लैंड के व्हाइट-बॉल दौरे से ठीक पहले होने वाली इस छोटी टी20 सीरीज में बड़ा मौका दे सकते हैं। बीसीसीआई के सूत्र ने इसकी पुष्टि की। सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि, वह आयरलैंड दौरे के लिए दावेदारों में शामिल है और चयनकर्ताओं ने कई अन्य खिलाड़ियों के साथ उनका नाम भी शॉर्टलिस्ट किया है।

बाएं हाथ के बल्लेबाज ने पिछले सीजन दुनिया के कुछ बेहतरीन गेंदबाजों की जमकर धुनाई की थी। इस साल भी वह उसी लय में खेल रहे हैं। वैभव ने इस सीजन अब तक राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए आरसीबी के खिलाफ 26 गेंदों में 78 रन, चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 17 गेंदों में 52 रन और मुंबई इंडियंस के खिलाफ 14 गेंदों में 39 रन बनाए हैं। वह बड़े नामों से बिल्कुल भी घबराते हुए नहीं दिखे। उन्होंने जसप्रीत बुमराह को पहली ही गेंद पर सिक्स जड़ा और जोश हेजलवुड जैसे गेंदबाजों को भी पूरे आत्मविश्वास के साथ सामना किया। राष्ट्रीय चयनकर्ता इस युवा खिलाड़ी को भारतीय टीम में शामिल करने के लिए ज्यादा इंतजार करने के मूड में नहीं हैं लेकिन संभावना है कि वे उसे थोड़ी कमजोर टीम के खिलाफ खेलने का मौका देंगे। अगर वैभव सूर्यवंशी का बेहतरीन रन बनाने का सिलसिला जारी रहता है तो चयन समिति उसे आयरलैंड में होने वाली आगामी सीरीज के साथ-साथ इस साल के अंत में होने वाले जिम्बाब्वे दौरे के लिए भी चुनेगी।

## विजडन पुरस्कारों में भारतीय खिलाड़ियों का जलवा, 9 में से 7 अवॉर्ड अपने नाम किये






*नई दिल्ली, 14 अप्रैल। भारतीय क्रिकेटरों ने विजडन अल्मनैक 2026 अवार्ड में अपना दबदबा बनाया है। इन पुरस्कारों में 9 में से 7 तो भारतीय खिलाड़ियों के नाम हैं। इनमें दीप्ति शर्मा को वर्ष की महिला क्रिकेटर और अभिषेक शर्मा को वर्ष का टी20 क्रिकेटर चुना गया। शुभमन गिल, मोहम्मद सिराज, ऋषभ पंत और रविंद्र जडेजा को पिछले साल इंग्लैंड में हुई टेस्ट सीरीज में बेहतरीन प्रदर्शन करने के कारण विजडन के वर्ष के पांच क्रिकेटरों में शामिल किया गया है। भारतीय क्रिकेटरों के अलावा जिन अन्य देशों के खिलाड़ियों को पुरस्कार के लिए चुना गया है उनमें ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क शामिल हैं जिन्हें दुनिया का सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर चुना गया। उनके अलावा इंग्लैंड के बल्लेबाज हसीब हमीद थे को भी चार भारतीय खिलाड़ियों के साथ वर्ष के पांच सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों में भी शामिल किया गया है। दीप्ति को ये सम्मान पिछले साल आईसीसी महिला वनडे वर्ल्ड कप में 22 विकेट लेने के लिए दिया गया। इस ऑलराउंडर के बेहतरीन प्रदर्शन से भारतीय महिला टीम ने मुंबई में खेले गए फाइनल में साउथ अफ्रीका को हराकर अपना पहला वैश्विक खिताब जीता था। दीप्ति ने 9 मैचों में 3 अर्धशतक की मदद से 215 रन भी बनाए थे। इसके अलावा अभिषेक शर्मा ने 2025 के सत्र में बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस सत्र में उन्होंने 21 मैचों में 193 के बेहतरीन स्ट्राइक रेट से 859 रन बनाए, जिसमें एक शतक और 5 अर्धशतक शामिल हैं। पिछले साल टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड के दौरे के दौरान भारतीय टेस्ट कप्तान गिल ने बेहतरीन फॉर्म दिखाते हुए 754 रन बनाए और पांच मैचों की सीरीज को 2-2 से ड्रॉ कराने में अहम भूमिका निभाई।*

## ओल्ड ट्रैफर्ड में 45 साल बाद लीड्स यूनाइटेड की ऐतिहासिक जीत, मैनचेस्टर यूनाइटेड को 2-1 से हराया

मैनचेस्टर, 14 अप्रैल। इंग्लिश प्रीमियर लीग में सोमवार रात बड़ा उलटफेर देखने को मिला, जहां लीड्स यूनाइटेड ने अपने चिर-प्रतिद्वंद्वी मैनचेस्टर यूनाइटेड को उनके घरेलू मैदान ओल्ड ट्रैफर्ड पर 2-1 से हराकर इतिहास रच दिया। 45 साल में यह पहली बार है जब लीड्स ने ओल्ड ट्रैफर्ड में जीत दर्ज की। मैच के हीरो नोआ ओकाफोर रहे, जिन्होंने दो शानदार गोल दागकर टीम को यादगार जीत दिलाई। लीड्स ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया और यूनाइटेड को दबाव में रखा। मैच की शुरुआत में ही डॉमिनिक कैल्वर्ट-लेविन को मौका मिला, लेकिन गोलकीपर सेने लैमेंस ने शानदार बचाव किया। इसके बाद ओकाफोर ने क्रॉस पर गोल कर लीड्स को बढ़त दिलाई। 29वें मिनट में ओकाफोर ने दूसरा गोल किया, जब बॉक्स के बाहर से लिया गया उनका शॉट लेनी योरो से डिफ्लेक्ट होकर गोल में चला गया। दूसरे हाफ में मैनचेस्टर यूनाइटेड को बड़ा झटका लगा, जब लिसांद्रो मार्टिनेज को 56वें मिनट में रेड कार्ड दिखाया गया। उन्होंने डॉमिनिक कैल्वर्ट-लेविन के बाल खींचे, जिसके बाद वीएआर रिव्यू में फैसला उनके खिलाफ गया।

# डॉ. अंबेडकर की शिक्षा हमारी डबल इंजन सरकार की कार्यप्रणाली की बुनियाद है- भजनलाल

## मुख्यमंत्री ने बाबा साहेब की 135वीं जयंती पर अंबेडकर आवासीय कोचिंग केन्द्र की घोषणा की

जयपुर,14अप्रेल। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार पिछड़े, वंचित एवं अंतिम पंक्तिके व्यक्ति तक विकास का उजियारा पहुंचाने एवं जीवन स्तर सुधारने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारी सरकार बाबा साहेब के सपनों को पूरा करते हुए समाज के सभी वर्गों को सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक रूप से सशक्त एवं सक्षम बनाने का कार्य कर रही है। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि, बाबा साहेब के सिद्धांतों और आदर्शों को आत्मसात करते हुए राष्ट्र विकास में योगदान दें।

मुख्यमंत्री शर्मा ने मंगलवार को जयपुर में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब की शिक्षा और दृष्टिकोण हमारी डबल इंजन सरकार की कार्यप्रणाली की बुनियाद है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में स्वच्छ भारत मिशन, उज्ज्वला योजना, पीएम आवास योजना एवं



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित किया।*

**■ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री की जनकल्याणकारी योजनाओं का सबसे ज्यादा लाभ हमारे पिछड़े और वंचित वर्ग को मिल रहा है।**

आयुष्मान भारत जैसी जनकल्ध्याणकारी योजनाओं का सबसे ज्ध्यादा लाभ हमारे पिछड़े और वंचित वर्गों को मिल रहा है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार वंचित एवं पिछड़े वर्ग के कल्याण के लिए बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के विजन को साकार कर रही है।

इससे पहले, मुख्यमंत्री ने भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन यात्रा पर आधारित दुर्लभ चित्रों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। साथ ही, विशेष योग्यजनों को सहायक उपकरणों का भी वितरण किया।

मुख्यमंत्री ने पेंशन एवं पालनहार योजना के लाभार्थियों को डीबीटी के माध्यम से 1 हजार 363 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की।

उन्होंने 10 छात्रावास भवनों का लोकार्पण, 17 भवनों का शिलान्यास करने के साथ ही, जामडोली स्थित स्वयंसिद्धा परिसर में लाइब्रेरी का वर्चुअल उद्घाटन किया। साथ ही, एआई आधारित 'हैल्प डेस्क समाधान साथी' का शुभारंभ भी किया।

उन्होंने विशेष योग्यजनों को सहायक उपकरण एवं कन्यादान योजना के लाभार्थियों को राशि का वितरण किया। समारोह में मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने नगरीय क्षेत्रों में 200 अंबेडकर ई-लाइब्रेरी स्थ्थापित करने एवं अंबेडकर पीठ, मूंडला, जयपुर में अंबेडकर आवासीय कोचिंग केन्द्र की स्थापना की घोषणा भी की।

# तृणमूल ने बंगाल में रोजगार व उद्योगों को खत्म कर दिया है

## कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने माल्दा में चुनावी सभा में जमकर तृणमूल की आलोचना की

मालदा, 14 अप्रैल। कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल के मालदा में चुनावी जनसभा में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर जमकर हमला बोला। उन्होंने तृणमुल पर प्रदेश में गुंडाराज चलाने का आरोप लगाया।

मालदा के चांचल स्थित कलम बागान में आयोजित जनसभा में राहुल ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस के शासन में राज्य में उद्योग और व्यापार खत्म हो गया है। उन्होंने पांच लाख नौकरियों के वादे को झूठा बताते हुए दावा किया कि हजारों युवा रोजगार के इंतजार में है। उन्होंने कहा कि तृणमूल सिर्फ अपने संगठन के हित में काम कर रही है और राज्य में कानून-व्यवस्था बिगड़ चुकी है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा हिंसा फैलाती है, जबकि यहां तृणमूल कांग्रेस हिंसा फैलाने का काम करती है।

राहुल गांधी ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा के लोग नफरत फैलाने में लगे हैं। वहीं, हम कहते हैं कि देश में एकता होनी चाहिए, भाईचारा होना चाहिए, नफरत मिटनी चाहिए। उन्होंने अपनी भारत जोड़ो यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि उनका मुकाबला नफरत की राजनीति से है।

**■ राहुल ने भाजपा पर भी हमला बोला और कहा कि भाजपा के लोग सिर्फ नफरत फैलाते हैं।**

कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा का मुकाबला टीएमसी नहीं कर सकती है। सिर्फ कांग्रेस पार्टी ही भाजपा के खिलाफ खड़ी हो सकती है और उसे हरा सकती है। उन्होंने कहा कि यहां एसआईआर के नाम पर वोट चोरी की जा रही है, लेकिन टीएमसी इसे नहीं रोक सकती। सिर्फ कांग्रेस ही इसे रोक सकती है।

उन्होंने वादा किया कि अगर कांग्रेस सत्ता में आती है तो कई जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की जाएंगी। इनमें सभी के लिए दस लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा, कैंसर मरीजों का मुफ्त इलाज, किसानों को 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली और सालाना 15 हजार रुपये की सहायता शामिल है। महिलाओं को हर महीने 2000 रुपये देने और शिक्षा को मुफ्त करने का भी आश्वासन दिया गया।

## नीतीश के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बिहार के मतदाताओं की मानसिकता में गहराई से जड़ें जमा चुकी है।

तीसरा, कद और प्रतिष्ठा के मामले में सम्राट चौधरी नीतीश कुमार की तुलना में कहीं नहीं ठहरते।

चौथा, भाजपा को डर है कि वह कुमार के ईबीसी और महिला मतदाताओं में राजनीतिक समर्थन आधार को गँवा सकती है।

यह भी देखना होगा कि क्या नीतीश के बेटे निशांत कुमार जेडीयू के निर्विवाद नेता बन पाते हैं।

इसलिए, भाजपा द्वारा फिलहाल अपने मुख्य हिन्दुत्व एजेंडे पर जल्दी कदम उठाने की बजाय, "वेट एंड वॉच" नीति अपनाने की संभावना है।

# छत्तीसगढ़ में बॉयलर ब्लास्ट में 12 मरे

सक्ती, 14 अप्रैल। छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में वेदांता पावर प्लांट में मंगलवार को दोपहर बाद बॉयलर में हुए जोरदार ब्लास्ट में अब तक 12 मजदूरों की मौत हो गई है, जबकि कई की हालत गंभीर बनी हुई है।

पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि 3 मजदूरों की मौत मौके पर ही हो गई थी, जबकि 9 मजदूरों ने अस्पताल में दम तोड़ा। इस हादसे में 18 घायलों को रायगढ़ के जिंदल फोर्टिस अस्पताल भेजा गया था, जहां 8 मजदूरों ने दम तोड़ दिया। बाकी 12 घायलों की हालत गंभीर है। सभी मजदूर 80 प्रतिशत झुलसे बताए जा रहे हैं। यह घटना सक्ती जिले के डभरा थाना क्षेत्र की है।

बताया गया कि सिंघीतराई स्थित

**■ सिंघीतराई स्थित वेदांता पावर प्लांट के बॉयलर में दोपहर दो बजे अचानक ब्लास्ट हुआ।**

वेदांता पावर प्लांट में रोजाना की तरह सामान्य काम चल रहा था। इस दौरान दोपहर बाद करीब 2 बजे अचानक बॉयलर में ब्लास्ट हो गया, जिससे 30 से 40 मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए। इससे प्लांट में अफरा-तफरी और चीख पुकार मच गयी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, दमकल और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। तुरंत ही घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने घटना पर दु:ख जताया है। उन्होंने कहा कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है, "पीड़ितों के लिए उचित मुआवजे और घायलों के उपचार की व्यवस्था की जाए।" श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने इस हादसे के तत्काल जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि हादसे के लिए जिम्मेदार दोषियों पर श्रम कानून के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। मंत्री ने घायलों के समुचित इलाज और मृतकों के परिजनों को शासन के प्रावधानों के अनुसार मुआवजा देने के निर्देश भी दिए। उन्होंने पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है।

## एसआई ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जमानत प्रार्थना पत्र में अधिवक्ता तुषार भटनागर ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता को मामले में फंसाया गया है। वहीं प्रकरण में सह आरोपी मनोहर सिंह पर भी समान आरोप हैं और उसे गत 23 मार्च को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल चुकी है।

इसके अलावा, समान आरोपों वाले कुछ अन्य आरोपी भी सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर जमानत पर बाहर हैं। ऐसे में उसे जमानत पर रिहा किया जाए। इसका विरोध करते हुए सरकारी वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता पर गंभीर आरोप हैं। ऐसे में उसे जमानत का लाभ नहीं दिया जाए।

दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने याचिकाकर्ता को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं। याचिकाकर्ता पर आरोप है कि वह अपने स्थान पर डमी को परीक्षा दिलवाकर चयनित हुआ।

# प.बंगाल में भाजपा व तृणमूल कार्यकर्ताओं में मारपीट

## चुनाव प्रचार के दौरान हुई इन झड़पों में कई कार्यकर्ताओं के घायल होने की खबर है

कोलकाता, 14 अप्रैल। बंगाल में काफी तेजी के साथ चुनाव प्रचार चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लेकर अमित शाह, राहुल गांधी और ममता बनर्जी ताबड़तोड़ रैलियां और जनसभाएं संबोधित कर रहे हैं। इसी बीच मंगलवार को बंगाल में अलग-अलग जगहों पर टीएमसी और भाजपा कार्यकर्ताओं में झड़प की घटनाएं सामने आईं, जिनमें कई लोगों को चोट आई है। इस दौरान केन्द्रीय सुरक्षा बलों और स्थानीय पुलिस ने हस्तक्षेप करते हुए स्थिति को नियंत्रित किया और मारपीट कर रहे लोगों को अलग किया है। भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के नेताओं ने एक दूसरे पर

**■ बंगाल में चुनाव प्रचार चरम पर है प्र.मंत्री नरेन्द्र मोदी व अमित शाह व ममता बनर्जी व राहुल ताबड़तोड़ सभाएं कर रहे हैं।**

मारपीट करने का आरोप लगाया है।

जानकारी के मुताबिक, पूर्वी कोलकाता के ढ ापा इलाके में टीएमसी और भाजपा के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। यह घटना तब घटी, जब एंटाली से भाजपा प्रत्याशी प्रियंका तिबरेवाल कोलकाता नगर निगम के वार्ड 58 में चुनाव प्रचार कर रही थीं। लाउडस्पीकर पर गाने बजाने को लेकर शुरू हुआ विवाद जल्द ही हाथापाई में तब्दील हो गया। एक पुलिसअधिकारी ने बताया कि पुलिसकर्मियों ने स्थिति नियंत्रित करते हुए तिबरेवाल और अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं को इलाके से बाहर निकाला।

भाजपा प्रत्याशी तिबरेवाल ने इस घटना के बाद तंगरा और प्रगति मैदान थानों के प्रभारी अधिकारियों को निलंबित करने की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया, हमारे एक कार्यकर्ता को बुरी तरह पीटा गया और उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। हिंसा में कुछ महिला पुलिसकर्मी भी घायल हुईं।

तृणमूल समर्थक भाजपा कार्यकर्ताओं को डराने-धमकाने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि 29 अप्रैल को स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान न हो सके।

वहीं, आरोपों का खंडन करते हुए तृणमूल प्रत्याशी संदीपन साहा ने भाजपा पर तनाव बढ़ ाने और मतदाताओं का ध्रुवीकरण करने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया, भाजपा अशांति पैदा करने और विभाजन को बढ़ ावा देने की कोशिश कर रही है, लेकिन जनता ने ऐसे हथकंडों को खारिज कर दिया है।

## सम्राट चौधरी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

11 बजे शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें सम्राट चौधरी मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। उनके साथ नई कैबिनेट के अन्य मंत्री भी शपथ ग्रहण करेंगे। सम्राट चौधरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जानकारी साझा करते हुए कहा, "राजग (एनडीए) नेतृत्व के साथ राज्यपाल से भेंट कर सरकार गठन का दावा पेश किया गया है। जनता के विश्वास के साथ बिहार विकास, सुशासन और समृद्धि के नए अध्याय की ओर बढ़ेगा।" राजनीतिक घटनाक्रम के बाद बिहार में सत्ता परिवर्तन का रास्ता साफ हो गया है और अब नई एनडीए सरकार के गठन की औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं।

## अमेरिका-ईरान "फेल्ड" वार्ता ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वैंस ने भी कहा कि ईरान ने इस्लामाबाद में युद्ध खत्म करने के लिए शांति वार्ता के दौरान अमेरिका की दिशा में कदम बढ़ाया, और अब आगे की बातचीत के लिए तेहरान को कदम उठाना है। वैंस ने कहा, "मैं सिर्फ यह नहीं कहूंगा कि चीजें गलत हुईं। मुझे लगता है कि चीजें सही भी हुईं। हमने काफी प्रगति की।" अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने कहा, "वे हमारी दिशा में बढ़े, यही कारण है कि मुझे लगता है कि हमें कुछ अच्छे संकेत मिले, लेकिन उन्होंने पर्याप्त कदम नहीं बढ़ाए," जेडी वैंस ने विशेष दूत स्टीव विटकोफ और जैरेड कुश्नर के साथ ईरानी प्रतिनिधिमंडल के साथ वार्ता की।

वैंस के नेतृत्व वाले अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल और संसद के स्पीकर मोहम्मद बाघेर गलीबाफ के नेतृत्व वाले ईरानी प्रतिनिधिमंडल ने वार्ता की कि कैसे युद्धिवराम को आगे बढ़ाया जाए, जो गहरी असहमति और ईरान समर्थित हिज़बुल्लाह के खिलाफ इज़रायल के लगातार हमलों से पहले ही खतरे में था।

वार्ता में कई मुद्दों पर चर्चा हुई, जिनमें होर्मुज़ स्ट्रेट शामिल है, जो वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिए प्रमुख मार्ग है और जिसे ईरान ने प्रभावी रूप से अवरुद्ध किया है, लेकिन अमेरिका ने इसे फिर से खोलने की कसम खाई है। इसके अलावा, ईरान के परमाणु कार्यक्रम और अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों पर भी चर्चा हुई। एक पाकिस्तानी स्रोत ने कहा, "वार्ता के मध्य में यह उम्मीद थी कि दोनों पक्षों में समझौता हो जाएगा। लेकिन, बहुत जल्दी स्थिति बदल गई।"

## ट्रंप ने मोदी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पीएम मोदी के बीच बातचीत हुई है। दोनों देशों के नेताओं ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को लेकर भी चर्चा की, जो कि मिडिल ईस्ट युद्ध के केंद्र में बना हुआ है।

## राज्य सरकार ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पाठक ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता ने करौली जिला परिषद की ओर से आयोजित तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती, 2012 में आवेदन किया था। परीक्षा के विवादित प्रश्नों को लेकर हाईकोर्ट ने संशोधित परीक्षा परिणाम जारी करने के आदेश दिए थे। जिला परिषद की ओर से जारी संशोधित परिणाम में याचिकाकर्ता के अधिक अंक आ गए, लेकिन उसे नियुक्ति नहीं दी गई। याचिका में कहा गया कि मामले को लेकर हाईकोर्ट की खंडपीठ ने राज्य सरकार को आदेश जारी कर मेरिट में आने वालों को नियुक्ति देने को कहा। इस आदेश के खिलाफ राज्य सरकार की ओर से पेश एसएलपी भी सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी। इस पर याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा कि भर्ती में पूर्व में नियुक्त कुछ अभ्यर्थियों के अंक याचिकाकर्ता से कम हैं। ऐसे में खंडपीठ और सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत उसे भी नियुक्ति दी जाए।

# यूरोपीय देशों ने लेबनान में युद्ध रोकने की अपील की

ब्रुसेल्स/कैनबरा, 14 अप्रैल। लेबनान में जारी संघर्ष को लेकर यूरोप के कई देशों और ऑस्ट्रेलिया ने संयुक्त रूप से युद्धिवराम की अपील की है। यह बयान ऐसे समय में आया है, जब इजराइल और लेबनान के बीच संभावित वार्ता की तैयारी चल रही है।

जारी बयान में देशों ने सभी पक्षों से संयम बरतने और तनाव को कम करने के लिए ठोस कदम उठाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मौजूदा स्थिति बेहद संवेदनशील है और इसे शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाने का यह एक महत्वपूर्ण अवसर है, जिसे गंवाया नहीं जाना चाहिए। यूरोपीय देशों ने इस बात पर जोर दिया कि मौजूदा संघर्ष

**■ चर्चा है कि इज़रायल एवं लेबनान में संघर्ष विराम को लेकर वार्ता शुरु हो सकती है**

से हालात और बिगड़ सकते हैं, जिससे आम नागरिकों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। इसलिए उन्होंने सीधे संवाद को ही सबसे प्रभावी रास्ता बताते हुए दोनों देशों से वार्ता में सकारात्मक भागीदारी की अपील की। बयान में हिज्बुल्लाह और इज़रायल दोनों पक्षों के हमलों की निंदा की गई। साथ ही, संयुक्त राष्ट्र के शांति सैनिकों पर हुए हमलों को भी अस्वीकार्य करार दिया गया।

## आरजी कर पीड़िता ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

किया या यह पहल उन्होंने की, तो उन्होंने कहा कि उन्होंने ही भाजपा से संपर्क किया था।

उन्होंने कहा, "हम चुनाव लड़ना चाहते थे। हमने भाजपा को एक पत्र लिखा। उन्होंने जोर देकर कहा कि उन्हें 200 प्रतिशत यकीन है कि वह यह चुनाव जीतेंगी।

उन्होंने कहा कि विजय, केवल उनकी नहीं होगी। यह पूरे पनिहाटी विधानसभा क्षेत्र और बंगाल के सभी लोगों की होगी, उन्होंने रेखांकित किया कि उनका संघर्ष अगली पीढ़ी की सुरक्षा के लिए है। उन्होंने कहा, "हमारी बेटी नहीं रही, लेकिन अन्य युवा महिलाओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी अब हमारे कंधों पर है।"

प्रचार अभियान में भाग ले रही एक महिला ने कहा, "संपूर्ण बंगाल ने रत्ना के न्याय की लड़ाई में उनका साथ दिया। अगर वे यहां से जीतती हैं, तो यह जीत उनकी बेटी के लिए होगी।"

जन-मानस तृणमूल के बहुल खिलाफ है। रैली में एक महिला ने कहा, "मुख्यमंत्री युवतियों को रात 8 बजे के बाद बाहर न निकलने की सलाह देती हैं। हम कहते हैं कि मुख्यमंत्री को भी रात 8 बजे के बाद अपनी कुर्सी से हट जाना चाहिए।" वर्तमान विधायक निर्मल घोष, जो सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस से हैं, वर्ष 1996 से अधिकांश वर्षों के लिए इस सीट पर काबिज रहे हैं। उन्होंने पहली बार कांग्रेस टिकट पर जीत हासिल की थी और उसके बाद, 2001, 2011, 2016 और 2021 में तृणमूल कांग्रेस से जीत हासिल की।

एक अपवाद 2006 में रहा, जब निर्मल घोष को कम्यूनिस्ट पार्टी के उम्मीदवार ने हराया।

लेकिन, घोष स्वयं इस चुनाव में नहीं लड़ रहे हैं, इसके बजाय, तृणमूल कांग्रेस ने उनके पुत्र, तीर्थंकर घोष को मैदान में उतारा है।

## अमेरिका, ईरान के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अस्वीकार कर दिया। यह घटनाक्रम डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन की पहले की मांगों में बड़ा बदलाव दर्शाता है, जिसमें तेहरान से घरेलू संवर्धन को स्थायी रूप से समाप्त करने की मांग थी, उन्हें चिंता थी कि ईरान इससे परमाणु हथियार क्षमता हासिल कर लेगा। राजनीतिक वैज्ञानिक "इयान ब्रेमर" के अनुसार, असहमति के बीच, अमेरिका और ईरान लगभग परमाणु कार्यक्रम में साढे बारह साल के विराम पर समझौता कर सकते हैं। अमेरिका और ईरान के बीच सप्ताहांत में हुई यह बैठक पिछले दशक में पहली प्रत्यक्ष मुलाकात थी और 1979 की ईरानी इस्लामिक क्रांति के बाद सबसे वरिष्ठ स्तर की वार्ता थी। हालांकि, तेहरान की परमाणु गतिविधियों पर गतिरोध ने इस्लामाबाद वार्ता को समाप्त कर दिया, लेकिन अधिकारियों ने कहा कि संवाद अभी भी जीवित है, और शांति समझौते का रास्ता निकल सकता है, भले ही अमेरिकी सेना ने सोमवार से ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी शुरु कर दी हो, जिससे लगभग एक सप्ताह पुराना युद्धविराम खतरे में है।

## महिला आरक्षण पर प्रधानमंत्री ने नारी शक्ति को पत्र लिखा

नई दिल्ली, 14 अप्रैल। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को महिला आरक्षण को लेकर संसद में प्रस्तावित संवैधानिक संशोधन से पहले देश की नारी शक्ति को संबोधित करते हुए एक विस्तृत पत्र लिखा है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पत्र साझा करते हुए कहा कि देशभर की माताएं, बहनें और बेटियां वर्ष 2029 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव से

**■ उन्होंने विश्वास जताया कि पूरा सदन मिलकर इस ऐतिहासिक बिल को पारित करेगा।**

महिला आरक्षण सुनिश्चित करने के निर्णय की सराहना कर रही हैं।

प्रधानमंत्री ने 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि संविधान के समानता और समावेश के मूल्यों पर चलते हुए, 16 अप्रैल से संसद में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पर चर्चा शुरू होगी। उन्होंने आने वाले संसद सत्र में इस संशोधन के पारित होने के लिए देशवासियों, विशेषकर महिलाओं से आशीर्वाद और समर्थन मांगा। प्रधानमंत्री ने विश्वास जताया कि पूरा सदन मिलकर इस ऐतिहासिक कदम को पारित करेगा, जिससे विधायी संस्थाओं में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित होगी।

# जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग संविधान के मूल्यों को व्यवहार में उतारें- पायलट

## कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती पर आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम में भाग लिया

जयपुर, 14 अप्रैल (हि.स.)। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कहा कि भीमराव अंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान आज भी पूरी तरह प्रासंगिक है और इसकी मूल भावना की रक्षा करना हम सभी का सामूहिक दायित्व है।

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित बाबा साहेब की जयंती पर पुष्पांजलि कार्यक्रम में शामिल होने के बाद, मीडिया से बातचीत करते हुए पायलट ने कहा कि वर्तमान समय में कई स्तरों पर संविधान की मूल भावना और प्रावधानों की अनदेखी हो रही है, जो लोकतंत्र के लिए चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि जिम्मेदार पदों पर बैठे लोगों को केवल औपचारिक सम्मान तक सीमित न रहकर, संविधान के मूल्यों को व्यवहार में उतारना चाहिए।

पायलट ने कहा कि कांग्रेस पार्टी महिलाओं को अधिकार देने के लिए प्रतिबद्ध रही है। उन्होंने बताया कि मनमोहन सिंह सरकार के दौरान सोनिया गांधी के नेतृत्व में महिला आरक्षण विधेयक तैयार किया गया था, लेकिन उस समय यह पारित नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सरकार इस दिशा में कदम उठा रही है, तो परिसीमन



*कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में बाबा साहेब की जयंती पर आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम में शामिल हुए।*

और जनगणना जैसे मुद्दों पर पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाई जानी चाहिए।

स्थानीय निकाय और पंचायती राज चुनावों में हो रही देरी पर पायलट ने राज्य सरकार को घेरते हुए कहा कि उच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित 15 अप्रैल की समयसीमा के बावजूद चुनाव टाले जा रहे हैं, जो जनता के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार हार के डर और जनता के आक्रोश के कारण चुनाव टाल रही है।

**■ पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कहा कि परिसीमन और जनगणना जैसे मुद्दों पर पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाई जानी चाहिए।**

पायलट ने प्रदेश, विशेषकर राजधानी में बिगड़ती कानून-व्यवस्था पर चिंता जताते हुए कहा कि केवल भाषणों से स्थिति नहीं सुधरेगी। अधिकारियों को बिना राजनीतिक हस्तक्षेप के स्वतंत्र रूप से काम करने की छूट दी जानी चाहिए। ?

उन्होंने अपने हालिया दौरे का जिक्र करते हुए कहा कि केरल और असम में भारी मतदान बदलाव का संकेत है। पायलट ने विश्वास जताया कि इन राज्यों में कांग्रेस गठबंधन की सरकार बनेगी।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा। आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंभाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908